✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 231 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शनिवार, 17 जनवरी 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

पश्चिम चम्पारण जिले के कुमारबाग औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

मुख्यमंत्री ने बेतिया से की अपनी 'समृद्धि यात्रा' की शुरुआत, 182 करोड़ की योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

सरकारी डॉक्टरों की प्राइवेट प्रैक्टिस होगी बंद : नीतीश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बेतिया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज यानी 16 जनवरी से बेतिया से अपनी 'समृद्धि यात्रा' की शुरुआत की। यात्रा के दौरान उन्होंने बेतिया जिले के लिए 182 करोड़ रुपए की 161 विकास योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। साथ ही जिले में विकासात्मक योजनाओं का निरीक्षण किया। इसके बाद जनसभा को संबोधित किया। सीएम नीतीश ने इस दौरान बड़ी घोषणा की। जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए जिला एवं प्रखंड के अस्पतालों को विशिष्ट चिकित्सा केंद्र बनाया जाएगा। राज्य में प्रतिष्ठित निजी अस्पतालों की स्थापना के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि सरकारी चिकित्सकों की निजी प्रैक्टिस पर रोक लगाने की नीति लाई जाएगी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य में महिलाओं के विकास और उनकी आय बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत बड़ी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि महिलाओं को शुरुआती तौर पर 10 हजार रुपये दिए गए हैं, जिससे वे अपना छोटा व्यवसाय या स्वरोजगार शुरू कर सकें। अब इस योजना के अगले चरण में महिलाओं को दो लाख रुपये रुपये दिए जाने की तैयारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना खासकर उन महिलाओं के लिए बनाई गई है जो अपने परिवार और समाज में आर्थिक रूप से सशक्त बनना चाहती हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि दो लाख रुपये केवल उन्हीं महिलाओं को दिए जाएंगे जिन्होंने पहले प्राप्त 10 हजार रुपये का सही तरीके से उपयोग किया है और अपने रोजगार को बढ़ाने में सफल रही हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि अब समय आ गया है जब बिहार को पीछे नहीं बल्कि आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि सरकार ने बीते वर्षों में कई अहम क्षेत्रों में काम किया है लेकिन अब अगले पांच सालों में विकास की गति और तेज किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि इस बार केंद्र सरकार का भी पूरा सहयोग मिल रहा है जिससे बड़े स्तर पर योजनाओं को जमीन पर उतारा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि हम सब लोगों ने तय किया है कि

इस बार इतना काम होगा कि बिहार विकसित राज्यों की सूची में शामिल हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सरकार 2025 से 2030 तक एक स्पष्ट एजेंडे के तहत काम करेगी। इस एजेंडे में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कृषि, उद्योग, सड़क, बिजली, पानी और सामाजिक न्याय जैसे अहम क्षेत्र शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार का फोकस केवल योजनाएं घोषित करने पर नहीं बल्कि उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर रहेगा ताकि आम जनता को इसका सीधा लाभ मिल सके। नीतीश कुमार ने राजनीतिक स्थिरता और एकजुटता पर भी जोर दिया। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा कि इधर-उधर कोई चला जाता है तो बेमतलब का काम करने लगता है लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब सभी लोग साथ हैं और मिलकर काम करेंगे। उन्होंने जनता से अपील की कि वे ऐसे लोगों की बातों में न आएं जो केवल भ्रम फैलाने का काम करते हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आगे कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल राजनीतिक लाभ नहीं बल्कि राज्य के हर वर्ग का विकास है। उन्होंने कहा कि महिलाओं, युवाओं, किसानों और वंचित वर्गों के लिए विशेष योजनाएं लाई जाएंगी। रोजगार सृजन को प्राथमिकता दी जाएगी ताकि युवाओं को अपने ही राज्य में काम के अवसर मिल सकें और पलायन पर रोक लगे। नीतीश कुमार ने कहा कि सरकार की पहचान उसके काम से होती है न कि सिर्फ घोषणाओं से। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में बिहार में विकास की रफ्तार और तेज होगी। सड़क, पुल, शिक्षा संस्थान, अस्पताल, सिंचाई व्यवस्था और औद्योगिक निवेश जैसे क्षेत्रों में बड़े फैसले लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बिहार में कानून-व्यवस्था, सामाजिक सद्भाव और विकास-तीनों को साथ लेकर चलना सरकार की प्राथमिकता है। अपने संबोधन के अंत में मुख्यमंत्री ने जनता से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सरकार तभी सफल हो सकती है जब जनता का भरोसा और समर्थन साथ हो। उन्होंने कहा कि समृद्धि यात्रा का उद्देश्य केवल योजनाओं की जानकारी देना नहीं बल्कि जनता से संवाद स्थापित करना और उनके सुझावों को सुनना भी है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि जनता के सहयोग से बिहार निश्चित रूप से विकास की नई कहानी लिखेगा और आने वाले वर्षों में देश के विकसित राज्यों की कतार में खड़ा नजर आएगा।

संक्षिप्त समाचार

वरिष्ठ आइपीएस ने ली स्वैच्छिक सेवानिवृति

पटना(नबिटा ब्यूरो)। बिहार कैडर के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी प्रवीण वशिष्ठ ने स्वैच्छिक सेवानिवृति ले ली है। बिहार कैडर के 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी जो केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर थे, उनके स्वैच्छिक सेवानिवृति के आवेदन को स्वीकार कर लिया. राज्य सरकार ने नियमों में छूट देते हुए उन्हें सेवानिवृत कर दिया है।

सड़क हादसे में प्रधान लिपिक की मौत

गोपालगंज (नबिटा ब्यूरो)। नगर थाना क्षेत्र के बंजारी मोड़ के समीप उत्पाद विभाग में पदस्थापित प्रधान लिपिक की सड़क हादसे में मौत हो गई। यह हादसा उस वक्त हुआ, जब वे रोज़ की तरह नमाज़ पढ़ने के लिए जा रहे थे। घटना की जानकारी मिलते ही उत्पाद अधीक्षक अमृतेश कुमार झा ने इलाज की पूरी व्यवस्था कराई लेकिन दुर्भाग्यवश पटना ले जाने के क्रम में रास्ते में ही प्रधान लिपिक ने दम तोड़ दिया।

'ऑपरेशन सिंदूर' में शहीद जवान को मिला सेना मेडल

बक्सर(नबिटा ब्यूरो)। देश की सीमा की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले बक्सर जिले के चौसा नगर पंचायत अंतर्गत नरबतपुर गांव के वीर सपूत शहीद हवलदार सुनील कुमार सिंह को भारतीय सेना ने मरणोपरांत 'सेना मेडल (वीरता)' से सम्मानित किया है। यह सम्मान न केवल एक वीर सैनिक की असाधारण बहादुरी का प्रतीक है बल्कि उस बलिदान की गूंज भी है, जिसने तिरंगे की शान को और ऊंचा किया है।

एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर यात्री की मौत

सासाराम (नबिटा ब्यूरो)। रोहतास जिले के शिवसागर रेलवे स्टेशन के पास पुरुषोत्तम एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर एक रेल यात्री की मौत हो गई। मृतक की पहचान झारखंड के गुमला जिले के सिसई थाना अंतर्गत सोगरा गांव निवासी बंदी खड़िया के रूप में हुई है, जो सावन खड़िया का पुत्र था। बताया जा रहा है कि मृतक मजदूरी करता था।

बिहार में डी फार्मा वाले ही बनेंगे फार्मासिस्ट

पटना(नबिटा ब्यूरो)। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार से जुड़े मामले में अपने आदेश में कहा कि डी फार्मा वाले ही फार्मासिस्ट के पद पर बहाल हो सकते हैं। कोर्ट ने पटना हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देनेवाली सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया। फार्मासिस्ट की बहाली के लिए बनाई गई नियमावली को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। कोर्ट ने सभी अर्जी को नामंजूर करते हुए कहा कि फार्मासिस्ट के पद पर बहाल होने के लिए न्यूनतम अर्हता डी फार्मा निर्धारित है। बी फार्मा और एम फार्मा वाले अभ्यर्थी फर्मासिस्ट के बजाए अन्य उच्च पद पर बहाल होने के लिए स्वतंत्र हैं, लेकिन फार्मासिस्ट के पद पर सिर्फ डी फार्मा वाले ही बहाल होंगे।

भाजपा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर चुनाव के लिए जारी की अधिसूचना

नितिन नबीन का अध्यक्ष बनना तय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी को 20 जनवरी को नया अध्यक्ष मिल सकता है। पार्टी ने शुक्रवार को अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। नोटिफिकेशन के अनुसार 16 जनवरी को निर्वाचक मंडल मतदाताओं की सूची प्रकाशित की जाएगी। 19 जनवरी को अध्यक्ष पद हेतु नामांकन दाखिल किए जाएंगे और यदि आवश्यक हुआ तो मंगलवार 20 जनवरी को अध्यक्ष पद के लिए चुनाव कराए जाएंगे। हालांकि संभावना इसी बात की ज्यादा है कि वर्तमान कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन इकलौते उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इस तरह 19 जनवरी को ही वे पार्टी के अगले अध्यक्ष बन जाएंगे। हालांकि इसकी औपचारिक घोषणा 20 जनवरी को की जा सकती है। नितिन नवीन के प्रस्तावक के तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और वर्तमान पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा हो सकते हैं। नितिन नबीन को पार्टी का अध्यक्ष बनाकर भारतीय जनता पार्टी

एक नए युग की राजनीति की शुरुआत करना चाहती है। पहले उसने 75 वर्ष से ऊपर आयु के नेताओं को मार्गदर्शक मंडल में डालकर भारतीय राजनीति में एक नई परंपरा की शुरुआत की थी जिसमें यह तय हो गया था कि नेता भी एक उम्र के बाद राजनीति से 'रिटायर' होंगे और वे देश की राजनीतिक कमान युवाओं के हाथों में सौंपेंगे। बेहद सामान्य कार्यकर्ता और विधायक को पार्टी का अध्यक्ष बनाकर भाजपा अपनी युवा कार्यकर्ताओं को यह संदेश देना चाहती है कि वह भी पार्टी के सर्वोच्च पद पर पहुंच सकते हैं। भारतीय जनता पार्टी के इस कदम से देश की दूसरे राजनीतिक दलों पर भी एक नैतिक दबाव बनेगा। कई राजनीतिक दलों में पारिवारिक परंपरा से अध्यक्ष बनते आ रहे हैं। कई राजनीतिक दलों के अध्यक्षों की उम्र 70 से 80 वर्ष तक हो चुकी है लेकिन भाजपा 45 वर्ष के नितिन नबीन को पार्टी का अध्यक्ष बनाकर यही संकेत देना चाहती है कि युवाओं के देश भारत की कमान भी युवाओं के हाथों में ही होनी चाहिए।

चीनी घोटाले में एक साथ छह भ्रष्ट अधिकारियों को सश्रम कारावास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मुजफ्फरपुर। निगरानी कोर्ट ने छह भ्रष्ट अधिकारियों को सजा सुनाई है। निगरानी कोर्ट ने गन्ना उद्योग विभाग के तत्कालीन प्रशासन प्रमुख समेत छह लोगों को करप्शन केस में सजा सुनाई है। निगरानी ब्यूरो की तरफ से बताया गया है कि सजा पाने वालों में बिहार राज्य सुगर कॉपरेशन लिमिटेड, पटना के तत्कालीन प्रशासन प्रमुख नंद कुमार सिंह, प्रबंध निदेशक के विशेष सहायक उमेश प्रसाद सिंह, बिहार राज्य सुगर कॉपरेशन लिमिटेड लौरिया इकाई के तत्कालीन सुगर कोषांग लिपिक लालबाबू प्रसाद एवं सुशील कुमार श्रीवास्तव, तत्कालीन लेखा पदाधिकारी अजय कुमार श्रीवास्तव एवं तत्कालीन चीनी बिक्री प्रभारी धीरेन्द्र झा शामिल हैं। इन सभी को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 13(2) सह पठित धारा 13(1)(डी) एवं भादवि की धारा 467, 468, 471, एवं 120(बी) के तहत निगरानी थाना कांड संख्या-07/2000 (विशेष वाद सं-94/2002) में दोषी ठहराया गया है। यह मामला मुजफ्फरपुर स्थित निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के तत्कालीन पुलिस उपाधीक्षक सदन कुमार श्रीवास्तव के लिखित प्रतिवेदन के आधार पर बिहार राज्य सूगर कॉपरेशन लिमिटेड, पटना के अतंर्गत लौरिया, पश्चिम चम्पारण स्थित चीनी मिल में माह सितम्बर 1990 में 997 बोरे चीनी का अपने पद का भ्रष्ट दुरूपयोग, धोखेबाजी एवं जालसाजी कर गबन करने के आरोप में दर्ज कराया गया था। इस मामले में तत्कालीन अनुसंधानकर्ता निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के पुलिस उपाधीक्षक कुमार एकले द्वारा सटीक एवं समय पर आरोप पत्र दायर किया गया था।

हफ्ते में दो दिन लोगों की जमीन से जुड़ी समस्या सुनेंगे राजस्व अधिकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने राजस्व प्रशासन को और अधिक लोक उपयोगी, प्रभावशाली एवं जनहित के प्रति संवेदनशील बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव सी. के. अनिल द्वारा जारी निर्देश के अनुसार राज्य के सभी राजस्व पदाधिकारी सप्ताह के दो कार्य दिवस सोमवार और शुक्रवार को अनिवार्य रूप से कार्यालय में उपस्थित रहकर आमजनों की शिकायतें सुनेंगे। यह व्यवस्था 19 जनवरी, 2026 से प्रभावी होगी। यह निर्णय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में लिए गए सात निश्चय-3 (2025-2030) के अंतर्गत स्तंभ-7 सबका सम्मान-जीवन आसान के निर्णय को लागू करने के लिए लिया गया है। इस स्तंभ के तहत आधुनिक तकनीक एवं नवाचार के माध्यम से प्रशासनिक व्यवस्था को जनोन्मुखी, पारदर्शी और नागरिक हितैषी बनाने पर विशेष बल दिया गया है। निर्देश में स्पष्ट किया गया है कि सभी राजस्व कार्यालयों में आमजनों के साथ सम्मानपूर्ण एवं शालीन व्यवहार सुनिश्चित किया जाए। साथ ही कार्यालय परिसरों में पेयजल, शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता अनिवार्य होगी। इसके लिए मुख्यालय स्तर से अलग से आवंटन भेजे जाने की भी व्यवस्था की जा रही है।

पीएम आज पश्चिम बंगाल को देंगे चार हजार करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली/कोलकाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 और 18 जनवरी, 2026 को पश्चिम बंगाल के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे राज्य को रेल, सड़क और जल परिवहन से जुड़ी चार हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। प्रधानमंत्री का यह दौरा पश्चिम बंगाल के साथ-साथ पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत की कनेक्टिविटी को नई गति देने वाला माना जा रहा है। 17 जनवरी को प्रधानमंत्री मालदा पहुंचेंगे। दोपहर करीब 12:45 बजे वे मालदा टाउन रेलवे स्टेशन से भारत की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। यह अत्याधुनिक, पूरी तरह वातानुकूलित ट्रेन हावड़ा से गुवाहाटी (कामाख्या) के बीच चलेगी। यह ट्रेन लंबी दूरी की यात्रा को तेज, सुरक्षित और आरामदायक

बनाएगी तथा लगभग 2.5 घंटे की यात्रा समय में कमी लाएगी। इससे धार्मिक पर्यटन और पूर्वोत्तर राज्यों की कनेक्टिविटी को बड़ा बढ़ावा मिलेगा। इसके बाद प्रधानमंत्री लगभग 1:45 बजे आयोजित जनसभा में 3,250 करोड़ रुपये से अधिक की रेल और सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इनमें बालुरघाट-हिली नई रेल लाइन, न्यू जलपाईगुड़ी में आधुनिक फ्रेट मेंटेनेंस सुविधाएं, सिलीगुड़ी लोको शेड का उन्नयन और जलपाईगुड़ी जिले में वंदे भारत ट्रेनों के रखरखाव केंद्रों का आधुनिकीकरण शामिल है। इसके साथ ही न्यू कूचबिहार-बामनहाट और न्यू कूचबिहार-बॉक्सीरहाट रेलखंड के विद्युतीकरण को राष्ट्र को समर्पित किया जाएगा। प्रधानमंत्री चार नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को भी वर्चुअली हरी झंडी दिखाएंगे, जिससे पश्चिम बंगाल की देश के विभिन्न राज्यों से सस्ती और भरोसेमंद रेल कनेक्टिविटी मजबूत होगी। 18 जनवरी को प्रधानमंत्री हुगली जिले के सिंगूर में लगभग 830 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। वे बालागढ़ में विस्तारित पोर्ट गेट सिस्टम की आधारशिला रखेंगे, जिसमें अंतर्देशीय जल परिवहन टर्मिनल और रोड ओवरब्रिज शामिल है। यह परियोजना कोलकाता के ट्रैफिक दबाव को कम करेगी और क्षेत्रीय उद्योगों व किसानों को बेहतर बाजार पहुंच प्रदान करेगी। इसके साथ ही प्रधानमंत्री हुगली नदी में चलने वाली अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक कैटामरैन सेवा का शुभारंभ करेंगे तथा जयरामबाटी-बारोगोपीनाथपुर-मयनापुर नई रेल लाइन का उद्घाटन करेंगे। यह पर्यावरण के अनुकूल नौका शहरी नदी परिवहन, इको-टूरिज्म और अंतिम छोर तक यात्री कनेक्टिविटी को बढ़ावा देगी। तीन नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की शुरुआत की जाएगी।इन सभी परियोजनाओं से पश्चिम बंगाल को आधुनिक बुनियादी ढांचे, रोजगार सृजन और आर्थिक विकास की नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

सुपर ड्रोन के जरिए अपराधियों पर नकेल कसेगी बिहार पुलिस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। अब राज्य की पुलिस आधुनिक तकनीक वाले उच्च क्षमता के ड्रोन से लैस होगी। सभी पुलिस जिलों में एक-एक ड्रोन दिए जाएंगे और एसटीएफ को खासतौर से हाई क्वालिटी के 10 ड्रोन मुहैया कराए जाएंगे। इस तरह करीब 50 ड्रोन की खरीद इस वर्ष मार्च तक कर ली जाएगी। ड्रोन खरीदने के इस प्रस्ताव पर 14 जनवरी को केंद्रीय गृह मंत्रालय में हुई हाई पॉवर कमेटी की बैठक में मंजूरी मिल गई है। इन पर करीब 25 करोड़ रुपये की लागत आने की संभावना है। यह जानकारी एडीजी (आधुनिकीकरण) सुधांशु कुमार ने शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय सरदार पटेल भवन स्थित सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। एडीजी ने कहा कि जिलों को दिए जाने वाले ड्रोन की क्षमता 45 मिनट तक हवा में उड़ने की होगी। ये ड्रोन भीड़ नियंत्रण में मददगार साबित होने के साथ ही पुलिसिंग के अन्य आयामों के प्रबंधन में भी बेहद कारगर

साबित होंगे। इनमें एएनपीआर (ऑटो नंबर प्लेट रोकोनाइजेशन सिस्टम) की सुविधा भी मौजूद होगी, जिसकी मदद से सड़क पर किसी वाहन के नंबर प्लेट की पहचान आसानी से करके कार्रवाई की जा सकेगी। वहीं, एसटीएफ को दिया जाने वाला ड्रोन हाई क्वालिटी का होगा और इनकी मदद से दियारा समेत अन्य दुर्गम इलाकों में सशक्त तरीके से चौकसी हो सकेगी। इन ड्रोन की खरीद केंद्र सरकार की योजना एएसयूएमपी (एसिस्टेंस टू स्टेट्स एंड यूटीज फॉर मॉडर्नाइजेशन ऑफ पुलिस) के अंतर्गत की जाएगी। इस मद में जारी राशि में राज्य सरकार भी अपना राज्यांश देगी। एडीजी सुधांशु कुमार ने कहा कि सभी थानों की सीसीटीवी से सर्विलांस करने की योजना है। थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने और डैश बोर्ड स्थापित करने के लिए एएसयूएमपी योजना के तहत 112 करोड़ 46 लाख रुपये आवंटित की गई है। इसके अलावा सुरक्षात्मक और स्मार्ट पुलिसिंग से जुड़े कई उपकरणों की खरीद के साथ ही थाना भवन, कर्मियों के आवास समेत अन्य आधारभूत संरचनाओं को विकसित करने के लिए अलग-अलग मद में कुल 384 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। अलग-अलग जिलों में 11 थाना भवन, पटना के लोदीपुर में एसटीएफ का मुख्यालय भवन, बैरक समेत अन्य बनाए जाएंगे। वहीं अनुमंडल स्तरीय कार्यालय समेत अन्य आधारभूत संरचनाओं का विकास किया जा रहा है। राज्य में सात अलग-अलग स्थानों पर एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) की शुरुआत इस वर्ष मार्च से होने की संभावना है। वर्तमान में चार एफएसएल पटना, मुजफ्फरपुर, भागलपुर और पूर्णिया में कार्यरत हैं। इसके अलावा 34 चलंत एफएसएल मोबाइल लैब भी हैं। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) समेत अन्य नए कानूनों के सफल क्रियान्वयन में फॉरेंसिक रिपोर्ट की अहमियत काफी बढ़ गई है। इसे ध्यान में रखते हुए एफएसएल की संख्या का विस्तार किया जा रहा है। एडीजी ने बताया कि राज्य में आईजी की देख-रेख में साइबर यूनिट की शुरुआत हो चुकी है। एडीजी ने कहा कि पटना में सभी सचिवालय भवनों के साथ ही जिला स्तरीय कार्यालयों और सभी प्रमुख भवनों एवं स्थानों की निरंतर मॉनीटरिंग सीसीटीवी से करने की योजना है। इसके लिए इन स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा के साथ डैशबोर्ड लगाने की योजना है। ताकि सभी स्थानों की समुचित मॉनीटरिंग की जा सके। वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस पर 23 करोड़ 58 लाख रुपये खर्च आने की संभावना है।

सूबे के 20 लाख से अधिक किसानों का हुआ पंजीकरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। राजस्व एवं भूमि सुधार और कृषि विभाग की ओर से चलाए जा रहे किसान रजिस्ट्री (एग्री स्टैक) महाअभियान में अब तक लगभग 13 लाख किसानों की किसान रजिस्ट्री (फॉर्मर रजिस्ट्री) पूरी कर ली गई है। वहीं पीएम किसान से जुड़े 20 लाख से अधिक किसानों का पंजीकरण दर्ज किया जा चुका है। उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि एग्री स्टैक महाअभियान के अंतर्गत किसान रजिस्ट्री की यह प्रगति मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार सरकार की डिजिटल कृषि व्यवस्था की दिशा में एक मजबूत कदम है। यूनिक किसान आईडी के माध्यम से किसानों को पीएम किसान सहित सभी सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से मिलेगा। हमारा लक्ष्य है कि अभियान की तय अवधि में प्रत्येक पात्र किसान को इस डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ा जाए। अपना राज्य इस क्षेत्र में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करे। अभियान में कई जिलों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए राज्य औसत से बेहतर प्रगति दर्ज की है। मुजफ्फरपुर में 1,17,138, वैशाली में 96,776, भागलपुर में 86,440, पूर्णिया में 83,825, कटिहार में 83,540, अररिया में 77,722, सीतामढ़ी में 75,649, गयाजी में 75, 599, पूर्वी चंपारण में 74,366, दरभंगा में 70, 752 और सहरसा में 65,666 किसानों का निबंधन हो चुका है। मधुबनी, समस्तीपुर, सारण, नालंदा, भोजपुर, पश्चिमी चंपारण एवं खगड़िया जैसे जिलों में प्रगति अपेक्षाकृत धीमी रही है। इन जिलों में फील्ड-स्तरीय निगरानी बढ़ाने, ई-केवाईसी सेकिसान रजिस्ट्री में कन्वर्जन सुधारने, सीएससी एवं हल्का कर्मचारियों के बेहतर समन्वय के निर्देश दिए गए हैं।

C M Y K

'जल सुरक्षित तो राष्ट्र सुरक्षित' वाटरशेड महोत्सव से जल संरक्षण का संदेश

जल संरक्षण जीवन और विकास का मूल आधार : राम कृपाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। कृषि मंत्री राम कृपाल यादव द्वारा बामेती, पटना से राज्य स्तरीय जलछाजन विकास घटक-प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के तहत बिहार वाटरशेड महोत्सव 2026 का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नर्मदेश्वर लाल, प्रधान सचिव, कृषि विभाग, बिहार ने किया। कार्यक्रम के दौरान मंत्री द्वारा पौधारोपन किया गया। योजनाओं के लाभुक महिलाओं के द्वारा जल कलश यात्रा निकाला गया। वाटरशेड योजना के अंतर्गत 42 विकासात्मक कार्यों का शिलान्यास एवं 61 कार्यों का लोकार्पण किया गया। साथ ही योजना की उपलब्धियों और प्रेरणादायी अनुभवों को समाहित करती 'सफलता की कहानियां' पुस्तक का विमोचन किया गया तथा वाटरशेड से जुड़े कार्यों, नवाचारों और प्रभावों को दर्शाने वाले सूचनात्मक वीडियो का प्रदर्शन भी किया गया। कृषि विभाग की भूमि संरक्षण से संबंधित विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित प्रगतिशील किसानों ने इस कार्यक्रम के दौरान मंच से अपने अनुभव साझा किए तथा योजनाओं के सकारात्मक प्रभावों और उनसे हुए लाभों की जानकारी उपस्थित जनसमूह के साथ साझा की। कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने राज्यस्तरीय वाटरशेड महोत्सव-2026 को संबोधित करते हुए जल संरक्षण को जीवन और विकास का मूल आधार बताया। अपने संबोधन की शुरुआत उन्होंने रहीमदास जी के प्रसिद्ध दोहे 'रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून.....' से करते हुए कहा कि पानी ही जीवन है। इसके बिना मानव, प्रकृति और सभ्यता का अस्तित्व संभव नहीं है। मंत्री ने कहा कि भारत नदियों का देश है और बिहार नदियों का राज्य। हमारी सांस्कृतिक परंपरा में नदी, तालाब, कुआं, पेड़ और धरती को पूजनीय माना गया है। पंचतत्व-पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि और आकाश पर आधारित यह दर्शन बताता है कि प्रकृति की रक्षा ही हमारी सांस्कृतिक विरासत है। जल संचयन, जल संरक्षण और भूमि संरक्षण सदियों से हमारी जीवनशैली का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में कृषि विभाग के भूमि संरक्षण निदेशालय द्वारा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना वाटरशेड डेवलपमेंट कंपोनेंट 2.0 के तहत दक्षिण बिहार के 17 जिलों एवं उत्तर बिहार के बेगूसराय को मिलाकार कुल 18 वर्षा-आश्रित जिलों में 35 परियोजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस पंचवर्षीय योजना के लिए भारत सरकार द्वारा 440 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। इसके अंतर्गत 496 हेक्टेयर में पौधारोपण, 282 पक्के चेक डैम, 62 खेत तालाब, 361 जल संचयन तालाब, 756 आहर-पइन का जीर्णोद्धार तथा 344 कुओं का निर्माण/जीर्णोद्धार किया गया है। नये वित्तीय वर्ष में पीएमकेएसवाई 3.0 की शुरूआत होगी। मंत्री ने कहा कि बिहार में लगभग 9 लाख हेक्टेयर भूमि भू-क्षरण से प्रभावित है। इसे रोकने के लिए जल-जीवन-हरियाली मिशन के माध्यम से तालाबों, आहर-पइन की उड़ाही, सौंदर्यीकरण, पौधारोपण और जलस्रोतों को अतिक्रमण मुक्त किया गया है। गंगा जल को पाइपलाइन से नालंदा, राजगीर, गया और नवादा तक पहुंचाना जल प्रबंधन का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने बताया कि भारत में विश्व का लगभग 4 प्रतिशत शुद्ध जल उपलब्ध है जिसमें से 80 प्रतिशत जल का उपयोग कृषि में होता है। इसलिए कृषि के लिए जल का वैज्ञानिक प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है। प्रधानमंत्री के 'फोर-आर' रिड्यूस, रीयूज, रिचार्ज और रिसाइकल और 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' अभियान से जल संरक्षण को नई दिशा मिली है। मंत्री ने युवाओं और जीविका दीदियों से आह्वान किया कि वे जनभागीदारी के माध्यम से जल संचयन और संरक्षण को जनांदोलन बनाएं। उन्होंने कहा 'जल सुरक्षित तो राष्ट्र सुरक्षित।' प्रधान सचिव, कृषि विभाग नर्मदेश्वर लाल ने अपने संबोधन में कहा कि मानव जीवन में भूमि की भूमिका जन्म से लेकर मृत्यु तक अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने मृदा की ऊपरी परत को हमारी अमूल्य पूंजी बताते हुए इसके संरक्षण की आवश्यकता पर विशेष बल दिया।

विधान सभा अध्यक्ष ने किया बिहार विधान सभा सचिवालय की डायरी और कैलेंडर का विमोचन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार विधान सभा सचिवालय की ओर से वर्ष 2026 के लिए प्रकाशित बिहार विधान सभा डायरी, मेज कैलेंडर और दीवार कैलेंडर का विमोचन 16 जनवरी 2026 को किया गया। विमोचन कार्यक्रम विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार के कार्यालय कक्ष में आयोजित हुआ। इस अवसर पर विधान सभा से जुड़े प्रकाशनों को औपचारिक रूप से जारी किया गया। विमोचन के दौरान डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि यह पहला अवसर है जब बिहार विधान सभा सचिवालय द्वारा विधान सभा सदस्यों के उपयोग के लिए मेज कैलेंडर का प्रकाशन किया गया है। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही विधान सभा डायरी को भी नए स्वरूप में प्रकाशित किया गया है। साथ ही वर्ष 2026 के लिए दीवार कैलेंडर का भी प्रकाशन किया गया है। ताकि विधान सभा से संबंधित आवश्यक जानकारियां सदस्यों और संबंधित कर्मियों को एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि इस बार प्रकाशित विधान सभा डायरी में कई अहम बदलाव किए गए हैं। इन बदलावों का उद्देश्य यह है कि विधान सभा के सदस्यों को अपने दायित्वों के निर्वहन में सुविधा मिले और आवश्यक सूचनाएं अधिक व्यवस्थित रूप में उपलब्ध हों। नई डायरी में विधान सभा की कार्यप्रणाली, नियमों और उपयोगी जानकारियों को सरल ढंग से प्रस्तुत किया गया है। इस अवसर पर बिहार विधान सभा की प्रभारी सचिव ख्याति सिंह और संयुक्त निदेशक संजय कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।

सादगी, समानता और सौहार्द का प्रतीक मकर संक्रांति पर्व : नितिन नवीन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन द्वारा अपने आवास पर पारंपरिक दही-चूड़ा भोज का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, कई मंत्रीगण एवं सांसद समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, सामाजिक प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम में उल्लास, परंपरा और आपसी सौहार्द का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ने उपस्थित सभी लोगों को मकर संक्रांति की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति केवल एक पर्व नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। दही-चूड़ा भोज बिहार और पूर्वांचल की एक विशिष्ट परंपरा है जो सादगी, समानता और आपसी भाईचारे का संदेश देती है। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि ऐसे पारंपरिक आयोजनों से समाज में आपसी जुड़ाव मजबूत होता है और नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का अवसर मिलता है। भाजपा सदैव भारतीय संस्कृति, परंपरा और त्योहारों के संरक्षण व संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध रही है। मकर संक्रांति का यह पर्व हमें परिश्रम, सकारात्मकता और नए संकल्प के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि सूर्य के उत्तरायण होने का यह पर्व जीवन में नई ऊर्जा और नई दिशा का संकेत देता है। उन्होंने कामना की कि यह पर्व सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और सफलता लेकर आए। साथ ही उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करें। दही-चूड़ा भोज के दौरान सभी अतिथियों ने पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लिया और एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में लोक-संस्कृति की झलक भी देखने को मिली जिससे माहौल और अधिक उत्सवमय हो गया।

बिहार के उद्यमियों को मिला राष्ट्रीय सार्वजनिक खरीद से जुड़ने का मंच

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। भारत सरकार के गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस (जेम) द्वारा आयोजित जेम एक्सिलेंस इवेंट दशरथ मांझी श्रम कौशल विकास केंद्र, पटना में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस एकदिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य बिहार के सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों, महिला उद्यमियों, एससी/एसटी उद्यमियों, स्टार्टअप्स, कारीगरों और बुनकरों को राष्ट्रीय सार्वजनिक खरीद प्रणाली से जोड़ने के साथ-साथ, उन्हें जेम के माध्यम से नए अवसरों तक पहुंच दिलाकर उनके कारोबार को बढ़ाने और विस्तार देने में सहायता करना रहा। कार्यक्रम में बिहार सरकार के विभिन्न विभागों के अधिकारी, सरकारी खरीदार, विक्रेता, उद्यमी एवं जेम के वरिष्ठ अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में जेम के निदेशक अमरदीप गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। उद्घाटन सत्र के दौरान बिहार में जेम के माध्यम से सार्वजनिक खरीद की प्रगति, राज्य के प्रमुख विभागों की सहभागिता तथा विक्रेताओं के बढ़ते नेटवर्क पर संक्षिप्त जानकारी साझा की गई। इस अवसर पर अजिताभ कुमार, अतिरिक्त महानिदेशक (प्रावधान), बिहार तथा रचना पाटिल, सचिव, वित्त विभाग (व्यय), बिहार सरकार, सुधीर कुमार पोरिका, डीआईजी, फायर सर्विस, सुनील कुमार, निदेशक, युवा रोजगार एवं कौशल विकास भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मिहिर कुमार, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जेम ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित किया। कार्यक्रम में बिहार के विक्रेताओं के लिए 'जेम सेलर संवाद' भी आयोजित किया गया। इसमें अजीत बी. चव्हाण, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जेम ने विक्रेताओं से बात की और उनकी समस्याएं, सुझाव और अनुभव सुने।

महिलाएं बड़ी संख्या में स्टार्टअप क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहीं : विजय प्रकाश

राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस पर एआइसी बिहार विद्यापीठ में उद्यमोत्सव-2026 का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर शुक्रवार को एआईसी बिहार विद्यापीठ द्वारा आयोजित 'उद्यमोत्सव-2026' एआईसी बिहार विद्यापीठ, सदाकत आश्रम स्थित ऑफलाइन सम्मेलन कक्ष में संपन्न हुआ। इस वर्ष कार्यक्रम का मुख्य विषय 'विकसित भारत के लिए नवाचारः स्टार्टअप के प्रभाव के 10 वर्ष' रखा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विजय प्रकाश, भारतीय प्रशासनिक सेवा से सेवानिवृत्त, अध्यक्ष सह मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी, एआईसी-बीवी फाउंडेशन, उषा झा, अध्यक्ष, बिहार महिला उद्योग संघ तथा अन्य अतिथियों द्वारा किया गया। अतिथियों का स्वागत प्रमोद कुमार कर्ण, मुख्य परिचालन पदाधिकारी, एआईसी-बीवी फाउंडेशन ने किया। मुख्य संबोधन में विजय प्रकाश ने भारत की स्टार्टअप यात्रा के पिछले दस वर्षों का विस्तृत अवलोकन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि शुरुआती दौर में जहां महिलाओं की भागीदारी सीमित थी, वहीं अब महिलाएं बड़ी संख्या में स्टार्टअप क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने स्टार्टअप को एक विज्ञान बताते हुए कहा कि जिस विचार को कम समय में विस्तार दिया जा सके, वही स्टार्टअप है। भगवान बुद्ध के ज्ञान प्राप्ति प्रसंग का उल्लेख करते हुए उन्होंने समस्या समाधान, टीम निर्माण और सामाजिक प्रभाव को स्टार्टअप से जोड़ा और कहा कि कोई भी प्रयास असफल नहीं होता, या तो वह सफल होता है या सीख देता है। एआईसी-बीवी फाउंडेशन के निदेशक राणा अवधेश सिंह, भारतीय प्रशासनिक सेवा से सेवानिवृत्त ने अपने संबोधन में योजना, संगठन, स्टाफिंग, निर्देशन और नियंत्रण के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में सब्सिडी का दुरुपयोग नहीं होना चाहिए और नवाचारी विचार ही सबसे बड़ी पूंजी हैं। डॉ. मृदुला प्रकाश, मंत्री, महिला चरखा समिति और उषा झा ने महिलाओं की उद्यमिता, आत्मनिर्भरता और स्टार्टअप संस्कृति में बढ़ती भागीदारी पर अपने विचार रखे। प्रमोद कुमार कर्ण ने स्टार्टअप्स के लिए उपलब्ध सहयोग तंत्र और संस्थागत मार्गदर्शन की जानकारी दी। कार्यक्रम में एआईसी-बीवी फाउंडेशन से जुड़े विभिन्न स्टार्टअप्स ने अपनी उपलब्धियां और अनुभव साझा किए। इनमें नहुष फार्मास्युटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रशांत झा, फिनलिजेन एलएलपी के अमित कुमार, ब्लैकनट एग्रोमशीनरी प्राइवेट लिमिटेड के वरुण गुप्ता, कॉग्नोसमेड लेबोरेटरीज प्राइवेट लिमिटेड के अजय कुमार, सावित्री सपोर्ट एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के धनंजय कुमार, नरसिम्हा स्किल स्फीयर प्राइवेट लिमिटेड के अमन रॉय, इंटरनेक्सस टेकहब प्राइवेट लिमिटेड के पीयूष पांडेय और लिवएग्रो फार्म्स प्राइवेट लिमिटेड के कुंदन कुमार शामिल रहे।

राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस पर बी.डी. कॉलेज ने रचा प्रेरणादायी शैक्षणिक इतिहास : डॉ. रत्ना अमृत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बी.डी. कॉलेज, पटना में स्टार्टअप सेल के तत्वावधान में 'नेशनल स्टार्टअप डे' के अवसर पर एक प्रेरणादायी एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नवाचार, उद्यमिता और आत्मनिर्भरता की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम में बिहार सरकार के उद्योग विभाग की उप सचिव डॉ. प्रेरणा सिंह मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। उनके साथ सहायक निदेशक ज्योति कुमारी एवं स्टार्टअप सलाहकार सुदर्शन चक्रवर्ती भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। कॉलेज की प्राचार्या प्रो. (डॉ.) रत्ना अमृत ने स्वागत संबोधन में कॉलेज की शैक्षणिक उपलब्धियों एवं स्टार्टअप संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर आईक्यूएसी की सलाहकार प्रो. नूपुर बोस ने बी.डी. कॉलेज के स्टार्टअप सेल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ रोजगार सृजन करने वाला बनने के लिए प्रेरित करती हैं।

रिड एंड टेलर ने लांच किया स्प्रिंग समर 2026 कलेक्शन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। भारत के सबसे प्रतिष्ठित प्रीमियम मेनस्वेयर ब्रांडों में से एक रिड एंड टेलर ने ताज सिटी सेंटर में अपना स्प्रिंग समर 2026 कलेक्शन लॉन्च किया। साथ ही ब्रांड ने लजीनों, इटली कलेक्शन को भी लॉन्च किया। लॉन्चिंग के मौके पर रिड एंड टेलर के ग्रुप सीईओ अजय अग्रवाल ने कहा कि रिड एंड टेलर सिर्फ एक फैब्रिक नहीं है यह एक विरासत है जिसे लोग गर्व से पहनते हैं और सर्वश्रेष्ठ अनुभव के साथ जुड़ते हैं। उन्होंने कहा कि सूटिंग और शर्टिंग उत्पादन के लिए समर्पित आधुनिक सुविधाओं के साथ, रिड एंड टेलर सावधानीपूर्वक प्रक्रियाओं और उन्नत तकनीक के माध्यम से विश्व स्तरीय गुणवत्ता सुनिश्चित करता है। ब्रांड की उत्कृष्टता के प्रति समर्पण ने इसके फैब्रिक्स को फैशन के जानकारों की पसंद बना दिया है। पियर्स ब्रॉस्नन और अमिताभ बच्चन जैसे दिग्गजों ने रिड एंड टेलर का प्रतिनिधित्व किया है। रेडीमेड गार्मेंट्स की शुरुआत से यह ब्रांड नई पीढ़ी से जुड़ रहा है। वहीं रिड एंड टेलर के चीफ बिजनेस ऑफिसर सचिन होमोडे ने कहा कि प्रीमियम सूटिंग और शर्टिंग फैब्रिक्स में बेंचमार्क स्थापित करने वाला यह ब्रांड, गुणवत्ता और नवाचार के प्रति अपनी अटल प्रतिबद्धता के साथ वैश्विक अभिजात वर्ग को सेवा प्रदान करता है। इस मौके पर बिहार एजेंट संजय भरतिया, एवीपी मार्केटिंग इस्ट राजेश शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

पुण्यतिथि पर श्रद्धा से याद किये गए श्याम नंदन प्रसाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन के पिता, स्व. श्याम नंदन प्रसाद की पुण्यतिथि पर पटना में श्रद्धा, सेवा और सामाजिक सरोकार का भाव एक साथ देखने को मिला। 16 जनवरी 2001 को दुनिया से विदा लेने वाले श्याम नंदन प्रसाद की स्मृति में पटना जंक्शन स्थित भगवान हनुमान मंदिर परिसर के सामने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े जरूरतमंदों और गरीबों के बीच भोजन वितरण किया गया। प्रो. रणबीर नंदन की ओर से यह आयोजन केवल एक औपचारिक श्रद्धांजलि नहीं बल्कि उस जीवन-दर्शन की झलक थी, जिसे स्वर्गीय श्याम नंदन प्रसाद ने अपने कर्मों से जिया।

केन्द्रीय संचार ब्यूरो द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत दिया स्वच्छता, जागरूकता का संदेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो, प्रादेशिक कार्यालय, पटना में 'स्वच्छता पखवाड़ा' के अंतर्गत एक प्रेरणादायक एवं उद्देश्यपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से स्वच्छता की शपथ ली और स्वच्छ भारत के संकल्प को सुदृढ़ करने का प्रण दोहराया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सशक्त करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत केंद्रीय संचार ब्यूरो, पटना की वरिष्ठ लेखा अधिकारी सीमा कुमारी के नेतृत्व में स्वच्छता शपथ के साथ हुई। शपथ के दौरान उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने-अपने कार्यस्थल, आसपास के परिवेश तथा सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने, गंदगी न फैलाने तथा दूसरों को भी स्वच्छता के प्रति प्रेरित करने का संकल्प लिया। शपथ के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जीवनशैली का अभिन्न अंग है और इसके लिए प्रत्येक नागरिक की सक्रिय सहभागिता आवश्यक है। इसके पश्चात एक परिचर्चा का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी भानु कुमार झा, विभागीय कलाकार दीपक कुमार, आरती झा, लेखाकार योगेन्द्र प्रसाद तथा यंग प्रोफेशनल हर्ष सिन्हा ने अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने स्वच्छता को स्वस्थ समाज की आधारशिला बताते हुए कहा कि स्वच्छ वातावरण से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है, बल्कि मानसिक शांति, कार्यक्षमता एवं सकारात्मक सोच को भी बढ़ावा मिलता है।

अन्तर्जालीय भगवती महासरस्वती संस्कृत सम्भाषण शिविर में मकर संक्रांति की महत्ता पर चर्चा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना की ओर से निरन्तर 40 वां भगवती महासरस्वती संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर के चतुर्थ दिवस में कर्त्ता- ज्ञान के साथ मकर संक्रांति पर्व की महत्ता पर संस्कृत में विस्तार से चर्चा किया गया। आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज के महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा, प्रधान संरक्षक डॉ अनिल कुमार सिंह, राष्ट्रीय संयोजिका प्रो रागिनी वर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्षा डॉ लीना चौहान,जगत नारायण लाल महाविद्यालय खगौल पटना के संस्कृत विभागाध्यक्षा डॉ अवन्तिका कुमारी, मनोहर लाल टेकरीवाल महाविद्यालय सहरसा बिहार के संस्कृत विभागाध्यक्षा डॉ दीप्ति कुमारी, महन्थ शरण संस्कृत महाविद्यालय फतुहा के डा नीरा कुमारी, डॉ रागिनी कुमारी, आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के संरक्षक डॉ अनिल कुमार चौबे, उत्तर प्रदेश की प्रांत संयोजिका अदिति चोला, मध्य प्रदेश की प्रांत संयोजिका तारा विश्वकर्मा, बिहार प्रांत के प्रचार सचिव मुरलीधर शुक्ल दिल्ली विश्वविद्यालय के संस्कृत शोध छात्र बीजेन्द्र सिंह, डॉ मंजरी दूबे, उमा विश्वकर्मा, विकास कुमार सहित शिविर के सभी सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए तथा बताया कि मकर संक्रांति अज्ञानता से प्रकाश की ओर ले जाता है जब सूर्य का संक्रमण धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश होता है तो वह काल पुण्य काल माना जाता है।

खेलकूद स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण : धर्मेंद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय मेरा युवा भारत पटना के तत्वावधान में प्रेम यूथ फाउंडेशन के सहयोग से प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हाई स्कूल फतुहा के मैदान में किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि खेल स्वस्थ्य जीवन के लिए जरूरी है। खेल से टीम भावना एवं अनुशासन का भाव पैदा होता है। वही मेरा युवा भारत के स्वयंसेवक हिमांशु शर्मा ने बताया कि हर पंचायत में खेल क्लब का गठन किया जा रहा है जिससे ग्रामीण खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त हो रहा है। वही थानाध्यक्ष सदानंद शाह ने खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ाया। उन्होंने बताया कि खेलकूद से भी रोजगार प्राप्त किया जा रहा है।

बजाज जनरल इंश्योरेंस ने लांच किया फीटल फ्लरिश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बजाज जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड ने भ्रूण स्वास्थ्य के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया एक अभिनव इंश्योरेंस राइडर फीटल फ्लरिश लांच किया। यह अनोखा समाधान उन्नत गर्भस्थ प्रक्रियाओं और उच्च-जोखिम गर्भावस्थाओं के लिए फाइनेंशियल सहायता प्रदान करता है जो लंबे समय से पारंपरिक मैटरनिटी इंश्योरेंस के दायरे से बाहर रहा है। यह राइडर अपने प्रमुख प्रॉडक्ट, माय हेल्थ केयर प्लान और हेल्थ गार्ड के साथ उपलब्ध कराया जा रहा है। लांच के अवसर पर डॉ. तपन सिंघल, एमडी और सीईओ, बजाज जनरल इंश्योरेंस ने कहा कि गर्भावस्था हर परिवार के लिए एक बहुत निजी समय होता है जिसमें उम्मीद, उत्सुकता और अपने बच्चे के लिए सबसे अच्छा करने की चाह शामिल होती है जब मेडिकल संबंधी समस्याएं पैदा होती हैं तो परिवार को बहुत ही शुरुआती चरण में कठिन निर्णय लेने पड़ते हैं। गर्भस्थ शिशु की देखभाल में हुई प्रगति के कारण अब समय रहते उपचार करना संभव हो गया है, लेकिन आर्थिक दबाव पहले से ही चुनौतीपूर्ण अनुभव को और गंभीर बना सकता है।

सरायगढ़ बाइपास का सीआरएस ने किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

हाजीपुर। गुरू प्रकाश, संरक्षा आयुक्त (रेलवे) पूर्वी परिमंडल, कोलकाता द्वारा समस्तीपुर मंडल के बैजनाथपुर अंदौली और न्यू झाझा स्टेशनों के मध्य 4.22 किमी लंबे नवनिर्मित बाईपास रेल लाइन का मोटर ट्रॉली द्वारा निरीक्षण किया गया। इसके उपरांत रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा इस रेलखंड का स्पेशल ट्रेन द्वारा 110 किमी प्रतिघंटा की गति से सफलतापूर्वक स्पीड ट्रायल भी किया गया। निरीक्षण के दौरान समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक ज्योति प्रकाश मिश्रा सहित निर्माण विभाग तथा समस्तीपुर मंडल के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। विदित हो कि निर्मली-सरायगढ़ के रास्ते दरभंगा से सहरसा जाने व आने वाली ट्रेनों का सरायगढ़ में इंजन रिवर्सल करना पड़ता था।

जिले में किसान फार्मर आईडी बनाने हेतु 17 से 21 जनवरी तक विशेष कैम्प का आयोजन

किसान भाई निर्धारित तिथि तक फार्मर आईडी बनवा लें : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

सासाराम। बिहार सरकार के कृषि विभाग और राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने राज्य के किसानों को सशक्त और समृद्ध बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया है। किसानों को सरकारी कृषि योजनाओं का सीधा लाभ दिलाने के लिए फार्मर आईडी बनाने का अभियान मिशन मोड में चलाया जा रहा है। पहले चरण पूरा होने के बाद अब इसे और गति देने के लिए पूरे रोहतास जिले में 17 से 21 जनवरी तक विशेष कैंप का आयोजन किया गया है जिसमें किसान अपना फार्मर आईडी बनवा सकेंगे। सरकार का स्पष्ट उद्देश्य है कि किसानों तक सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी देरी और बिचौलियों के सीधे पहुंचाया जा सके। अब प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि समेत अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए फार्मर रजिस्ट्री आईडी अनिवार्य कर दी गई है। यह डिजिटल आईडी किसानों के लिए सरकारी सेवाओं और योजनाओं का लाभ पाने की चाबी की तरह काम करेगी। किसान अपनी डिजिटल आईडी बनवाने के लिए अपने नजदीकी किसान सलाहकार, कृषि समन्वयक, हल्का कर्मचारी से संपर्क कर सकते हैं। रजिस्ट्रेशन के लिए जरूरी दस्तावेज आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, भूमि से संबंधित दस्तावेज होना अनिवार्य होगा। यदि रजिस्ट्रेशन के दौरान किसी प्रकार की परेशानी या जानकारी की आवश्यकता हो तो किसान सीधे जिला कृषि पदाधिकारी, रोहतास, संबंधित अनुमंडल कृषि पदाधिकारी या प्रखंड कृषि पदाधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। किसानों की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं। कृषि विभाग के हेल्पलाइन नम्बर 18001801551 तथा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के हेल्पलाइन नम्बर 18003456215 पर संपर्क कर सकते हैं। सरकार का लक्ष्य है कि 21 जनवरी 2026 तक अधिक से अधिक किसानों का रजिस्ट्रेशन पूरा कराया जाए, ताकि भविष्य में कोई भी किसान किसी सरकारी लाभ से वंचित न रह जाए। जिलाधिकारी ने सभी किसान भाइयों से अपील की है कि वे तय तिथियों तक अपनी फार्मर रजिस्ट्री आईडी अवश्य बनवा लें और डिजिटल व्यवस्था का लाभ उठाएं।

भाजपा ने किया जी राम जी पर कार्यशाला का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

सासाराम। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर विकसित भारत रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता भाजपा के जिलाध्यक्ष संतोष पटेल ने तथा संचालन विवेक सिंह ने किया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश क्षेत्रीय प्रभारी एवं औरंगाबाद सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह मौजूद रहे। कार्यशाला में मुख्य अतिथि ने केंद्र सरकार द्वारा लाये गए जी राम जी पर विस्तृत रूप से चर्चा की। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकार द्वारा मनरेगा एवं नरेगा के नाम से जो योजना चलाई जा रही थी। उसमें काफी कमियां थी। पूर्व की योजना में ग्रामीणों को वर्ष में 100 दिन काम दिया जाता था, जी राम जी में 125 दिन का काम दिया जाएगा। पहले बिना काम कराए ही अपने लोगों के नाम पर काम दिखा कर भुगतान ले लिया जाता था, लेकिन इसमें प्रतिदिन ग्रामीणों का बायोमेट्रिक हाजिरी होगी। ग्राम सभाओं द्वारा अपने पंचायत के विकास की योजना खुद ही बनाई जाएगी और उसी पर काम होगा। इस योजना का मुख्य लक्ष्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना, आय सुरक्षा बढ़ाना और स्थानीय स्तर पर विकेन्द्रीकृत योजना बनाना है। विपक्ष के लोगों को यह योजना पच नहीं रही है और वे तरह-तरह से इस योजना की शिकायत कर ग्रामीणों को भटकाने का काम कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष संतोष पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि यह योजना हमारे प्रधानमंत्री बहुत ही सोच समझ कर बनाई गई है जिससे ग्रामीण व्यवस्था सुदृढ हो सके। इस योजना को पंचायत स्तर तक ले जाना है और सभी ग्रामीणों को जागरूक करना है। यह योजना ग्रामीण आवश्यकताओं को ध्यान में रख कर बनाया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा के जिला मुख्यालय प्रभारी अरुण कुमार पांडेय, प्यारे लाल ओझा, शशि भूषण प्रसाद, संतोष शर्मा, सत्येन्द्र सिंह, रामजी पाठक, सत्येन्द्र दुबे, सुजीत गोंड, कमलेश कुमार सिन्हा, संजय कुमार तिवारी, प्रतिभा पल्लवी, दीपक कुमार राय, ऋतुराज उपाध्याय, जय प्रकाश पाण्डेय, सत्यनारायण पासवान, रोहित राज, राकेश श्रीवास्तव, बेचू महतो, शिवनाथ चौधरी, मनोज कुमार, ज्योति कुमार, भानु प्रताप सिंह सहित कई अन्य मौजूद रहे।

हैदरनगर स्टेशन पर यात्री सुविधाओं में निरंतर सुधार

मल्टी लाइन डिस्प्ले बोर्ड चालू, नए एलइडी बल्ब लगाए गए

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। हैदरनगर रेलवे स्टेशन, जो एनएसजी-5 श्रेणी का स्टेशन है और सोननगर-गढ़वा रेलखंड पर स्थित है, अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चुने गए महत्वपूर्ण स्टेशनों में शामिल है। इस योजना के तहत स्टेशन को आधुनिक यात्री सुविधाओं से समृद्ध बनाने का कार्य निरंतर गति से चल रहा है। इस दौरान नियमित रूप से निगरानी कर यात्री सुविधा सुनिश्चित रखी जा रही है। इसी क्रम में प्लेटफॉर्म पर रोशनी व्यवस्था को और मजबूत किया गया है। खराब एलइडी बल्बों को बदलकर पर्याप्त और उचित रोशनी उपलब्ध करा दी गई है। आवश्यकतानुसार विकास कार्य के दौरान पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था बनाए रखने को निर्देशित किया गया है। साथ ही स्टेशन पर स्थित मल्टी लाइन डिस्प्ले बोर्ड को 16 जनवरी 2026 को दोपहर 14 बजे से सुचारू रूप से चालू कर दिया गया है। अब ट्रेनों की समय-सारणी, प्लेटफॉर्म संख्या आदि की महत्वपूर्ण जानकारी यात्रियों को आसानी से मिल रही है। इसके अतिरिक्त स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज, यात्री शेड, शौचालय, वाटर बूथ, टिकट काउंटर पर टू-वे माइक सिस्टम तथा स्टेशन भवन और सर्कुलेटिंग एरिया के विकास कार्य प्रगति पर हैं। यात्री शेड पूर्ण होने के बाद अतिरिक्त लाइटें भी लगाई जाएंगी। रेल प्रशासन यात्रियों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। निर्माण कार्य के दौरान भी यात्री सुविधाओं की निरंतर निगरानी की जाती है और आवश्यकतानुसार त्वरित एवं उचित प्रक्रिया के माध्यम से सुधार एवं रखरखाव सुनिश्चित किया जाता है। इस तरह यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा से बचाने के लिए सभी व्यवस्थाएं सतर्कता के साथ बनाए रखी जाती हैं।

बाइक चोर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अकोढी गोला (रोहतास)। दरिहट थाना क्षेत्र अंतर्गत 17 जनवरी को दरिहट बाजार से एक मोटरसाइकिल चोरी की घटना हुई थी। उक्त घटना के संबंध में निरंतर छानबीन एवं गहन जांच के पश्चात पुलिस को सफलता मिली। दरिहट थानाध्यक्ष ने बताया कि चोरी की गई मोटरसाइकिल के साथ रुपेश पाल उर्फ महाकाल पिता सुरेश पाल आयु 27 वर्ष, निवासी ग्राम भूसहूला, थाना दरिहट को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के पास से चोरी की गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली गई है। इस संबंध में थाना दरिहट में उचित धाराओं के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया है तथा अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। यह सफलता थाना दरिहट की पुलिस टीम की सजगता, त्वरित कार्रवाई एवं सूझबूझ का परिणाम है।

सुरक्षा को लेकर स्वर्ण व्यवसायियों के साथ पुलिस ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अकोढ़ी गोला। स्थानीय थाना परिसर में शुक्रवार को स्वर्ण व्यवसायियों के साथ पुलिस द्वारा सुरक्षा को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष राकेश गोसाई ने की। बैठक के दौरान थानाध्यक्ष ने स्वर्ण व्यवसायियों को संबोधित करते हुए कहा कि सुरक्षा की जिम्मेदारी केवल पुलिस की ही नहीं, बल्कि व्यवसायियों की भी है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि दुकानों में सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरा लगाना अनिवार्य है। साथ ही ग्राहकों को सोने-चांदी के जेवरात दिखाने या देने के दौरान विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। थानाध्यक्ष ने कहा कि यदि कोई अज्ञात व्यक्ति मास्क या हेलमेट पहनकर दुकान में प्रवेश करने का प्रयास करे तो व्यवसायी तुरंत सतर्क हों और इसकी सूचना पुलिस को दें। इसके अलावा यदि कोई व्यवसायी बड़ी रकम लेकर कहीं आना-जाना करता है तो सुरक्षा के लिए पुलिस की सहायता अवश्य लें, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। उन्होंने व्यवसायियों को आश्वस्त किया कि पुलिस हर समय उनकी सुरक्षा के लिए तत्पर है और सहयोग के लिए हमेशा उपलब्ध रहेगी। बैठक में प्रमुख रूप से सुदामा सेठ, लक्ष्मण सेठ, बीटू सोनी, भोला सोनी सहित अन्य स्वर्ण व्यवसायी उपस्थित थे।

खेल सामग्री की कमी से बच्चियों की प्रतिभा में रुकावट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रामपुर (कैमूर)। बेलाव थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आज भी ऐसी प्रतिभाएं मौजूद हैं जिनमें राज्य स्तर पर उम्दा प्रदर्शन करने की क्षमता है, लेकिन सही खेल मैदान और संसाधनों के अभाव में उनकी प्रतिभाएं कुंठित होती जा रही हैं। दरअसल मामला रामपुर प्रखंड के खेल मैदान बेलाव का है जहां प्रतिदिन सुबह आधा दर्जन गांवों जैसे रामपुर, बसुहारी, बहेरा, सोनरा, बिछिया, सोनवर्षा, खजुरा, बेलाव की बच्चियां खेलने आती है, लेकिन अभ्यास के लिए बेहतर खेल मैदान और प्रतियोगी माहौल न मिलने के कारण उनका प्रदर्शन गांव तक ही सिमट कर रह जाती है।

पूर्व मध्य रेल

ई–निविदा सूचना

सं०– टीआरएस–जी–टी–ओपीएन–06–आरएसपी–25–26, दिनांक: 13.01.2026

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से सक्षम, स्थापित, अनुभवी ठेकेदारों/प्रतिष्ठानों जो इस प्रकार के कार्य का अनुभव रखते हो, से निम्नलिखित कार्य हेतु ई–टेंडर (ओपेन) निविदा आमंत्रित की जाती है।
1, निविदा कार्य का विवरण स्थान सहित: रिपेयरिंग/ओवरहौलिंग ऑफ शंटिंग कॉन्टैक्टर & लाइन कॉन्टैक्टर 1500 Amp।कैपेसिटी ऑफ कांवेंसनल लोकोमोटिव्स, क्वांटिटी लाइन कॉन्टैक्टर 1500 नोस & शंटिंग कॉन्टैक्टर 1500 नोस। फर्म की कार्यशाला।, **2. अनुमानित लागत :** रू० 2,65,65,750.00, **3. धरोहर राशि:** रू० 2,82,800.00, **4. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय:** दिनांक 06.02.2026 समय, 13:00 बजे तक, दिनांक 06.02.2026 समय, 15:00 बजे, **5. वेबसाइट एवं नोटिस बोर्ड का विवरण जहां से निविदा की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है: वेबसाइट http://www.ireps.gov.in** पर निविदा उपलब्ध है। निविदा की विस्तृत जानकारी वरिष्ठ मंडल बिजली इंजी०/कचस्टा विधुत लोको शेड पंडित दीन दयाल उपाध्याय के कार्यालय से ली जा सकती है।

मंडल रेल प्रबन्धक/कचस्टा
पूर्व मध्य रेल–पंडित दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/1633/डीडीयू/डीआरएम/टीआरएस/टी/25–26/36

मां कामाख्या पॉलिटेक्निक कॉलेज में दही-चूड़ा सह सम्मान समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

सासाराम/तिलौथू। प्रखंड क्षेत्र के रामडिहरा स्टेशन गांव के समीप स्थित मां कामाख्या पॉलिटेक्निक कॉलेज में मकर संक्रान्ति के अवसर पर गुरुवार को दही चूड़ा सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के ट्रस्टी सदस्य एवं प्राचार्य इं. तनु श्री ने स्थानीय मुखिया विनोद चंद्रवंशी, पैक्स अध्यक्ष रामजी सिंह, सरैया पंचायत के मुखिया संजय चौधरी, सरैया के उपमुखिया अमित कुमार, तिलौथू समिति के जाहिद खान, सेवई पंचायत के मुखिया विजय उपाध्याय, चंदनपुरा पंचायत के मुखिया पति विनोद राम, नौहट्टा के पूर्व मुखिया बलराम सिंह तथा तिलौथू पूर्वी मुखिया सत्येंद्र दुबे को शॉल एवं कॉलेज के नववर्षीय कैलेंडर से सम्मानित किया। समारोह में कॉलेज के फैकल्टी सदस्यों ने संस्थान की विजन और संस्थापक रामडिहरा गांव निवासी स्व. धर्मदेव सिंह के योगदान पर प्रकाश डाला। साथ ही कॉलेज में संचालित पाठ्यक्रमों सिविल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इलेक्ट्रिक व्हीकल्स एवं आईटी की जानकारी दी गई। इस अवसर पर तिलौथू प्रखंड एवं सासाराम क्षेत्र के सम्मानित पत्रकारों तथा विभिन्न पंचायतों के आमंत्रित जनप्रतिनिधियों ने भी कॉलेज का दौरा किया।

बिजली चोरी की प्राथमिकी, दो पर लगा जुर्माना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास)। नगर परिषद बिक्रमगंज अंतर्गत अवैध रूप से विद्युत चोरी को लेकर चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत दो व्यक्तियों पर जुर्माना लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। कनीय विद्युत अभियंता बिक्रमगंज नवदीप गोयल ने बताया कि श्याम नगर निवासी अनिल कुमार पिता हृदयानन्द साह के घरेलू परिसर का निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि इनके परिसर में स्मार्ट प्रीपेड मीटर अधिष्ठापित है। उक्त उपभोक्ता द्वारा मीटर से पहले मुख्य सर्विस तार में कटिंग कर एक अतिरिक्त तार जोड़कर मीटर को बाईपास करते हुए अवैध रूप से विद्युत की चोरी की जा रही थी। इनके इस कृत्य से साउथ बिहार पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, पटना को 32125 रुपये राजस्व की क्षति हुई है। उक्त उपभोक्ता के द्वारा मीटर बाईपास करने के कारण वास्तविक मान पठन अवरुद्ध हो रहा था तथा विभाग के राजस्व की क्षति हो रही थी। आगे बताया कि बिना कोई विद्युत कनेक्शन लिए अवैध रूप से विद्युत चोरी को लेकर बिक्रमगंज के मॉडर्न आईटीआई गली निवासी ललन सिंह पिता-केश्वर सिंह पर 15081 रुपये दंडित राशि लगायी गयी है। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया कि बिजली चोरी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसमें उपभोक्ताओं के परिसर में लगे सर्विस तार, मीटर, बिलिंग एवं बिल के ससमय भुगतान की सघन जांच की जा रही है। जांच में मीटर की सील टूटी हुई, टेम्परिंग या बाईपास पाए जाने पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराया जा रहा है। दोनों लोगों पर विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 सहित अन्य सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है।

नए एसडीपीओ ने संभाला पदभार, अपराध नियंत्रण पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बिक्रमगंज(रोहतास)। बिक्रमगंज अनुमंडल के नए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के रूप में सिंधु शेखर सिंह ने गुरुवार को अपना पदभार ग्रहण किया। सिंधु शेखर ने एएसपी सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संकेत कुमार का स्थान ग्रहण किया। पदभार संभालते ही सबसे पहले उन्होंने सबको मकर संक्रांति की शुभकामना व्यक्त की। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था एवं आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण रखना उनकी प्राथमिकता होगी। जनता और पुलिस के बीच परस्पर सहयोग और विश्वास बढ़ाने के हर संभव प्रयास किए जाएंगे। ताकि क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण स्थापित किया जा सके। लोगों के बीच पुलिस के प्रति विश्वास और सहयोग की भावना कायम करना हमारी प्राथमिकता होगी। यह भी प्रयास होगा कि लोगों को शीघ्र और सस्ता न्याय उपलब्ध हो सके और दोनों के बीच तालमेल के हर संभव प्रयास किए जाएंगे। नए एसडीपीओ के योगदान से लोगों ने अपराध के क्षेत्र में कमी लाने के प्रति आशा व्यक्त की तो वही लोगों में यह उम्मीद जगी है कि शांति और सुरक्षा के मामले में पुलिस के द्वारा बेहतर कार्य किए जाएंगे। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि नए एसडीपीओ के नेतृत्व में पुलिस विभाग और भी मजबूत होगा और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पूर्व मध्य रेल

ई–निविदा सूचना

सं०– एस०जी०/डी०एस०ई०/ओ०टी०/01–26

वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता, पूर्व मध्य रेल, राष्ट्रपति के तरफ से ई–निविदा, अनुभवी ठेकेदार से निर्मित फार्म में नीचे दिए गए कार्यो के लिए आमन्त्रित करती है।
1. कार्य का नाम एवं स्थान: प्रोविजन ऑफ वार्निंग अलार्म ऑफ फेल्योर ऑफ ट्रैक फीड चार्जर एट बैलेंस स्टेशन ईन डीडीयू डीविजन प्रोविजन ऑफ 9 न्यू आईपीएस ऑफ आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन 2012 ईन प्लेस ऑफ ओल्ड वन्स वीथ आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन 2004, एंड एडिशनल एसपीडीस फॉर सम एक्सट्रा सर्किट एट डिफरेन्ट स्टेशन्स ऑफ डीडीयू डीविजन।, **2. कार्य का अनुमानित मूल्य :** रू० 1,10,21,436.42/– (एक करोड़ दस लाख इक्कीस हजार चार सौ छत्तीस रूपये एवं बयालीस पैसे मात्र)।, **3. धरोहर राशि :** रू० 2,05,100.00/– (दो लाख पॉच हजार एक सौ रूपये मात्र)।, **4. ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 06.02.2026 को 12:30 तक।, **5. बेवसाईट का पता जहॉ से ई–निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है।: www.ireps.gov.in**

मं०सं० एवं दू०सं०अभि०
पूर्व मध्य रेल, पं० दी० द० उपा०

पीआर/1636/डीडीयू/एसएण्डटी/टी/25-26/32

अरविंद गुप्ता को दी गयी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। हंसमुख व मिलनसार व्यक्ति थे अरविंद गुप्ता। उक्त बातें डिहरी अनुमंडल विधिज्ञ संघ के पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर पाण्डेय उर्फ मुटुर पाण्डेय ने स्टेशन रोड स्थित जगेश्वर भवन में अरविंद गुप्ता के निधन पर श्राद्ध कर्म में श्रद्धांजलि सभा में उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के उपरांत कहा। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत तौर पर अच्छे तथा समाजसेवी आदमी थे। उनके पिता स्वर्गीय जगेश्वर साह बाबू जगजीवन राम के काफी करीबी रहे थे। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में उनके माता गुलाबी देवी, भाई अरुण कुमार, पुत्र अंकित राज, पुत्री सुमन राज, सोनाली राज, डॉ रितु राज, पुत्र राजों, संतोष कुमार गुप्ता, निखिल कुमार गुप्ता, डॉक्टर राजीव रंजन, पूर्व विधायक सत्यनारायण यादव, विधायक नागेंद्र चंद्रवंशी, अभिनव कला संगम के अध्यक्ष संतोष सिंह, नंदन कुमार, जदयू जिला अध्यक्ष विंदा चंद्रवंशी, पूर्व राजद प्रत्याशी गुड्डू चन्द्रवंशी, विनोद गुप्ता, मनीष कुमार, मनोज पाण्डेय सहित काफी संख्या में विभिन्न दलों के नेता, समाजसेवी, पत्रकार, अधिवक्ता तथा गणमान्य लोग मौजूद रहे। श्रद्धांजलि सभा में मौजूद सभी लोगों ने स्वर्गीय अरविंद गुप्ता के व्यक्तित्व एवं सामाजिक योगदान को याद करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर गांव-गांव निमंत्रण अभियान शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

तिलौथू (रोहतास)। स्थानीय गांधी बाजार, चंदनपुरा में आगामी 8 मार्च से 16 मार्च 2026 तक आयोजित होने वाले श्री श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में शुक्रवार 16 जनवरी को प्रातः 9 बजे शुभ मुहूर्त में गांव-गांव पूजा निमंत्रण अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। महाराज श्री के सानिध्य में झंडा उठाकर देवी-देवताओं का विधिवत आह्वान किया गया और ग्रामीणों को महायज्ञ में सम्मिलित होने का निमंत्रण दिया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से कार्यक्रम में भाग लिया और यज्ञ को सफल बनाने का संकल्प लिया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि महायज्ञ के माध्यम से क्षेत्र में धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक वातावरण का सृजन होगा। महायज्ञ के दौरान प्रवचन, पूजन, हवन एवं भंडारे जैसे धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा। ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं से अपील की गई कि वे अधिक से अधिक संख्या में महायज्ञ में शामिल होकर पुण्य के भागी बनें तथा आयोजन को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें। आयोजन स्थल गांधी बाजार, चंदनपुरा, रोहतास में महायज्ञ को लेकर उत्साह और श्रद्धा का माहौल बना हुआ है।

खेल से शारीरिक व मानसिक विकास : नागेंद्र चंद्रवंशी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। डालमियानगर खेल मैदान में हिमांशु फाउंडेशन एवं बाबा वीर कुंवर क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 14वें नगर चैंपियनशिप टूर्नामेंट के छठे दिन देर से प्रवेश लेने वाली टीमों के बीच दो प्री-लीग मैच खेले गए। पहला प्री-लीग मैच वार्ड 1 बनाम वार्ड 26 के बीच खेला गया। इस मैच के मुख्य अतिथि डिहरी अनुमंडल पदाधिकारी नीलेश कुमार रहे, जो वार्ड 1 की ओर से खिलाड़ी के रूप में भी मैदान में उतरे। मैच से पूर्व उन्होंने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। टॉस वार्ड 1 ने जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। ओपनिंग बल्लेबाज के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी नीलेश कुमार ने शानदार नाबाद 30 रन की पारी खेली। उनकी पारी के दम पर वार्ड 1 की टीम ने निर्धारित 15 ओवर में 147 रन बनाए और वार्ड 26 को 148 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी वार्ड 26 की टीम मात्र 51 रन पर ऑल आउट हो गई। इस तरह वार्ड 1 ने 96 रन से शानदार जीत दर्ज की। मैच का मैन ऑफ द मैच वार्ड 1 के खिलाड़ी अक्षय को दिया गया। कमिटी अध्यक्ष डॉ. ओ.पी. आनंद ने कहा कि अनुमंडल पदाधिकारी का हमारे वार्ड से खेलना गर्व का विषय है। दूसरा प्री-लीग मैच वार्ड 5 बनाम वार्ड 37 के बीच खेला गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नोखा विधायक नागेंद्र चंद्रवंशी, जदयू जिलाध्यक्ष बिंदा चंद्रवंशी एवं पत्रकार मदन कुमार उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

विधायक नागेंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि खेल से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है, युवाओं को खेलों से जुड़ना चाहिए।

अंपायर रितेश एवं संटू ने टॉस करवाया जिसे वार्ड 37 ने जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए वार्ड 5 की टीम ने 15 ओवर में 121 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वार्ड 37 की टीम 74 रन पर ऑल आउट हो गई और वार्ड 5 ने 47 रन से मैच जीत लिया। कमिटी के निदेशक रवि शेखर ने बताया कि अगला लीग मैच वार्ड 10 बनाम वार्ड 28 के बीच खेला जाएगा। इस अवसर पर कमिटी के सोनू पाण्डेय, आकाश, मनीष, छोटू, आदित्य, राकेश, मुन्ना, चंदन सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

Govt. of Bihar

Mines and Geology Department
District- Aurangabad.
Short Notice Inviting E-Auction for Settlement of Sand ghats
(Through E-Procurement mode over https://eproc2.bihar.gov.in)

बिहार बालू खनन नीति, 2019 तथा बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण) नियमावली, 2019 में उल्लिखित प्रावधानों के तहत औरंगाबाद जिलान्तर्गत सोन नदी के प्रत्यार्पित बालूघाटों/बालूखण्डों के आगामी शेश वर्षों के लिए बालूघाटवार अल्प निविदा निम्न कार्यक्रमानुसार आमंत्रित की जाती है :–

1. ई–नीलामी कार्यक्रम:–

क्र0 स0	बालूखण्ड/बालूघाट	नदी का नाम	निविदा दस्तावेज बिक्री शुल्क (5,000/- रू0) जमाकर निविदा दस्तावेज डाउनलोड प्रारंभ करने की तिथि	अग्रधन राशि एवं ऑक्शन प्रोसेसिंग फीस ऑनलाईन जमा तथा निविदा दस्तावेज अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय	तकनीकी निविदा की जाँच/मूल्यांकन कर सफल निविदादाताओं की सूची सिस्टम में अपलोड करने की अंतिम तिथि	ई–नीलामी प्रारंभ होने की तिथि एवं समय	ई–नीलामी समाप्ति की तिथि एवं समय
1	Aurangabad Son 04	सोन	15.01.2026	05.02.2026 के अपराह्न 11:00 बजे	10.02.2026	12.02.2026 11:00 बजे पूर्वाह्न से	12.02.2026 01:00 बजे अपराह्न तक
2	Aurangabad Son 6A						
3	Aurangabad Son 11A						
4	Aurangabad Son 09						
5	Aurangabad Son 21						
6	Aurangabad Son 23A						
7	Aurangabad Son 31						

1. बालूघाटों/बालूखण्डों की विस्तृत विवरणी औरंगाबाद जिला के वेबसाईट https://aurangabad.bih.nic.in पर उपलब्ध है। विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

समाहर्त्ता, औरंगाबाद।

PR. No. 21921 (Mines) 25-26

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

एक नजर

इलाज के दौरान घायल महिला की मौत

कौआकोल। कौआकोल थाना क्षेत्र के भलुआही बाजार में बुधवार को सड़क दुर्घटना में घायल महिला उमा देवी की इलाज के दरम्यान नवादा सदर अस्पताल में मौत हो गई। मृतक का शव गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार भलुआही गांव निवासी स्वर्गीय चन्द्रिका ठाकुर की पत्नी उमा देवी बैंक से राशि की निकासी कर अपने घर लौट रही थी। तभी तीव्र गति से आ रहे दो बाइक सवार युवक ने बाइक से धक्का मार दिया। जिससे महिला बुरी तरह घायल हो गई। धक्का मारने के बाद बाइक सवार बाइक छोड़कर फरार हो गया। स्थानीय लोगों को घटना की सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस ने बाइक को जब्त कर थाना ले आई। महिला को पीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद नवादा रेफर कर दिया गया। जहां शुक्रवार की सुबह इलाज के दरम्यान मौत हो गई।

सड़क दुर्घटना में तीन घायल

कौआकोल। कौआकोल-पकरीबरावां मुख्य पथ पर सरौनी गांव के पास सड़क दुर्घटना में दो महिला समेत तीन लोग घायल हो गए।प्राप्त जानकारी के अनुसार बाइक के असंतुलन होकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से उस पर सवार गुआघोघरा गांव निवासी विमलेश यादव,गौरी देवी एवं बबिता देवी गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों द्वारा घायल तीनों लोगों को कौआकोल पीएचसी में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल सभी लोगों को सदर अस्पताल नवादा भेज दिया गया।

बर्थडे पार्टी में हुए झगड़े का बदला लेने के लिए दो लोगों ने युवक का सिर फोड़ा

रजौली। थाना क्षेत्र के सरयू धाम के समीप शुक्रवार को दो युवकों द्वारा एक युवक के साथ बर्बरता पूर्वक मारपीट की गई। इस मारपीट में युवक का सिर फट गया। स्थानीय लोगों की सहायता से घायल युवक को अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया गया। घायल युवक की पहचान टकुआटांड़ मोहल्ला निवासी मिथिलेश प्रसाद के पुत्र नीरज कुमार के रूप में हुई है। घटना को लेकर थाना पहुंचे घायल युवक ने बताया कि बीते 11 जनवरी की शाम को कुछ दोस्तों के साथ एनएच-20 के किनारे साउथ सीटी स्कूल के समीप बर्थडे मना रहे थे। इस दौरान कुछ लड़कों द्वारा हल्ला-हंगामा किया जा रहा था,जिसे मना करने पर नोंकझोंक हुई थी। उसी को लेकर शुक्रवार को ट्यूशन से पढ़कर आने के क्रम में लगभग 11 बजे दिन में सरयू धाम के पास पहले से घात लगाकर बैठे टकुआटांड़ निवासी दिलीप प्रसाद के पुत्र दीपक कुमार और पुरानी बस स्टैंड के पंकज कुमार ने गाली-गलौज करते हुए लोहे के रॉड व लाठी-डंडे से मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित ने बताया कि घटना की लिखित शिकायत थाना को दी गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रंजीत कुमार ने बताया कि पीड़ित द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

उद्घाटन मुकाबले में युवराज क्रिकेट क्लब ने जीक की दर्ज

नवादा। जिला क्रिकेट एसोसिएशन नवादा के तत्वाधान में कादिरगंज हाई स्कूल के खेल मैदान में आयोजित बी डिवीजन जिला क्रिकेट लीग का विधिवत उद्घाटन नवादा सदर एसडीएम अमित अनुराग के द्वारा किया गया। उद्घाटन मुकाबले में रजौली क्रिकेट क्लब का मुकाबला युवराज क्रिकेट क्लब की टीम से हुआ। जिसमें रजौली क्रिकेट टीम के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 23 ओवर में मात्र 82 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। रजौली क्रिकेट क्लब के बल्लेबाज सागर सम्राट ने 42 रनों का योगदान दे सके बाकी के सभी बल्लेबाज रन बनाने में विफल रहे। गेंदबाजी करते हुए युवराज क्रिकेट क्लब के गेंदबाज कुश कुमार ने दो निर्मल कुमार ने दो तथा अंशुमान ने भी दो खिलाड़ियों को आउट किया। इस छोटे से स्कोर का पीछा करने उतरी युवराज क्रिकेट क्लब की टीम ने मात्र 6 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 86 रन बनाकर मैच को जीत लिया। इस तरह से उद्घाटन मुकाबले में रजौली क्रिकेट क्लब को युवराज क्रिकेट क्लब में 9 विकेट से हरा दिया। युवराज क्रिकेट क्लब गेंदबाज कुश कुमार को शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी सदर एसडीएम के द्वारा दी गई बेड डिविजन के उद्घाटन मुकाबले में जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार मुरारी सचिव राकेश कुमार, कोषाध्यक्ष अभिषेक पांडे बीसीए मैनेजर मनीष आनंद, संयुक्त सचिव सुरेश यादव, प्लेयर्स रिप्रेजेंटेटिव मनीष गोविंद, अजय कुमार उपस्थित रहे।

पिकअप पलटने से महिला की मौत

बिहारशरीफ। चंडी थाना क्षेत्र के सरमेरा–बिहटा पथ पर दस्तुरपर मोड़ के पास रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। गंगा स्नान के लिए जा रही एक पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरे गड्ढे में पलट गई। हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 18 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नवादा जिले के सिरदला थाना क्षेत्र के रवियो गांव निवासी सनोज प्रसाद का परिवार पिकअप वाहन से फतुहा गंगा स्नान के लिए जा रहा था। जैसे ही वाहन दस्तुरपर मोड़ के पास पहुंचा, एक अज्ञात वाहन ने अचानक चकमा दे दिया। इससे चालक ने नियंत्रण खो दिया और पिकअप पलटते हुए गड्ढे में जा गिरी। इस हादसे में मृतका की पहचान रवियो गांव निवासी 55 वर्षीय शिला देवी, पत्नी सनोज प्रसाद के रूप में की गई है। बताया गया कि पिकअप पर सवार सभी लोग एक ही परिवार के थे।

डीएम ने दिया दो हजार रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन का लक्ष्य

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। विद्युत विभाग द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत सौर ऊर्जा अग्रदूत सम्मान कार्यक्रम का आयोजन स्थनीय टाउन हॉल में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया।

विद्युत अधीक्षण अभियंता मनीष कांत द्वारा बताया गया कि उपभोक्ताओं की जागरुकता और संवेदकों के परिश्रम से नालंदा जिले ने रूफटॉप सोलर अधिष्ठापन में पूरे बिहार में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। जिलाधिकारी द्वारा उन 30 उपभोक्ताओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने अपने घरों में सोलर संयंत्र स्थापित कर बिजली बिल को शून्य कर लिया है। सम्मानित उपभोक्ताओं में संदीप कुमार, अनीता देवी, अनिल कुमार, मो. अमियाज जाफरी, सोनी कुमारी, शंभू लाल विश्वकर्मा आदि प्रमुख रहे। साथ ही योजना से जुड़े पांच उत्कृष्ट संवेदकों को भी प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने अपने संबोधन में सौर ऊर्जा को प्रदूषण नियंत्रण, पर्यावरण संरक्षण एवं ऊर्जा आत्मनिर्भरता के लिए अत्यंत आवश्यक बताया।

उन्होंने छठ पर्व का उल्लेख करते हुए कहा कि सूर्य ऊर्जा का अनंत स्रोत है और आने वाली पीढ़ियों के लिए अक्षय ऊर्जा का विस्तार अनिवार्य है। उन्होंने वर्ष 2030 तक भारत की 50% गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता के लक्ष्य की जानकारी देते हुए विद्यालयों के छात्रों से अपील की कि वे अपने अभिभावकों को सौर ऊर्जा अपनाने हेतु प्रेरित करें। इस दौरान डीएम ने जिले में वर्ष 2026 में छतों पर सोलर पैनल स्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया तथा नालंदा को इस योजना में बिहार में प्रथम स्थान प्राप्त करने का संकल्प दोहराया। उन्होंने बैंकर्स से ऋण वितरण प्रक्रियाओं में तेजी लाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

भारत की कुल विद्युत उत्पादन क्षमताः

510 गीगावॉट, सौर ऊर्जा का योगदानः 26%,

बिहार की सौर ऊर्जा क्षमताः 435 मेगावॉट, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत भारत में 21.7 लाख उपभोक्ताओं तक सोलर स्थापना, नालंदा में अब तक 949 उपभोक्ताओं के यहां 3180 किलोवॉट रूफटॉप सोलर स्थापना

नालंदा का चयन एमएनआरई के सिटी एक्सलेरेटेड प्रोग्राम में क्विज प्रतियोगिता और मंच संचालन कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं के बीच क्विज प्रतियोगिता कराई गई और विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। मंच संचालन विद्युत कार्यपालक अभियंता विकास कुमार ने किया।

मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा, एक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। नालंदा जिले में अवैध हथियार निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एकंगरसराय थाना एवं एसटीएफ की संयुक्त टीम ने थाना क्षेत्र के ग्राम पार्थ में संचालित अवैध मिनी गन फैक्ट्री का सफल उद्भेदन किया है। कार्रवाई के दौरान हथियार बनाने के लिए इस्तेमाल किए जा रहे भारी मात्रा में उपकरण और अर्द्धनिर्मित आग्नेयास्त्रों के पार्ट्स बरामद किए गए हैं।

हिलसा डीएसपी 2 ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार को की गई छापेमारी में सुनिल कुमार (48 वर्ष), पिता स्व. शिवनंदन प्रसाद, निवासी ग्राम पार्थ, थाना एकंगरसराय, जिला नालंदा को उसके घर से अवैध रूप से आग्नेयास्त्र निर्माण करते हुए गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने इस संबंध में एकंगरसराय थाना में मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने अर्द्धनिर्मित बट, बैरल, ट्रिगर गार्ड, ट्रिगर, 16 गेज चदरा, लोहे के विभिन्न आकारों में तैयार पार्ट्स, हैंड ग्राइंडर मशीन, हैक्सा ब्लेड, नट-बोल्ट, रेती, फ्लैप डिस्क, डाई रिंच, बेंच वाइस सहित कुल 23 तरह के औजार एवं हथियार निर्माण सामग्री बरामद की है। बरामद सामग्री से बड़े पैमाने पर हथियार तैयार किए जाने की आशंका जताई जा रही है। इस कार्रवाई का नेतृत्व थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार झा ने किया। टीम में पुअनि निर्मल सिंह, सअनि सुरेन्द्र महतो शामिल थे।

आधा दर्जन शराब भट्ठियां ध्वस्त, 15 हजार लीटर महुआ घोल नष्ट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रजौली। रजौली थाना क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के विरुद्ध पुलिस ने कार्रवाई कर भट्ठियों के साथ अर्द्ध निर्मित महुआ शराब को शुक्रवार को नष्ट किया है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रंजीत कुमार के कुशल नेतृत्व में पुलिस बल ने फरका बुजुर्ग पंचायत के अंतर्गत आने वाले जॉब जलाशय डैम के समीप महाबर पहाड़ी और कोलवा के घने जंगलों में सघन छापेमारी अभियान चलाया। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने जंगली इलाकों में छिपाकर संचालित की जा रही लगभग आधा दर्जन अवैध शराब भट्ठियों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। शराब माफिया दुर्गम पहाड़ियों और जंगलों की ओट में अवैध निर्माण का काला कारोबार चला रहे थे,जिस पर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सटीक कार्रवाई करते हुए विराम लगा दिया है। इस विशेष अभियान की सफलता में पुलिस की टीम भावना और तकनीकी सहायता का महत्वपूर्ण योगदान रहा। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से लगभग 15 हजार लीटर अर्धनिर्मित महुआ घोल को बरामद कर उसे स्थल पर ही बहाकर विनष्ट कर दिया। इसके साथ ही शराब बनाने

में प्रयुक्त होने वाले विभिन्न उपकरणों और संसाधनों को भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। इस पूरी कार्रवाई को अंजाम देने के लिए थानाध्यक्ष के साथ एसआई शमीम खान, एसआई जयप्रकाश चौधरी, एएसआई पवन कुमार और सत्यदेव प्रसाद के साथ पुलिस बलों की एक विशेष टीम गठित की गई थी। अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए पुलिस ने गया से आए विशेष खोजी कुत्ता टीम का भी सहारा लिया, जिससे घने झाड़ियों और पहाड़ी रास्तों में छिपाई गई शराब की खेप को ढूंढना आसान हो गया। पुलिस द्वारा अचानक छापेमारी से जंगली इलाके के शराब माफियाओं में हड़कंप मच गया।

जन सुनवाई में आमजनों की समस्याओं पर सुनवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। जिलाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा समाहरणालय सभाकक्ष में जन सुनवाई की गई। इस जन सुनवाई में जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें प्रस्तुत की। कुल 67 शिकायतें दर्ज की गईं। कार्यक्रम के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा कई शिकायतों का तत्काल निष्पादन किया गया, जबकि कुछ जटिल मामलों को संबंधित विभागीय अधिकारियों के पास जांच एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजा गया। जन सुनवाई में थाना-नेमदारगंज, साकिन-बरेव के मदन प्रसाद एवं उनके भाई द्वारा रंगदारी मांगने तथा नए मकान के निर्माण में बाधा डालने के संबंध में; अंचल-कौआकोल, टोला-बेलदरिया, ग्राम-छवैल के प्रकाश चौहान द्वारा शराब निर्माण नहीं रुकने के संबंध में; जिला-लखीसराय, थाना एवं ग्राम-विरूपुर के प्रभाकर कुमार द्वारा आधार में सुधार के संबंध में; थाना-कौआकोल, साकिन-दरावां के भगीरथ पासवान द्वारा किसान आईडी कार्ड के संबंध में; थाना-नेमदारगंज, साकिन-फलमां के रामानंद सिंह द्वारा खाता एवं प्लॉट संख्या डिमांड पर चढ़ाने के संबंध में; महेन्द्र कुमार, होम लाइट एंड टेंट हाउस, नवादा द्वारा विद्युत विभाग में किए गए कार्यों के विपत्र भुगतान के संबंध में; थाना-नवादा, पो०-ननौरा, ग्राम-कुरमा के लालजीत रविदास द्वारा चापाकल के संबंध में आवेदन दिया गया। इसके अतिरिक्त अन्य लोगों द्वारा भी विभिन्न शिकायतें प्रस्तुत की गईं।

जिला पदाधिकारी ने सभी उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता द्वारा प्रस्तुत समस्याओं का शीघ्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।जन सुनवाई में आए लोगों को आश्वस्त करते हुए उन्होंने कहा कि आपकी समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता है। सभी मामलों का निष्पादन यथाशीघ्र किया जाएगा। जन सुनवाई में अपर समाहर्त्ता अनिल कुमार तिवारी, ओएसडी राजीव कुमार, अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी डॉ० राजकुमार सिन्हा, प्रभारी जन शिकायत कोषांग, मनोज चौधरी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

ई-केवाईसी व किसान पंजीकरण को लेकर विशेष अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नारदीगंज। प्रखंड के ननौरा पंचायत में शुक्रवार को ई-केवाइसी व किसान पंजीकरण कार्य में तेजी लाने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया गया। यह अभियान विशेष सर्वेक्षण अमीन अविनाश कुमार तिवारी, विनिश कुमार व राकेश कुमार समेत अन्य के द्वारा संचालित कर ग्रामीणों को जागरुक किया गया। अभियान के दौरान गांव-गांव जाकर किसानों से संपर्क किया गया। उसके बाद पीएम किसान योजना से जुड़े लाभुकों को ई-केवाईसी की अनिवार्यता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कहा गया पीएम किसान योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए अब ई-केवाईसी अनिवार्य कर दिया गया है। किसान तीन तरीकों से ई-केवाईसी करा सकते हैं। जिनमें ओटीपी आधारित सत्यापन, फेस आथेंटिकेशन और बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन शामिल हैं। जिन किसानों ने अब तक ई-केवाईसी नहीं कराई है। उनकी किस्त में देरी हो सकती है या भुगतान पूरी तरह रोका भी जा सकता है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि ओटीपी आधारित ई-केवाईसी के लिए किसानों के पास आधार से लिंक मोबाइल नंबर होना आवश्यक है। इसके अलावा सरकार ने अब ई-केवाईसी के साथ-साथ फार्मर आईडी को भी अनिवार्य कर दिया है। जिन किसानों का फार्मर आईडी पीएम किसान खाते से लिंक नहीं होगा, उनकी अगली किस्त रोकी जा सकती है। इस संबंध में भी किसानों को जानकारी दी गई और जिनका पंजीकरण अधूरा था, उन्हें शीघ्र पूरा कराने की सलाह दी गई।

आपदा पीडितों को हर संभव मदद को संकल्पित बिहार की सरकार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। वेन प्रखंड के प्रखंड कार्यालय में अनुग्रह अनुदान योजना अंतर्गत तीन परिवारों को चार-चार लाख की सहायता राशि का चेक क्षेत्रीय विधायक बिहार सरकार के ग्रामीण विकास सह परिवहन मंत्री श्रवण कुमार के द्वारा प्रदान किया गया। बडी आट निवासी मृतक आरती कुमारी के पति ओमप्रकाश रविदास शहरी गांव निवासी मृतक सुरेश पंडित की आश्रित पत्नी सामपति देवी लेलिन नगर गांव के मृतक नौलख मांझी की आश्रित पत्नी गीता देवी को चार लाख अग्निकांड पीड़ित शर्विला देवी सोनी देवी एवं विजेन्द्र प्र को राज्य सरकार के द्वारा प्रदत्त 11 हजार की सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया।

इस अवसर पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि राज्य सरकार के खजाने पर

पहला हक आपदा पीड़ित परिवारों का है। आपदा पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद को नीतीश सरकार कृत संकल्पित है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार के लोगों की सेवा को समर्पित है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज समृद्धि यात्रा के माध्यम से जनकल्याण और विकास की नई दिशा को आगे बढ़ा रहे हैं।पश्चिम चंपारण से प्रारंभ हो रही इस यात्रा के दौरान जिले की विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की जाएगी। इस क्रम में 153 करोड़ की लागत से 125 नई योजनाओं का शिलान्यास तथा 29 करोड़ की लागत से 36 योजनाओं का उद्घाटन प्रस्तावित है।राज्य के हर नागरिक को बेहतर, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा देना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है बिहार में सड़कों का मजबूत जाल बिछा है। गांव-कस्बों से राजधानी तक बेहतर सड़कें, 6-लेन हाइवे, नए पुल-पुलिया और मेट्रो जैसी आधुनिक सुविधाओं ने आवागमन आसान किया है। आज बिहार तेज, सुरक्षित और सुगम कनेक्टिविटी के नए युग में आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख रंजू देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष अरविन्द पटेल सहित विजय कुमार, अजीत सिंह, पुरूजीत सिंह, शैलेंद्र कुमार, शैलेंद्र प्रसाद, मुंद्रिका प्रसाद, जितेंद्र सिंह, सोहित पटेल, भगेउन पाल, धुरी मांझी, जितु मांझी, उपेंद्र कुमार, सीताराम केवट, सुनील पासवान, निरज मुखिया एवं आशा कुमारी समेत कई जनप्रतिनिधि व स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

कांग्रेस के दुष्प्रचार का जवाब देने के लिए वीबीजी-रामजी योजना के लाभ जन-जन तक पहुंचाएगी भाजपा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। जिला भाजपा कार्यालय में विकसित भारत गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण (वीबीजी-रामजी) योजना को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला अध्यक्ष अनिल मेहता की अध्यक्षता में किया गया।

कार्यशाला के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री धनराज शर्मा रहे, जबकि विशिष्ट अतिथियों के रूप में पूर्व विधायक अरुणा देवी, जिला प्रभारी राजेश कुमार सिंह एवं नालंदा जिला प्रभारी संजय कुमार मुन्ना उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई।

कार्यक्रम का मंच संचालन कार्यक्रम के संयोजक जिला महामंत्री शैलेन्द्र शर्मा ने किया।

प्रदेश मंत्री धनराज शर्मा ने कहा कि कांग्रेस द्वारा वीबीजी-रामजी योजना को लेकर लगातार दुष्प्रचार किया जा रहा है, जिसका जवाब भाजपा कार्यकर्ता तथ्यों और जनसंपर्क के माध्यम से देंगे। उन्होंने निर्देश दिया कि कार्यकर्ता घर-घर जाकर योजना की वास्तविक विशेषताओं से लोगों को अवगत कराएं तथा गांवों में चौपाल लगाकर जनता को जागरूक करें। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत अब मजदूरों को 100 दिन की जगह 125 दिन का रोजगार मिलेगा तथा मजदूरी का भुगतान हर सप्ताह सीधे बैंक खाते में किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि मंडल स्तर पर कार्यशालाओं का आयोजन कर अभियान को और गति दी जाएगी। जिला प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने कहा कि वीबीजी-रामजी

योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता सरकार और जनता के बीच सेतु बनकर कार्य करें और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र लाभार्थी योजना से वंचित न रहे। जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने कहा कि वीबीजी-रामजी योजना ग्रामीण गरीबों, मजदूरों और महिलाओं के जीवन में आर्थिक सुरक्षा और सम्मान लाने वाली योजना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि श्रमिकों को अधिक कार्यदिवस और समय पर भुगतान मिले। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कांग्रेस के दुष्प्रचार को बेनकाब करने का आह्वान किया।उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन पूरी प्रतिबद्धता के साथ इस योजना को जन-जन तक पहुंचाएगा। 17 से 20 जनवरी तक सभी मंडलो मे कार्यशाला का आयोजन होगा जिसमे मंडल के कार्यकर्त्ता सहित पंचयात प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे पूर्व विधायक अरुणा देवी ने कहा कि विकसित भारत का संकल्प गांवों के विकास से ही पूरा होगा। वीबीजी-रामजी योजना ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार, आजीविका और आत्मनिर्भरता को मजबूती प्रदान कर रही है। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विजय पाण्डेय, सतीश सिन्हा, प्रियरंजन श्रीनिवास, प्रताप रंजन, नरेश वर्मा, जिला महामंत्री सह कार्यक्रम सह प्रभारी अरविन्द गुप्ता, गौरव शांडिल्य गगन, नंदकिशोर चौरसिया, उपाध्यक्ष कार्यक्रम सह प्रभारी विनोद भोली, मुकेश कुमार कोषाध्यक्ष विश्वास सिंह विशु एवं मोर्चा पदाधिकारी एवं मंडल के महामंत्री एवं मंडल के टोली के सभी सदस्य एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

टी.एस.कॉलेज हिसुआ में स्नातक सेमेस्टर पांच की परीक्षा शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हिसुआ। नगर परिषद स्थित महाविद्यालय टी.एस. कॉलेज, हिसुआ में मगध विश्वविद्यालय बोध गया द्वारा आयोजित स्नातक सेमेस्टर -5 सत्र 2023-27 की परीक्षा शांतिपूर्ण तथा कदाचार मुक्त शुरू हो गया है। केंद्राधीक्षक सह प्राचार्य डॉ.पवन कुमार शर्मा ने बताया कि मगध विश्वविद्यालय बोध गया द्वारा नारदीगंज कॉलेज नारदीगंज स्नातक सेमेस्टर का परीक्षा केंद्र टी.एस.कॉलेज, हिसुआ में बनाया गया है, स्नातक विज्ञान, कला, तथा वाणिज्य संकाय के 1230 छात्र/छात्राओं का परीक्षा केंद्र बनाया गया है,स्नातक सेमेस्टर - 5 का सैद्धांतिक परीक्षा 16 जनवरी से 21 जनवरी 2026 तक परीक्षा होगी। प्राचार्य डॉ.पवन कुमार शर्मा ने बताया कि परीक्षा कार्य में परीक्षा नियंत्रक डॉ संजय कुमार चौहान, सहायक परीक्षा नियंत्रक सिंधुकांत, अनिल कुमार, शैलेंद्र कुमार, अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में आज पहला दिन परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से दोनों पाली में सम्पन्न हुआ। महाविद्यालय के 10 कमरा में परीक्षा लिया जा रहा है। मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि परीक्षा कार्य में मिथिलेश पासवान,

अर्जुन कुमार,डॉ. सुनील कुमार दुबे, डॉ पूनम भारती, डॉ.अमरदीप मोहन अमहोरे, डॉ परमानंद राम, डॉ.रजनीश देव,डॉ.सुधा कुमारी,डॉ अंजली कुमारी डॉ दिव्या पाण्डेय, डॉ शांडिल्य, डॉ.गरिमा वर्मा, डॉ पम्मी कुमारी, डॉ प्रतिभा सिंह, डॉ मांडवी रानी, डॉ चंद्रशेखर शांडिल्य, डॉ प्रतिभा सिंह, डॉ.राकेश चौधरी, डॉ धनंजय कुमार, डॉ पप्पू कुमार, डॉ हेगोयल, डॉ पम्मी कुमारी, डॉ. उत्तम कुमार सहित सभी शिक्षक तथा कुछ कर्मचारी लगे हुए हैं।

डीएम ने की 17 मामलों की सुनवाई, कई का त्वरित समाधान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के अंतर्गत द्वितीय अपीलीय प्राधिकार के रूप में जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने सोमवार को कुल 17 मामलों की सुनवाई की। प्रशासनिक संवेदनशीलता की मिसाल पेश करते हुए कई मामलों का निपटारा सुनवाई से पूर्व ही संबंधित लोक प्राधिकार द्वारा कर दिया गया, जबकि शेष मामलों में जिलाधिकारी ने स्पष्ट और समयबद्ध निर्देश जारी किए। सुनवाई के दौरान अतिक्रमण, रास्ता उपलब्ध कराने, सरकारी अभिलेखों के गायब होने, एफआईआर दर्ज नहीं होने, पेंशन भुगतान, नल-जल योजना के बकाया भुगतान, निजी भूमि पर जबरन बोरवेल, तथा ट्रांसफार्मर अधिष्ठापन से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। जिलाधिकारी ने सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। कुछ मामलों में जिलाधिकारी ने विस्तृत जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। दौलती देवी की पेंशन भुगतान संबंधी शिकायत पर सामाजिक सुरक्षा कोषांग से रिपोर्ट तलब की गई, जबकि शत्रुघ्न प्रसाद के अतिक्रमण प्रकरण में भूमि सुधार उप समाहर्ता राजगीर, अंचल अधिकारी सिलाव एवं अपर समाहर्ता राजस्व को जांच का आदेश दिया गया। सुनवाई के दौरान जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि आमजन की शिकायतों का निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

टेंट गोदाम का ताला तोड़ चार लाख के उपकरण चोरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। बेन थाना क्षेत्र के बेन बाजार में सोमवार रात अज्ञात चोरों ने अमरजीत साउंड एंड टेंट हाउस के गोदाम का ताला तोड़कर करीब चार लाख रुपये मूल्य के उपकरण चोरी कर लिए। दुकान संचालक शंकर प्रसाद ने बताया कि वह रोज़ की तरह शाम करीब आठ बजे गोदाम बंद कर घर चले गए थे। मंगलवार सुबह जब गोदाम पहुंचे तो ताला टूटा मिला। अनुमानित कीमत लगभग चार लाख रुपये आंकी गई है।

रजौली में केनरा बैंक की नई शाखा, वित्तीय उम्मीदों का नया सवेरा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रजौली। प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को केनरा बैंक की नई शाखा का भव्य उद्घाटन किया गया। पुरानी बस स्टैंड स्थित आर्य समाज मंदिर के सामने एस.एस. कॉम्प्लेक्स में आयोजित इस कार्यक्रम में बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सर्किल ऑफिस पटना से आए डीजीएम प्रमोद कुमार ने फीता काटकर शाखा का शुभारंभ किया। इस शाखा के खुलने से क्षेत्र में सरकारी योजनाओं की पहुंच को नई गति मिलने की उम्मीद है। अब तक रजौली में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, मध्य बिहार ग्रामीण बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और बंधन बैंक की शाखाएं संचालित थीं। लंबे समय से एक और सरकारी बैंक की मांग महसूस की जा रही थी।

केनरा बैंक की एंट्री ने इस कमी को पूरा किया है। उद्घाटन समारोह की शुरुआत विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिसके बाद दीप प्रज्वलन किया गया। डीजीएम प्रमोद कुमार ने कहा कि केनरा बैंक एक सरकारी बैंक है, जिसका मुख्य उद्देश्य सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और बेहतर ग्राहक सेवा देना है। रीजनल ऑफिस गया के एजीएम कपिल गणेश गॉड ने बताया कि यह गया क्षेत्र की 50वीं और पूरे बिहार की 330 वीं केनरा बैंक शाखा है।

उन्होंने बताया कि शाखा के माध्यम से जन-धन खाते, सस्ती बीमा और पेंशन योजनाएं, मुद्रा लोन सहित अन्य सरकारी योजनाओं की जानकारी घर-घर पहुंचाई जाएगी।

ब्रांच मैनेजर रणविजय कुमार मिश्रा ने वित्तीय समावेशन को प्राथमिक लक्ष्य बताते हुए आम लोगों से बैंक से जुड़ने की अपील की। नई शाखा के खुलने से रजौली और आसपास के ग्रामीण इलाकों में बैंकिंग सेवाएं सुलभ होंगी। स्थानीय लोगों को अब योजनाओं के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। इससे आर्थिक गतिविधियों को भी मजबूती मिलने की संभावना है।

कंप्यूटर साइंस शिक्षक अभ्यर्थियों ने रिक्तियों की मांग उठाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गया जी। गया जी जिले सहित बिहार के विभिन्न जिलों में प्रारंभिक से लेकर उच्च स्तरीय विद्यालयों में तकनीकी शिक्षा को सुदृढ़ करने के लिए कंप्यूटर साइंस शिक्षक की नियुक्ति की मांग तेज हो गई है। कंप्यूटर साइंस शिक्षक पद के लिए योग्य और प्रशिक्षित अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से रिक्तियां प्रकाशित कर बहाली प्रक्रिया शुरू करने की मांग की है, ताकि बच्चों को समुचित तकनीकी शिक्षा मिल सके। अभ्यर्थियों का कहना है कि राज्य के विद्यालयों में कंप्यूटर विषय की पढ़ाई कराई जा रही है और इसके लिए पाठ्य पुस्तकें भी प्रकाशित हो चुकी हैं, लेकिन विषय के अनुरूप प्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति नहीं की जा

रही है। वर्तमान में अन्य विषयों के शिक्षकों को केवल पांच दिन का प्रशिक्षण देकर कंप्यूटर की पढ़ाई कराई जा रही है जिससे शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। अभ्यर्थियों ने कहा कि वे सभी कंप्यूटर विज्ञान में डिग्रीधारी और प्रशिक्षित हैं, इसलिए उन्हें कंप्यूटर साइंस शिक्षक के रूप में अवसर दिया जाना चाहिए। कंप्यूटर साइंस शिक्षक अभ्यर्थियों ने बताया कि तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रारंभिक विद्यालय से लेकर उच्चतर विद्यालयों तक कंप्यूटर शिक्षा को अनिवार्य बनाया जा रहा है। ऐसी स्थिति में विद्यालयों में कंप्यूटर साइंस शिक्षक के पद खाली नहीं रहने चाहिए। सभी विद्यालयों में कंप्यूटर साइंस शिक्षकों की बहाली की प्रक्रिया शीघ्र लागू की जानी चाहिए। अभ्यर्थियों ने यह भी कहा कि शिक्षा मंत्री द्वारा पहले 26 हजार कंप्यूटर साइंस शिक्षक की रिक्तियां लाने का आश्वासन दिया गया था। इसके अलावा राज्य सरकार ने बिहार में कुल एक लाख बीस हजार शिक्षकों की नियुक्ति की बात कही थी जिसमें लगभग बत्तीस हजार कंप्यूटर साइंस शिक्षकों की बहाली की चर्चा थी, लेकिन अब तक इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। कंप्यूटर साइंस शिक्षक अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और शिक्षा मंत्री सुनील कुमार से मांग की है कि कंप्यूटर साइंस शिक्षक पद की रिक्तियां जल्द से जल्द प्रकाशित कर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की जाए। ताकि तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्ध प्रशिक्षित मानव संसाधन का सही उपयोग हो सके।

ट्रेनों के परिचालन में सुरक्षा और संरक्षा को लेकर सतर्कता बनाए रखने पर जोर

ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर्स एसोसिएशन की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गया जी। पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू रेल मंडल अंतर्गत गया जंक्शन पर ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर्स एसोसिएशन, गया शाखा के नेतृत्व में स्टेशन मास्टरों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन को सुनिश्चित करने के लिए संरक्षा के प्रति सतर्कता बनाए रखने का संकल्प दोहराया गया। बैठक में संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने सुरक्षा के महत्व पर विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रेल संरक्षा के प्रति स्टेशन मास्टरों के कंधों पर अत्यंत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है। स्टेशन मास्टरों को ट्रेनों के सुरक्षित आगमन, प्रस्थान और क्रॉसिंग को सुनिश्चित करने के साथ-साथ सिग्नल और संचार व्यवस्था की निरंतर निगरानी रखनी पड़ती है। इसके अलावा यात्रियों और स्टेशन परिसर की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी स्टेशन मास्टरों की भूमिका का अहम हिस्सा है। उन्होंने कहा कि आपात स्थिति में स्टेशन मास्टर को अंतिम निर्णय लेकर स्थिति को नियंत्रित करना होता है। इसके लिए लोको पायलट, गार्ड और कंट्रोल रूम के साथ लगातार संपर्क बनाए रखना आवश्यक होता है, ताकि ट्रेन संचालन सुचारु और सुरक्षित बना रहे। बैठक में स्टेशन मास्टर सह संरक्षा सलाहकार ओमप्रकाश मानव ने कहा कि ट्रेन संचालन नियंत्रण के तहत स्टेशन मास्टरों को कई बार कठिन परिस्थितियों में भी पूरी सतर्कता के साथ कार्य करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि स्टेशन पर ट्रेनों के आगमन और प्रस्थान, एक-दूसरे को क्रॉस करने का आधिकारिक आदेश देने, प्लेटफॉर्म आवंटन करने और आवश्यक होने पर ट्रेनों को होल्ड करने जैसे महत्वपूर्ण निर्णय स्टेशन मास्टर को लेने पड़ते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सिग्नल फेलियर या तकनीकी खराबी की स्थिति में सुरक्षित तरीके से ट्रेनों को आगे बढ़ाना, सिग्नल और संचार व्यवस्था के माध्यम से सिग्नलिंग प्रणाली की सही कार्यप्रणाली सुनिश्चित करना, कंट्रोल रूम, लोको पायलट और गार्ड के साथ लगातार संपर्क बनाए रखना स्टेशन मास्टर की जिम्मेदारी होती है। इसके साथ ही यात्रियों की सुरक्षा और उनकी शिकायतों के समाधान का दायित्व भी स्टेशन मास्टर निभाते हैं। ओमप्रकाश मानव ने स्टेशन मास्टरों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन के साथ-साथ यात्रियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखना भी आवश्यक है। बैठक के अंत में एसोसिएशन के मंडल सचिव प्रिंस कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

कोंच में मायावती के जन्मदिन पर सावित्रीबाई फुले को किया याद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोंच। कोंच में बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन मायावती के जन्मदिन के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित गुरुवार रात किया गया। इस दौरान शिक्षा की देवी सावित्रीबाई फुले को भी श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया जिनका जन्मदिन पूर्व में 3 जनवरी को मनाया जा चुका है। इस अवसर पर कोंच मदरसा में बच्चों के बीच कॉपी, कलम एवं गमछा का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला सामाजिक कार्यकर्ता पूजा भारती ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने शिक्षा के माध्यम से समाज को नई दिशा दी और बहन मायावती ने सामाजिक न्याय एवं समानता की लड़ाई को मजबूती दी। उन्होंने शिक्षा को समाज के विकास की सबसे मजबूत नींव बताया। कार्यक्रम में आशानंद भारती, रामविनय दास, विपिन कुमार, हरिओम अकेला सहित कई ग्रामीण सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने शिक्षा, सामाजिक समानता और जागरूकता को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

पंचायत समिति की बैठक प्रखण्ड प्रमुख ने की स्थगित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गुरारू। बिहार राज्य पंचायत रोजगार सेवक संघ, गया इकाई के तत्वावधान में प्रखण्ड सह अंचल परिसर में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गौरतलब है कि यह धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम गुरारू प्रखण्ड प्रमुख सह भाजपा नेत्री उर्मिला देवी की गिरफ्तारी के लिए किया गया। प्रमुख पर घटेरा पंचायत के रोजगार सेवक पंकज कुमार ने पिछले मंगलवार को आरोप लगाया था कि प्रमुख ने अपने चैंबर में बुलाकर मुझे मारपीट किया जिससे कुछ दिन पूर्व रेटिना का ऑपरेशन करवाया गया आंख में चोट लगा और आंख से खून छलक गया। इस संबंध में थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी, परन्तु आज तक प्रमुख की गिरफ्तारी नहीं हुई है। दूसरी ओर प्रमुख द्वारा भी थाना में रोजगार सेवक के विरुद्ध भी अनुसूचित जाति/जनजाति अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष देवबली कुमार एवं मंच संचालन प्रमोद कुमार सुमन ने किया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार, सचिव विपीन कुमार, संतोष कुमार, वरूण कुमार, संजीत कुमार, अनुप कुमार, राजदेव पासवान, विनित कुमार, नागमणि कुमार सहित विभिन्न प्रखण्डों में पदस्थापित दर्जनों पंचायत रोजगार सेवकों ने शिरकत किया। ज्ञात हो कि आगामी मंगलवार को होने वाली पंचायत समिति की बैठक को प्रखण्ड प्रमुख द्वारा स्थगित कर दिया गया है और कयास लगाया जा रहा है कि गिरफ्तारी की डर से यह नियमित बैठक को स्थगित किया गया है।

मध्य विद्यालय नदरपुर में मध्याह्न भोजन में घोटाले का मामला उजागर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

डोभी/गयाजी। गयाजी जिले के डोभी प्रखंड अंतर्गत नदरपुर स्थित मध्य विद्यालय नदरपुर में मध्याह्न भोजन (एमडीएम) योजना में घोटाले का मामला सामने आया है। विद्यालय में छात्रों की वास्तविक उपस्थिति कम होने के बावजूद मध्याह्न भोजन की सूची में अधिक छात्रों की संख्या दर्शाकर खाना बनवाए जाने का आरोप है। मामला 15 जनवरी 2026 का बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार विद्यालय में कक्षा 1 से 5 तक कुल 23 छात्र उपस्थित थे जबकि मध्याह्न भोजन की सूची में 37 छात्रों को भोजन दिया जाना दर्शाया गया। वहीं कक्षा 6 से 8 तक मात्र 5 छात्र उपस्थित थे, लेकिन रिकॉर्ड में 22 छात्रों को मध्यान भोजन दिया गया है। ग्रामीणों और अभिभावकों का आरोप है कि छात्रों की वास्तविक उपस्थिति और मध्याह्न भोजन की संख्या में भारी अंतर है, जो सीधे तौर पर सरकारी योजना में अनियमितता और घोटाले की ओर इशारा करता है। इस मामले के उजागर होने के बाद क्षेत्र में नाराजगी का माहौल है।

पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक ने किया हरनौत एवं पटना-नटेसर रेलखंड का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा पटना-नटेसर वाया बख्तियारपुर-हरनौत-राजगीर-नटेसर तथा वापसी में नटेसर-दनियावां-जटडुमरी-पटना रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक ने इस रेलखंड के रेलवे ट्रैक, रेल पुलों आदि का मुआयना किया। महाप्रबंधक ने रेल ट्रैक के बेहतर रख-रखाव एवं संरक्षित रेल परिचालन के लिए हर संभव कदम उठाने का निर्देश दिए। निरीक्षण के प्रथम चरण में महाप्रबंधक सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत पहुंचे जहां उन्होंने कारखाना के एलएचबी व्हील शॉप, एलएचबी बोगी शॉप, सीएमटी लैब, एचआरएस शॉप, हॉट एंड कोल्ड चेम्बर, एसी डक्ट क्लीनिंग, एबी शॉप आदि का गहन निरीक्षण किये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संरक्षा से संबंधित किये जाने वाले कार्यों का विशेष तौर पर जायजा लिया। सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत में 250 किलोवाट क्षमता वाले प्रथम सौर ऊर्जा संयंत्र तथा एएमडीबीएस रखरखाव इकाई का महाप्रबंधक की उपस्थिति में कारखाना में कार्यरत महिला कर्मचारी द्वारा लोकार्पण किया गया।

विवाहिता की हत्या मामले में फरार चल रहा आरोपित पति गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोंच (गया)। आंती थाना क्षेत्र के सिमरहुआ गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध मौत के मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में आरोपी उपेंद्र यादव को शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। मालूम हो कि 14 फरवरी 2024 को सिमरहुआ गांव में विवाहिता संजू देवी (35) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मृतका की मां शांति देवी ग्राम राणापुर थाना गुरारू ने इस संबंध में आंती थाना में आवेदन देकर बेटी

की हत्या का आरोप उसके पति और ससुराल पक्ष पर लगाया था। आवेदन में बताया गया कि संजू देवी की शादी करीब 15 वर्ष पूर्व सिमरहुआ गांव निवासी उपेंद्र यादव (उम्र 29 वर्ष), पिता लालवेसर यादव से हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार हुई थी। मृतका की मां के अनुसार शादी के शुरुआती वर्षों में सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन बाद के दिनों में पति एवं ससुराल के अन्य सदस्य बिना किसी कारण के संजू देवी के साथ मारपीट और मानसिक प्रताड़ना करने लगे। इसकी जानकारी कई बार मायके पक्ष को दी गई, लेकिन समझाने-बुझाने के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। 14 फरवरी की रात करीब 11 बजे उपेंद्र यादव ने फोन कर संजू देवी की तबीयत गंभीर होने की सूचना दी। परिजन रात में ससुराल नहीं पहुंच सके। इसके बाद 15 फरवरी की सुबह करीब तीन बजे संजू देवी की मौत की खबर दी गई जब परिजन सुबह ससुराल पहुंचे तो उन्हें घर में प्रवेश नहीं करने दिया गया। बाद में जानकारी मिली कि संजू देवी की मौत के बाद शव को कथित तौर पर जला दिया गया है। थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने बताया कि इस मामले में अब तक तीन अन्य आरोपियों को पहले ही जेल भेजा जा चुका है जबकि मुख्य आरोपी उपेंद्र यादव पिछले दो वर्षों से फरार चल रहा था। लगातार प्रयासों के बाद उसकी गिरफ्तारी की गई है।

वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का करें उपयोग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गयाजी। सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ बिहार (सीयूएसबी) के प्रो बोनो क्लब ने जिला परिवहन कार्यालय (डीटीओ), गया के सहयोग से पंचानपुर और टिकारी क्षेत्रों के निवासियों से संवाद किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सड़क सुरक्षा मानदंडों, जिम्मेदार नागरिक आचरण तथा यातायात नियमों के उल्लंघन के कानूनी निहितार्थों के प्रति जागरूकता फैलाना था।

16 केवी ट्रांसफार्मर की क्वाइल चोरी, ग्रामीणों में आक्रोश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

डोभी/गयाजी। डोभी थाना क्षेत्र अंतर्गत सेवईचक शिव मंदिर के पास बीते लगभग 10 वर्षों से पड़ा हुआ 16 केवी क्षमता का ट्रांसफार्मर का क्वाइल रहस्यमय ढंग से गायब हो गया। इस घटना से क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार के दिन दो बिजली मिस्त्रियों के द्वारा उक्त ट्रांसफार्मर को खोला गया था। उस समय ट्रांसफार्मर के अंदर क्वाइल सुरक्षित अवस्था में मौजूद थी। एक दिन बाद ट्रांसफार्मर का ढक्कन खुला हुआ मिला और अंदर से कीमती क्वाइल गायब थी। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। लोगों का कहना है कि लंबे समय से पड़े ट्रांसफार्मर की क्वाइल चोरी की गई है।

आजाद भारत के इतिहास में पहली बार मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार की जांच कर रही एजेंसी से फाइल छीनी : रविशंकर प्रसाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। पटना साहिब के सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह से पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा बर्बरतापूर्वक इडी के अधिकारियों को जांच के क्रम में रोकने की कोशिश की गई, उसकी सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने जो टिप्पणी की है, उससे गंभीर सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने इस घटना की भर्त्सना करते हुए कहा कि कोर्ट में सरकार की ओर से बताया गया कि आईपैक कंपनी के पास कोयला घोटाले के मनी लॉड्रिंग के 20 करोड़ रुपये जमा करने का संदेहास्पद सबूत मिले थे, इस कारण जांच जरूरी थी। यह घोटाला करीब तीन हजार करोड़ रुपये का है। उन्होंने कहा कि इस सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट में इडी ने स्पष्ट रूप से बताया है कि वहां हम क्यों गए थे? जांच के क्रम में वहां मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पहुंच गईं और एक फाइल लेकर निकल गईं। वहां पुलिस के बड़े अधिकारी भी पहुंचे और फाइल लेकर भागते नजर आए, यह हास्यास्पद दृश्य सभी ने देखा। वहां डीजीपी भी साथ थे। उन्होंने यह भी कहा कि उच्च न्यायालय में सुनवाई रोकने के लिए टीएमसी के लीगल सेल द्वारा यह सूचना दी गई कि सभी लोग आ जाओ। यह बात भी सुप्रीम कोर्ट को बताई गई है। पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि इडी की यह छापेमारी ममता बनर्जी के आवास, दफ्तर, टीएमसी के कार्यालय या किसी नेता के घर पर नहीं हो रही थी, यह छापेमारी आई पैक कंपनी के कार्यालय में हो रही थी। आजाद भारत के इतिहास में पहली बार हुआ कि एक मुख्यमंत्री भागते हुए पहुंची और भ्रष्टाचार की जांच कर रही एजेंसी से फाइल छीन ली। चारा घोटाला की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि उस समय कभी भी पटना के सीबीआई के दफ्तर पर हमला नहीं बोला गया, यह स्वीकार करने वाली बात है।

बिहार के तीन ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों पर स्वच्छता एवं पर्यटन जागरूकता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। केन्द्रीय होटल प्रबंधन संस्थान, हाजीपुर के द्वारा 'स्वच्छता एक्शन प्लान (सैप)' अतंर्गत पर्यटन मंत्रालय के निदेशानुसार बिहार के तीन ऐतिहासिक पर्यटन स्थल 'हरिहरनाथ मंदिर (सोनपुर), गांधी घाट (पटना), अशोका पिलर (वैशाली)', की पवित्र भूमि पर एक साथ स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम सहित पर्यटन जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस दौरान ढोल नगाड़ों एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उपस्थित पर्यटकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। बाबा हरिहरनाथ मंदिर न्यास समिति सोनपुर के कोषाध्यक्ष निर्भय कुमार सिन्हा एवं सोनपुर से नंदलाल जी ने स्वच्छता कार्यक्रम के लिए हरिहरनार्थ मंदिर क्षेत्र का चयन करने

के लिए पर्यटन मंत्रालय का धन्यवाद दिया और बताया कि इस तरह के आयोजनों के साथ स्वच्छता की शुरूआत से लोगों के बीच एक अच्छा संदेश जायेगा। कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य रचनात्मक प्रदर्शन और प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पर्यटकों से रूबरू होने वाले पुजारी, दुकानदार, होटल कर्मचारी, ड्राइवर, पुलिस कांस्टेबल सहित उपस्थित लोगों को स्वच्छता से संबंधित विस्तृत जानकारी देना एवं जागरूक करना। नाटक के उपरांत टीमों ने प्रत्येक स्थल पर सघन स्वच्छता अभियान चलाया और कचरा प्रबंधन के सर्वोत्तम तौर तरीकों का प्रदर्शन किया। जागरूकता को स्थायी बनाने के लिए संस्थान ने प्रतिभागियों और तीर्थयात्रियों के बीच पर्यावरण के अनुकूल (इको फ्रेंडली) बैग वितरित किए ताकि एकल उपयोग वाले प्लास्टिक के त्याग को बढ़ावा दिया जा सके। सुमित चटर्जी (विभागाध्यक्ष) ने कहा कि स्वच्छता आतिथ्य सत्कार की रीढ़ है और इस योजना के माध्यम से छात्र राष्ट्रीय विरासत का सम्मान करने वाले जिम्मेदार नेतृत्वकर्ता के रूप में तैयार हो रहे हैं। कार्यक्रम कोऑडिनेटर अनूपम कुमार (वरीय व्याख्याता) ने बताया कि गांधी घाट पर इस आयोजन से युवाओं को पर्यटन संपदा की सुरक्षा के प्रति जोड़ने में मदद मिली वहीं अमित कुमार (वरीय व्याख्याता) ने रेखांकित किया कि हरिहरनाथ मंदिर क्षेत्र में नुक्कड़ नाटक के आयोजन से स्वच्छता को एक सामुदायिक आदत में बदलने का प्रयास किया गया। नीरज कुमार (व्याख्याता) ने कहा कि अशोक स्तंभ जैसे वैश्विक धरोहरों की स्वच्छता सुनिश्चित करना अंतरराष्ट्रीय पटल पर एक स्वच्छ और स्वागत योग्य भारत की छवि पेश करता है।

झारखण्ड सरकार
नगर विकास एवं आवास विभाग, कार्यालय, नगर पंचायत हरिहरगंज (पलामू)

Very Short Tender Notice

Very Short Tender Notice No – UDD/HNP/02/2025-26, Dated- 15.01.2026

1. निविदाकर्ता का पदनाम एवं पताः — कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत हरिहरगंज।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समयः — दिनांक– 22.01.2026 को पूर्वाहन 11 बजे से अपराहन 02 बजे तक।
3. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थानः — कार्यालय नगर पंचायत, हरिहरगंज।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समयः — दिनांक– 24.01.2026 को 11 बजे पूर्वाहन से 01 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थानः — कार्यालय नगर पंचायत, हरिहरगंज।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः — दिनांक– 24.01.2026 को 02 बजे अपराह्न से।
7. योजनाओं की विवरणी निम्नवत है–

Sl. No	Tender ID	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि	परिमाण विपत्र का राशि	अग्रधन की राशि 2%	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि	मद
1	UDD/HNP/02/01/2025- 26	Construction of PCC Road from Devi Asthan to Braham Asthan ward no 03 Purnadih	460600.00	460600.00	9212.00	1000.00	02 माह	शहरी परिवहन मद
2	UDD/HNP/02/02/2025- 26	Construction of PCC ROAD AND RCC DRAIN AT WARD NO :-01 Ansari Bigaha FROM :- SAKEEL HOME TO:- MO ILTAB HUSAIN	357000.00	357000.00	7140.00	1000.00	02 माह	नागरिक सुविधा मद
3	UDD/HNP/02/03/2025- 26	Construction of PCC ROAD AND RCC DRAIN AT WARD NO :-01 Ansari Bigaha FROM :- SAKIR HUSAIN HOME TO:-MAIN ROAD	289500.00	289500.00	5790.00	1000.00	02 माह	नागरिक सुविधा मद
4	UDD/HNP/02/04/2025- 26	Construction of RCC Culvert at ward no 03 Dema on REO Road	194300.00	194300.00	3886.00	1000.00	02 माह	नागरिक सुविधा मद
5	UDD/HNP/02/05/2025- 26	Purnadih Shamshan Shed Construction on Batane River at ward no 03	285000.00	285000.00	5700.00	1000.00	02 माह	नागरिक सुविधा मद
6	UDD/HNP/02/06/2025- 26	Construction of PCC ROAD AND RCC DRAIN AT WARD NO :-04 FROM :- Lallu Prasad Home TO:-Tirupati Cement	996700.00	996700.00	19934.00	5000.00	02 माह	नागरिक सुविधा मद
7	UDD/HNP/02/07/2025- 26	Construction of PCC Road and RCC Drain at ward no 05 Satgawan From- Bhuneshwar Ram Home to Raju Paswan Home	782900.00	782900.00	15658.00	5000.00	02 माह	नागरिक सुविधा मद
8	UDD/HNP/02/08/2025- 26	Construction of RCC Drain from House of Kameshwar Baitha to Laxman Prajapati at ward no 14 Bhagat tendua	737700.00	737700.00	14754.00	5000.00	02 माह	नागरिक सुविधा मद
9	UDD/HNP/02/09/2025- 26	Construction of RCC Drain from House of Bhusan Ram to Gumti of Prem Ram via Jalminar at ward no 15	822200.00	822200.00	16444.00	5000.00	02 माह	नागरिक सुविधा मद
10	UDD/HNP/02/10/2025- 26	Construction of PCC Road from Ararua More to Jaggu Chauck at ward no 09	998500.00	998500.00	19970.00	5000.00	02 माह	नागरिक सुविधा मद/शहरी परिवहन मद
11	UDD/HNP/02/11/2025- 26	Construction of Paver Block on Both Side of Road from Ararua More to Jagu Chauck at ward no 09	991782.00	991782.00	19836.00	5000.00	02 माह	नागरिक सुविधा मद/शहरी परिवहन मद
12	UDD/HNP/02/12/2025- 26	Construction of PCC Road from Satgawan Middle School to Simari Nahar at ward no 05	997600.00	997600.00	19952.00	5000.00	02 माह	नागरिक सुविधा मद/शहरी परिवहन मद
13	UDD/HNP/02/13/2025- 26	Construction of PCC Road and RCC Drain from Samatwa tandi Murari Singh to House of Ramji Paswan via House of Dhaneshwar Paswan at ward no 11 Araruakala	990600.00	990600.00	19812.00	5000.00	02 माह	नागरिक सुविधा मद/शहरी परिवहन मद
14	UDD/HNP/02/14/2025- 26	Construction of PCC Road from House of Mantu Chaudhari to Vinod Vishwakrma at ward no 02	996100.00	996100.00	19922.00	5000.00	02 माह	नागरिक सुविधा मद/शहरी परिवहन मद
15	UDD/HNP/02/15/2025- 26	Construction of PCC Road from Dema Panchayat Bhawan to House of Rajnandan yadav at ward no 03	848200.00	848200.00	16964.00	5000.00	02 माह	नागरिक सुविधा मद/शहरी परिवहन मद
16	UDD/HNP/02/16/2025- 26	Construction of PCC Road from House of Manoj Saw to Dhobighat Ahar ward no 15	997600.00	997600.00	19952.00	5000.00	02 माह	नागरिक सुविधा मद/शहरी परिवहन मद
17	UDD/HNP/02/17/2025- 26	Construction of PCC Road & RCC Drain from PCC Road to House of Udit Ansari via Pramod Ravi ward no 05	990600.00	990600.00	19812.00	5000.00	02 माह	नागरिक सुविधा मद/शहरी परिवहन मद
18	UDD/HNP/02/18/2025- 26	Construction of RCC Drain from House of Akhilesh Yadav to REO Road ward no 03	991600.00	991600.00	19832.00	5000.00	02 माह	नागरिक सुविधा मद/शहरी परिवहन मद
19	UDD/HNP/02/19/2025- 26	Construction of PCC Road and RCC Drain from House of Jagdish Mehta to Shyamlal Mehta at ward no 09 Araruakhurd	997200.00	997200.00	19944.00	5000.00	02 माह	नागरिक सुविधा मद/शहरी परिवहन मद
20	UDD/HNP/02/20/2025- 26	Construction of PCC Road and RCC Drain from house of Ramanand Paswan to Katahi Pipal Tree via Rampravesh Singh Field at ward no 11 Araruakala	760500.00	760500.00	15210.00	5000.00	02 माह	नागरिक सुविधा मद/शहरी परिवहन मद

Helpline Number of Procurement cell- 6206017735, 9835305521, 8409053313

1.इस निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी कार्य दिवस में कार्यालय, नगर पंचायत, हरिहरगंज के सूचना पट्ट एवं http://jharkhandtenders.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत हरिहरगंज

PR 370783 District(25-26).D

संपादकीय

'पंचगव्य' परियोजना में गड़बड़झाला

यह गोबर-गौमूत्र घोटाला मध्य प्रदेश के शैक्षिक संस्थानों की विश्वसनीयता पर करारा प्रहार है। नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर में अनुसंधान के नाम पर सरकारी धन के दुरुपयोग ने न केवल विज्ञान जगत को शर्मसार किया, बल्कि जनता के विश्वास को भी चूर-चूर कर दिया। 2011 में शुरू हुई यह परियोजना 'पंचगव्य' (गोबर, गौमूत्र, दूध, दही, घी) से कैंसर जैसी बीमारियों के इलाज का वादा लेकर रू. 8.74 करोड़ की मांग पर आई थी। सरकार ने 3.5 करोड़ मंजूर किए। लेकिन, जांच में खुलासा हुआ कि यह धन लैब और शोध के बजाय व्यक्तिगत ऐशो-आराम पर उड़ाया गया। यह घटना भ्रष्टाचार की उस जड़ को उजागर करती है, जहां विकास के नाम पर लूट मचाई जाती है। जांच टीम का लैब का दौरा किसी बुरे सपने जैसा था। 'हाई-टेक' रिसर्च सेंटर पुराने खंडहर की तरह मिला, जहां वैज्ञानिक उपकरणों के बजाय गमले-दिए बनाने की साधारण मशीनें पड़ी थीं। दस्तावेजों में रू. 1.92 करोड़ की मशीनरी खरीद दिखाई गई। जबकि, विशेषज्ञों के मुताबिक उनकी बाजार मूल्य महज 15-20 लाख रुपए। बाकी धन 7.38 लाख की कार, 2.93 लाख पेट्रोल-डीजल, 2.76 लाख वाहन रखरखाव, गोवा की 'रिसर्च यात्राएं' ये सब प्रोजेक्ट से कोसों दूर। ड्राइवर सैलरी पर 2.22 लाख और मजदूर भुगतान पर 50 हजार बिना रिकॉर्ड के। यह सरकारी धन की लूट है, जो योजनाओं की हकीकत बयां करती है। 'पंचगव्य' को बढ़ावा देकर किसानों को स्वावलंबी बनाने का दावा झूठा साबित हुआ। यह घोटाला केवल आर्थिक अपराध नहीं, बल्कि वैज्ञानिक अनुसंधान पर धब्बा है। भारत जैसे विकासशील देश में वैकल्पिक चिकित्सा पर शोध जरूरी है, खासकर आयुर्वेदिक परंपराओं को मजबूत करने के लिए। गोबर-गौमूत्र के औषधीय गुणों पर प्रारंभिक अध्ययन आशाजनक हैं गौमूत्र में एंटी-कैंसर गुण पाए गए हैं। लेकिन जब ऐसे प्रोजेक्ट भ्रष्टाचार का शिकार बनते हैं, तो जनता का विज्ञान पर भरोसा डगमगाता है। विश्वविद्यालय प्रशासन की आंतरिक जांच सफेद झूठ है। कुलसचिव आरोपों को खारिज कर रहे हैं, लेकिन जिला प्रशासन की रिपोर्ट साक्ष्यों से भरी पड़ी है। यह रवैया संस्थागत जवाबदेही की कमी दर्शाता है। मध्य प्रदेश सरकार को तत्काल केंद्रीय जांच एजेंसी (सीबीआई) से जांच करवानी चाहिए। दोषी अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज हो, संपत्ति जब्त हो और राशि वसूली जाए। विश्वविद्यालय अधिनियम के तहत कुलपति और रजिस्ट्रार की जिम्मेदारी तय हो। साथ ही, अनुसंधान परियोजनाओं के लिए पारदर्शी ऑडिट सिस्टम लागू हो, जीएसटीएन जैसी डिजिटल ट्रैकिंग भी अनिवार्य। केंद्र सरकार की 'आयुष मिशन' जैसी योजनाओं में भी ऐसी सतर्कता जरूरी। यह मामला गोबर घोटाले तक सीमित न रहे, यह सभी सरकारी शोध संस्थानों के लिए चेतावनी है। राजनीतिक नजरिए से देखें तो यह भाजपा शासित मध्य प्रदेश में भ्रष्टाचार की बड़ी घटना है। नानाजी देशमुख जैसे संत-नेता के नाम पर बने संस्थान में यह हादसा शर्मनाक है। विपक्ष को चुप्पी तोड़नी चाहिए, लेकिन सत्ता पक्ष को खुद सुधार दिखाने का मौका है। जनता, जो करों से यह धन देती है, अब सवाल पूछेगी कि कैंसर रोगी क्यों गरीबी में तड़फे और अधिकारी ऐश करें? लोकतंत्र में जवाबदेही ही भ्रष्टाचार रोकेगी। यह घोटाला हमें सोचने पर मजबूर करता है कि विकास के वादों के पीछे लूट का जाल कैसे बिछा है। सख्त कानून, ईमानदार प्रशासन और जन जागरूकता से ही ऐसे घोटालों पर लगाम लगेगी। मध्य प्रदेश को नया अध्याय लिखना होगा, जहां विज्ञान सच्चा शोध करे, न कि स्कैम।

ईरान में दोहरा संकट, न अमन, न चैन

ईरान के इस्लामी गणतंत्र के लिये मुसीबतों का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि वहां करीब एक पखवाड़े से उग्र प्रदर्शनों का तांता लगा हुआ है। 28 दिसंबर से शुरू हुये उन प्रदर्शनों पर काबू पाने के लिये पुलिस को जगह-जगह गोलियां चलानी पड़ी है। इसके फलस्वरूप अब तक 646 लोगों की जान जाने की खबर है। इनमें 505 प्रदर्शनकारियों, 113 सुरक्षाकर्मियों और सात तमाशबीनों का समावेश है। इसके अलावा 579 मौत की पुष्टि होना अभी शेष है और उनकी तफ्तीश की जा रही है। सरकार ने प्रदर्शनकारियों के प्रति कड़ाई बरतने के संकेत दिये हैं और एक पखवाड़े की अवधि में दस हजार से अधिक ईरान को गिरफ्तार किया है।

डॉ. सुधीर सक्सेना

ईरान अशांत है। वह फिलवक्त दो पाटों में फंसा हुआ है। एक ओर तो घरेलू मोर्चे पर देगची में असंतोष खलभला रहा है, दूसरी ओर लंबे अर्से से आर्थिक-पाबंदियां झेल रहे ईरान को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 'कभी भी कार्रवाई' की धमकी ने सांसत में डाल दिया है। यद्यपि ईरान ने युद्ध के लिये तैयार रहने और आक्रमण होने पर करारा जवाब देने की बात कही है, अलबत्ता उसने अमेरिका के साथ वार्ता के लिये भी तत्परता दर्शायी है। गौरतलब है कि वाशिंगटन और तेहरान के बीच दौत्य-संबंध नहीं है और उनके बीच संदेशों के आदान-प्रदान का दायित्व स्विस-दूतावास निभा रहा है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघायेई का कहना है कि मध्यपूर्व के लिये ट्रंप प्रशासन के विशेष दूत स्टीव विटकोफ और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरघची के बीच संचार-प्रणाली चालू है और पड़ने पर संदेशों का आदान-प्रदान जारी है। सोमवार 12 जनवरी को ईरानी विदेशमंत्री यह कहते हुये उद्धृत किये गये कि ईरान ने युद्ध के साथ-साथ वार्ता के लिये अपने दरवाजे खुले रखे हैं। उनके इस बयान को तेहरान की मनःस्थिति के परिचायक के तौर पर देखा जा सकता है। यह इस बात का द्योतक है कि तेहरान जंग की बात भले ही कहे, लेकिन गहन आंतरिक असंतोष के इस कठिन दौर में वह अपनी ओर से जंग के लिये अनिच्छुक है और जैसे भी हो वह जंग को टालना चाहेगा।

ईरान के इस्लामी गणतंत्र के लिये मुसीबतों का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि वहां करीब एक पखवाड़े से उग्र प्रदर्शनों का तांता लगा हुआ है। 28 दिसंबर से शुरू हुये उन प्रदर्शनों पर काबू पाने के लिये पुलिस को जगह-जगह गोलियां चलानी पड़ी है। इसके फलस्वरूप अब तक 646 लोगों की जान जाने की खबर है। इनमें 505 प्रदर्शनकारियों, 113 सुरक्षाकर्मियों और सात तमाशबीनों का समावेश है। इसके अलावा 579 मौत की पुष्टि होना अभी शेष है और उनकी तफ्तीश की जा रही है। सरकार ने प्रदर्शनकारियों के प्रति कड़ाई बरतने के संकेत दिये हैं और एक पखवाड़े की अवधि में दस हजार से अधिक ईरान को गिरफ्तार किया है।

इन दिनों घड़ी सुइयां तेजी से घूम रही है। शनिवार को तेहरान् में ईरान ने ब्रिटिश राजदूत को तलब किया और ब्रिटेन के विदेश मंत्री के ईरान को लेकर बयान के जरिये दखलंदाजी पर नाराजगी का इजहार किया। साथ ही इस वाकये पर भी अप्रसन्नता व्यक्त की गयी, जिसमें लंदन में एक युवक ने ईरान के दूतावास पर लगा ईरानी झंडा हटाकर वहां सन् 1979 की इस्लामी क्रांति के पूर्व प्रयुक्त झंडे से मिलता जुलता ध्वज फहरा दिया। ब्रिटेन ने अधिकारिक तौर पर इस बाबत कोई वक्तव्य जारी नहीं किया है। इस उस बीच ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकिर कली बाफ ने वाशिंगटन को चेतावनी दी कि वह ईरान को कमजोर समझने की गलती नहीं करे। ईरान की क्रांतिकारी गारद के मुखिया रह चुके कुली बाफ ने तुर्श लहजे में कहा कि ईरान पर हमले की हालत में इस्रायल तथा अमेरिका के सभी अड्डे और जलपोत हमारे निशाने पर होंगे।

ईशन पर विश्व राजनय की दशा और दिशा को संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव अंतोनियो गुटरेस के उस बयान से भी समझा जा सकता है, जिसमें उन्होंने ईरान में आंतरिक हिंसा से स्तब्ध होने और ईरानी सरकार से हिंसा के बजाय संयम बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, शांतिपूर्ण इकट्ठा होने और प्रदर्शन का सम्मान किया जाना चाहिये। प्रदर्शन और दमन की खबरों के बीच शनिवार को इस्रायल के प्रधानमंत्री वेंजामिन नेतन्याहू और अमेरिका के सेक्रेटरी ऑफ स्टेट मार्को रूबियो ने फोन पर बातचीत की। रिपब्लिकन सिनेटर रैंड पॉल और डेमोक्रेट सिनेटर मार्क वानर ने ईरान पर अमेरिकी सैन्य आक्रमण की संभावना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि विदेशी हमले की स्थिति में ईरानी आवाम हमले के खिलाफ एकजुट हो जायेगा। विशेषज्ञों का मत है कि इससे ईरानी सरकार को असंतोष पर काबू पाने में मदद मिलेगी। मत-मतांतरों के कुहासे में अब लोगों की नजर मंगलवार को राष्ट्रपति की अमेरिकी सांसदों व सलाहकारों से मुलाकाता के नतीजों पर है। उधर ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने स्पष्ट शब्दों में अमेरिका और इस्रायल पर ईरान में अस्थिरता का जाल बुनने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि ईरान के दुश्मनों ने आतंकवादियों को उकसाया है और ये दहशतगर्द मस्जिदों, बैंकों और सार्वजनिक संपत्ति को निशाना बना रहे हैं। उन्होंने ईरानी अवाम से दंगाइयों से दूर रहने की अपील करते हुये कहा कि सरकार अवाम से बातचीत और आर्थिक मसले सुलझाने को तैयार है।

गत सप्ताहांत राष्ट्रपति ट्रंप के एक्स पर इस आशय के बयान के बाद ईरान समेत मध्यपूर्वक के मुल्कों की धुकधुकी बढ़ गयी है कि ईरानी जनता आजादी की ओर ताक रही है। ऐसा संभवतः पहले कभी नहीं हुआ। उन्होंने लिखाः 'द यूएसए स्टैंड्स रेडी टु हेल्प।' ट्रंप जो हाल में वेनेजुएला में अपनी फिल्लियाँ फड़का चुके हैं, के रेडी टु हेल्प कथन के अलग-अलग अर्थ निकाले जा रहे हैं। इस बीच ईरान के निर्वासित, पूर्व सम्राट के बेटे रजा पहल्वी ने ट्रंप की ईरानी अवाम की 'अवर्णनीय वीरता' की सराहना की है। उन्होंने ईरानियों से कहा कि सड़कें खाली मत छोड़िये। वर्तमान संकट में तेल अवीव को अपने स्थायी शत्रु से छुटकारा पाने का 'सुअवसर 'नजर आ रहा है। प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि घटनाक्रम पर तेल अवीव की पैनी निगाह है। उन्होंने उम्मीद जताई कि पर्शियन स्टेट (ईरान) को जल्द ही अत्याचारों से मुक्ति मिलेगी। उलेखनीय है कि इस्रायल में ताजा घटनाक्रम और आशंकाओं के मद्देनजर 'हाई अलर्ट' लागू कर दिया गया है। करीब एक छमाही ही बीती है, जब इस्रायल और ईरान के दरम्यान 12 दिन जंग चली थी। जून में हुई जंग में अमेरिका ने इस्रायल का साथ दिया था। उसने ईरान के परमाणु-ठिकाने तबाह कर दिये थे। बदले में ईरान ने इस्रायल और कतर में अमेरिकी ठिकाने पर मिसाइलें दागीं थीं। किस्सा कोताह यह कि अमेरिका की सीधी कार्रवाई की आशंकाओ के बीच स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। ईरान में अमन-चैन को नामोनिशां नहीं है और वह दोहरे संकट से जूझ रहा है।

अध्यात्म

जब कोई बुराई करता है तब हमें गुस्से से बचना चाहिए

एक दिन स्वामी विवेकानंद ट्रेन के फर्स्ट क्लास डिब्बे में बैठे हुए थे। उनके पास दो अंग्रेज आकर बैठ गए। एक साधु को फर्स्ट क्लास में देखकर दोनों अंग्रेज अपनी भाषा में साधु-संतों की बुराई करने लगे। दोनों अंग्रेज कह रहे थे कि साधु दूसरों के पैसों पर फर्स्ट क्लास डिब्बे में घूमते हैं। दोनों अंग्रेज साधुओं की लगातार बुराई कर रहे थे। अंग्रेज सोच रहे थे कि ये साधु अंग्रेजी नहीं जानता होगा। कुछ देर बाद ट्रेन का गार्ड आया तो विवेकानंद जी ने उससे अंग्रेजी में बात की। ये देखकर दोनों अंग्रेज हैरान हो गए। दोनों अंग्रेजों को ये मालूम हो गया कि ये स्वामी विवेकानंद हैं। इसके बाद दोनों ने स्वामी जी से क्षमा मांगी। अंग्रेजों ने पूछा कि आप अंग्रेजी जानते हैं तो अभी तक आप चुप क्यों थे। स्वामी जी ने कहा कि जब मेरे सामने मेरी आलोचना हो रही थी तो इससे मुझे बहुत फायदा हुआ, ऐसी स्थिति में मेरी सहनशक्ति और निखरती है। आपके अपने विचार हैं, आपने प्रकट कर दिए। मेरा अपना निर्णय है कि मुझे धैर्य नहीं छोड़ना है। मैं आप पर गुस्सा करता तो नुकसान आपका नहीं, मेरा ही होता। जब कोई हमारी बुराई करता है, तब हमारे धैर्य की असली परीक्षा होती है। बुरी बातों को सहन करने की शक्ति हमें कई समस्याओं से बचा लेती है। दूसरा प्रसंग एक दिन स्वामी विवेकानंद से एक व्यक्ति लगातार प्रश्न पूछ रहा था। उसने कहा कि मैं दिनभर कई काम करता हूं, खूब प्रयास करता हूं, लेकिन कोई भी काम पूरा नहीं हो पाता है। विवेकानंद जी उस व्यक्ति को कुछ समझाते, उससे पहले वह फिर से बोलना शुरू कर देता। स्वामी जी ने उस व्यक्ति से कहा कि क्या आप मेरा एक काम कर सकते हैं?' व्यक्ति ने कहा कि बताइए, क्या काम है? स्वामी जी ने कहा कि आश्रम में एक कुत्ता है, उसे आप घुमा लाइए। स्वामी जी की बात मानकर वह व्यक्ति कुत्ते को घुमाने ले गया। एक घंटे बाद जब वह व्यक्ति कुत्ते को घुमाकर लौटा। व्यक्ति कम थका हुआ था, लेकिन कुत्ता बहुत ज्यादा थक गया था। विवेकानंद जी ने उस व्यक्ति से पूछा कि आप दोनों साथ गए और साथ लौटे, लेकिन ये कुत्ता बहुत अधिक थका हुआ है और आप कम थके हैं। ऐसा क्यों हुआ? उस व्यक्ति ने कहा कि ये कुत्ता इधर-उधर दौड़ रहा था। दूसरे कुत्तों पर भौंक रहा था, इस वजह से ये थक गया है। मैंने ज्यादा भागदौड़ नहीं की, इसलिए मैं नहीं थका। स्वामी जी ने कहा कि आपकी परेशानी का हल भी यही है। आप दिनभर कई काम एक साथ करते हैं, भागदौड़ करते हैं। एक साथ कई कामों में आपकी ऊर्जा नष्ट होती है। इस वजह से आपको सफलता नहीं मिलती है। आपको किसी एक लक्ष्य को तय करके उस पर काम करना चाहिए, तभी सफलता मिल सकती है।

कुत्तों से बचाव जनभागीदारी से

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नगर निगम स्थानीय निकाय एनिमल बर्थ कन्ट्रोल (एबीसी) नियमों को लागू नहीं कर रहे हैं, जबकि उन्हें ऐसा सख्ती से करना होगा। सुप्रीम कोर्ट को बताया गया कि 10 राज्यों ने हलफनामा देकर बताया कि वे आवारा कुत्तों से निपटने के लिए क्या कर रहे हैं। बाकि राज्यों ने अभी तक हलफनामा ही नहीं दिया है। उल्लेखनीय है कि 22 अगस्त 2025 को सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों से कहा था कि वे एबीसी नियमों को लागू करने और उनके पालन संबंधी हलफनामा दाखिल करें। इसमें राज्यों को कुत्तों की संख्या, नसबंदी, टीकाकरण, शेल्टर सुविधाओं आदि की जानकारी देना था। इसके साथ ही नवम्बर 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को यह निर्देश दिया था कि हाईवे से आवारा जानवरों को हटाया जाए। कोर्ट ने यह भी कहा था कि सरकारी और निजी शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य संस्थाओं को 8 सप्ताह के भीतर फेंसिग करनी होगी।

संदीप कुलश्रेष्ठ

देश में कुत्तों के आतंक से आमजन भयभीत हैं। प्रतिदिन कुत्तों के काटने के अनेक प्रकरण अस्पताल में आ रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट भी बार-बार सड़कों को कुत्तों से मुक्त करने के निर्देश दे चुका है। किन्तु वास्तव में अभी तक धरातल पर कुछ हो नहीं पाया है। यह केवल सरकार या नगर पालिका या नगर निगम का काम नहीं है। जनभागीदारी से ही कुत्तों पर नियंत्रण किया जाना संभव होगा।

कुत्ते कितने खतरनाक हो रहे हैं। उसके केवल दो-तीन उदाहरण देना ही पर्याप्त है। एक है, उज्जैन जिले के महिद्पुर में ही एक दिन में ही एक पागल कुत्ते ने 40 लोगों को काटा और एक सप्ताह में 80 लोगों को कुत्तों ने काटा। दूसरा उदाहरण है, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री निवास में पालतू कुत्ते ने ही अचानक हमला कर रसोईये कृपाशंकर मिश्रा और डाक ट्रेनर रंजीत को काट लिया। तीसरा उदाहरण राजगढ़ जिले का है। इस जिले के खिलचीपुर के सोमवारिया बस्ती में 8 साल की बच्ची लिजा और उसके तीन साल के भाई कृष पर एक कुत्ते ने अचानक हमला कर दिया। कुत्ते ने मासूम का सिर दबोच लिया और वह खून से लथपथ हो गया। बहन ने अपने भाई को बचाने के लिए कुत्ते का सामना किया। इस दौरान उसे भी कई जगह कुत्ते ने काट लिया किन्तु उसने हार नहीं मानी और कुत्ते से जूझती रही और अपने भाई को कुत्ते के चंगुल से छुड़ा लिया। बहन ने तुरंत अपनी टी-शर्ट उतारी और अपने भाई के सिर पर बांध दी, ताकि बहते खून को रोका जा सके। इस बीच लोग भी आ गए। लिजा की जहां तारीफ हो रही है, वहीं कृष के सिर पर कुत्ते के काटने का गहरा जख्म है और उसका ईलाज चल रहा है।

सुप्रीम कोर्ट चिंतित - सुप्रीम कोर्ट ने देश में आवारा कुत्तों के काटने की बढ़ती घटनाओं पर गंभीर चिंता जताई है। जस्टिस विक्रमनाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एन.वी अंजारिया की पीठ ने हाल ही में इस मामले में दाखिल सभी याचिकाओं पर स्वतः संज्ञान लेते हुए कहा है कि देश में लोग सिर्फ कुत्तों के काटने से ही नहीं बल्कि सड़कों पर आवारा घूमते जानवरों की वजह से भी हादसे के शिकार हो रहे है और अपनी जान गंवा रहे हैं। बच्चे और बूढ़े कुत्तों के आसान शिकार हो रहे हैं। यह बहुत गंभीर मुद्दा है। पिछले 20 दिनों में ऐसी दो सड़क दुर्घटनाएं जजों के साथ भी हुई है। उनमें से एक जज अभी भी रीढ़ की गंभीर चोट से जूझ रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नगर निगम स्थानीय निकाय एनिमल बर्थ कन्ट्रोल (एबीसी) नियमों को लागू नहीं कर रहे हैं, जबकि उन्हें ऐसा सख्ती से करना होगा। सुप्रीम कोर्ट को बताया गया कि 10 राज्यों ने हलफनामा देकर बताया कि वे आवारा कुत्तों से निपटने के लिए क्या कर रहे हैं। बाकि राज्यों ने अभी तक हलफनामा ही नहीं दिया है। उल्लेखनीय है कि 22 अगस्त 2025 को सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों से कहा था कि वे एबीसी नियमों को लागू करने और उनके पालन संबंधी हलफनामा दाखिल करें। इसमें राज्यों को

कुत्तों की संख्या, नसबंदी, टीकाकरण, शेल्टर सुविधाओं आदि की जानकारी देना था। इसके साथ ही नवम्बर 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को यह निर्देश दिया था कि हाईवे से आवारा जानवरों को हटाया जाए। कोर्ट ने यह भी कहा था कि सरकारी और निजी शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य संस्थाओं को 8 सप्ताह के भीतर फेंसिग करनी होगी।

देश में 5 करोड़ 25 लाख कुत्ते हैं। इन सभी कुत्तों से आमजन को बचाना एक गंभीर चुनौती है। देश में स्कूलों सहित कुल 15,46,941 शैक्षणिक संस्थान हैं। इन स्कूलों में फेंसिंग लगाने के लिए फंड कहाँ से आयेगा ? जबकि 1 लाख 94 हजार स्कूलों में बिजली कनेक्शन ही नहीं है, शौचालय खराब है, पीने के पानी की भी कमी है। ये सब यक्ष प्रश्न है।

देश में सवा 5 करोड़ कुत्तों से आमजन को बचाने के लिए सभी राज्यों के स्थानीय निकायों को सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार एबीसी नियमों का पालन करना ही चाहिए, इसमें चाहे जितनी राशि लगे। क्योंकि मानव जीवन बहुमूल्य है। इसके लिए सुरक्षा के लिए हर स्तर पर हर कोशिश की जाना आवश्यक है।

केन्द्र और राज्य सरकारों को पर्याप्त आवंटन स्थानीय निकायों को उपलब्ध कराना ही चाहिए। किन्तु इतना ही पर्याप्त नहीं है। जनता को भी इसके लिए आगे आना होगा। जनभागीदारी से ही यह हो सकेगा। इसके लिए करना यह होगा कि नगर पंचायत, नगर पालिका और नगर निगम अपने-अपने क्षेत्र में कुत्तों की संख्या के अनुसार कुत्ता घर बनवाए। इन कुत्ता घरों में कुत्तों के लिए भोजन तथा अन्य प्रबंधन के लिए आमजन कुत्तों को गोद ले। प्रत्येक वार्ड में वार्ड वाइस समितियां बनाई जाए। इसमें समिति अपने वार्ड के लोगों से सम्पर्क कर कुत्तों को गोद लेने के लिए प्रेरित करें और एक निश्चित राशि स्थानीय निकाय को जमा कराए। कुत्तों से बचने के लिए उन्हें यह राशि देना ही होगी। एक व्यक्ति, एक कुत्ता या अधिक कुत्तें को गोद ले सकता है। स्थानीय निकाय द्वारा निश्चित की गई राशि आमजन द्वारा वार्षिक रूप से जमा कराई जा सकती है। आमजन को कुत्तों से काटने से बचने के लिए राशि देनी ही होगी, ताकि सभी कुत्तों को कुत्ता घर में रखा जा सके, और उनके पर्याप्त भोजन आदि का बंदोबस्त किया जा सके। जब तक आमजन आगे नहीं आयेगा, कुत्तों की समस्या ऐसी ही बनी रहेगी।

आज का कार्टून

राशिफल

मेष
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। नयी नौकरी ढूँढ रहे हैं तो आपको सफलता मिलेगी। नजदीकी व्यक्तियों के साथ किसी गम्भीर विषय पर चर्चा करेंगे।

वृषभ
नये कारोबार की शुरुआत करने के लिये दिन बहुत अच्छा है। आपकी इच्छाशक्ति आपके लिये विपरीत परिस्थितियों के बीच भी ढाल के रूप में काम करेगी।

मिथुन
अपने निर्णयों को दूसरों पर आरोपित न करें। बेरोजगार लोगों को अपनी जॉब की चिन्ता हो सकती है। नौकरी मिलने की सम्भावना बन रही है।

कर्क
कार्यक्षेत्र में नये दोस्त बन सकते हैं। आयात-निर्यात के कारोबार में तेजी आयेगी। अधिकारी वर्ग अनदेखी कर सकते हैं। धर्म-कर्म के प्रति विश्वास बनाये रखें।

सिंह
व्यापार में उन्नति के अवसर मिलेंगे। आप अपनी योजनाओं को लेकर थोड़े कन्फ्यूज हो सकते हैं। आपकी यात्रा अत्यन्त सुखद रहेगी।

कन्या
आज परिजनों के साथ घूमने के लिये जा सकते हैं। आज अपने व्यक्तिगत कार्यों को काम से अधिक महत्व देंगे। जीवनसाथी को उपहार दे सकते हैं।

तुला
आज जल्दबाजी में कोई कार्य न करें। वैवाहिक जीवन में थोड़ी उथल-पुथल होने की सम्भावना है। आपके ऊपर काफी जिम्मेदारियाँ रहेंगी।

वृश्चिक
व्यवसाय में आप कड़े निर्णय ले सकते हैं। विदेश से नौकरी के अवसर मिलने की सम्भावना है। वैवाहिक जीवन में कुछ असन्तोष हो सकता है।

धनु
दिन का शुरुआती भाग आपके लिये काफी अच्छा रहेगा। सम्पत्ति के क्रय-विक्रय से बेहतरीन लाभ मिलेगा। आज आपके ऊपर पुराने ऋण को चुकाने का दबाव हो सकता है।

मकर
महिलाओं का स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहेगा। उच्च अधिकारियों से आपको बड़ा लाभ हो सकता है। प्रेम सम्बन्धों का भरपूर आनन्द लेंगे। विद्यार्थियों को शिक्षा में शिक्षकों का सहयोग मिलेगा।

कुंभ
ऑनलाइन कारोबार में आपको बड़ा लाभ होगा। बच्चों की परवरिश में आज काफी समय देंगे। गुप्त शत्रुओं की वजह से कार्यक्षेत्र में कुछ समस्या हो सकती है।

मीन
परिवार में आन्तरिक राजनीति के कारण आपको समस्या हो सकती है। आपके आत्मविश्वास और आत्मबल में वृद्धि होगी। मेहनत के बल पर आपको सफलता मिलेगी।

संक्षिप्त समाचार

गैस कटर से काटते हुए चार चोर गिरफ्तार

दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। पुलिस ने गुप्त सूचना पर बीते रात आरपीएस स्कूल रोड रघुनाथ पथ के बसंत विहार कॉलोनी में छापेमारी कर चोरी का पिकअप वाहन को गैस कटर मशीन से काटते हुए रंगे हाथ दो चोरों को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार दो चोर के निशानदेही पर छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार के पास दो ऑक्सीजन सिलेंडर , एक गैस सिलेंडर, एक गैस कटर मशीन, 8 गोटो रिच , 8 पीस छेनी, 8 पीस ऐनपी पाना , दो पीस हैंडील, एक पेचकस व दो मोबाइल बरामद किया गया है. एएसपी शिवम धाकड ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता में बताया कि पिछले 14 जनवरी को पिकअप भान मालिक द्वारा चोरी का मामला दर्ज कराया गया था. एएसपी ने बताया कि बीते रात गुप्त सूचना मिला कि आरपीएस स्कूल रोड के रघुनाथ पथ स्थित बसंत विहार कॉलोनी में चोरी के पिकअप भान को अवैध तरीके से गैस कटर मशीन से काटे जा रहे है. सूचना पर सिटीएसपी पश्चिमी भानू प्रताप सिंह के निर्देश पर प्रभारी थानाध्यक्ष के नेतृत्व में टीम गठित कर बसंत विहार कॉलोनी में छापेमारी कर रंगे हाथ दो चोर को गिरफ्तार किया गया है. जबकि दो चोरों अंधेरे के फायदा उठाकर फरार हो गया. गिरफ्तार धर्मेंद्र कुमार मोहनचक बिक्रम व मो फैयाज ईस्लामपुर नालंदा निवासी है. गिरफ्तार धर्मेंद्र व मो फैयाज के निशानदेही पर फरार बिल्टू ठकेरा उर्फ कल्लू इस्लामपुर नालंदा व मो मुन्ना उर्फ लादेन आजाद नगर फुलवारीशरीफ निवासी को पुलिस ने छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार चारों से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.।

पटना मैनेजमेंट एसोसिएशन ने किया स्टार्टअप दिवस की पूर्व संध्या पर विचार गोष्ठी का आयोजन

फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस की पूर्व संध्या पर पटना मैनेजमेंट एसोसिएशन (पीएमए) की ओर से स्टार्टअप की अवधारणा, इसकी प्रगति, भविष्य में इसके विस्तार और भारत में स्टार्टअप के 10 वर्षों के सफर पर गहन चर्चा के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम भार्गव हाउस, रोड नंबर 6, राजेंद्रनगर, पटना 800016 में दोपहर 3 बजे से आयोजित हुआ. कार्यक्रम की शुरूआत पीएमए के सचिव इंजीनियर एम. के. दास के स्वागत संबोधन से हुई. इसके बाद पीएमए के अध्यक्ष अधिवक्ता बसंत कुमार सिन्हा ने विषय की प्रस्तावना रखते हुए कहा कि स्टार्टअप भारत की आर्थिक और सामाजिक संरचना को नई दिशा दे रहे हैं. कार्यक्रम में विभिन्न स्टार्टअप संस्थापकों ने अपने अनुभव साझा किए. 'लेडी फेयर' के श्री ऋषिरंजन कुमार ने बताया कि किस प्रकार उनके स्टार्टअप ने बिहार भर की ब्यूटीशियनों को एक नेटवर्क से जोड़कर उन्हें आजीविका के नए अवसर उपलब्ध कराए हैं. हर्ष कुमार ने अस्पताल प्रबंधन से जुड़े अपने स्टार्टअप की सफलता की कहानी साझा की. वहीं आई-ज्ञान एआई के निदेशक अक्षय श्रीवास्तव ने स्कूल शिक्षण में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग पर प्रकाश डाला. इस अवसर पर पीएमए के प्रख्यात सदस्य एवं अतिथि राजीव भार्गव, डॉ. ए. के. वर्मा, डॉ. नीलेश नारायण, श्री शांतनु प्रसाद, डेयरी विशेषज्ञ महेश्वर प्रसाद और डॉ. अनिल कुमार प्रसाद ने भारत में स्टार्टअप के 10 वर्षों के सफर और भविष्य की संभावनाओं पर अपने विचार रखे.

अतिक्रमण पर नप प्रशासन का चला बुलडोजर

दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। नगर को स्वच्छ सुंदर और जाम से निजात दिलाने को लेकर शुक्रवार को नप प्रशासन ने गोला रोड मोड से गोला रोड टी प्वाइंट तक बुलडोजर चला. डीएम व एसडीओ आदेश के बाद नगर परिषद प्रशासन की टीम ने पुलिस बलों के सहयोग टाउन क्लिन ऑपरेशन चलाया. घंटो तक चले व्यापक रूप से अभियान में. बुलडोजर से झोपडियों व गुमटी को ध्वस्त किया गया है.अतिक्रमणकारियों के बीच हडकंप मच रहा है. अभियान की सूचना पर सडक किनारे फुटपाथी दुकानदारों अपने-अपने ठेला समेत सामान लेकर भागते हुए देखा गया . अतिक्रमणकारियों से 8 हजार जुमार्ना वसूला गया है. अभियान नप के ईओ पंकज कुमार व ईओ (व्यवस्था) रवि कुमार के नेतृत्व में चलाया गया. उन्होंने बताया कि सडक किनारे अवैध रूप से अतिक्रमण कर सडक पर स्थायी व अस्थायी रूप से झोपडी व गुमटी लगाकर अतिक्रमण के कारण आए दिनों जाम लगने से आम लोगों समेत स्कूली बच्चों को परेशानी झेलनी पडती है. जिसको देखते हुए नप प्रशासन ने अभियान चलाया गया है. उन्होंने बताया कि पूरे नगर को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया जायेगा और नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाया जायेगा.

प्लास्टिक कैरी बैग के खिलाफ चला अभियान

दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग के खिलाफ नप प्रशासन ने शुक्रवार को नासरीगंज में छापेमारी किया गया. परिषद ईओ पंकज कुमार ने बताया कि प्लास्टिक बैग के खिलाफ अभियान चलाया गया है और नासरीगंज में छापेमारी कर किया गया है और 20 हजार रुपए जुमार्ना वसूला गया है. जिससे नगर में प्लास्टिक कैरी बैग बेचने वालों के बीच हडकंप मच गया है. उन्होंने बताया कि पूर नप क्षेत्र को प्लास्टिक बैग से मुक्त कराया जायेगा. यह छापेमारी जारी रहेगा.

मदरसा में आयोजित हुई जलसा

मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। शुक्रवार को नगर परिषद क्षेत्र के कटहरा मोहल्ला स्थित दारुल उलूम फैजान ए मखदूम अहिया मदरसा में हफीजो के द्वारा कुरान पाक की पढ़ाई पूरी करने पर जश्न ए जलसा का आयोजन किया गया। जिसमें कुराने पाक की पढ़ाई पूरी कर हाफिज बने मोहम्मद फरीद आलम और अब्दुल गनी को जलसा में शामिल हुए उलेमाओं ने मुबारकबाद दी। इसके अलावा कार्यक्रम में शामिल हुए विभिन्न जगहों से आए उलेमाओं ने कुरान शरीफ व हदीस के महत्व पर रोशनी डाली। मदरसा के उस्ताद हाफिज सरफराज और हाफिज अरमान ने शबे मेराज पर रौशनी डाली। मौके पर मदरसा के संचालक सैयद सगीर हुसैन अशरफी, अजमल हुसैन जफर हुसैन इमरान अली आबिद अली इकबाल आलम समेत कई लोग मौजूद रहे।

अंतरराज्यीय साइबर फ्रॉड गिरोह की एक महिला समेत दस गिरफ्तार

दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। पुलिस ने एक बड़े अंतरराज्यीय साइबर ठग गिरोह का पदार्फाश करते हुए दस आरोपियों को गिरफ्तार किया है.गिरफ्तार में पांच बिहार , चार केरल व एक अहमदाबाद का रहने वाला है. पुलिस ने इनके पास से 18 मोबाइल, दो लैपटॉप, आईसीआईसी व पंजाब एण्ड सिंध बैक का चेक बुक,एक डायरी,14 आधार कार्ड, एक पहचान पत्र, सात पेन कार्ड, तीन ड्राइविंग लाइसेंस, एक पासपोर्ट, एक बीजा, एक गाडी का ऑनर बुक,चार हजार एक सौ नगद , ओमान का सौ का पैसा, आठ सीम कार्ड, 38 एटीएम कार्ड, एक गोल्ड लोन का रसीट कॉपरेटिव बैक , एक इलेक्ट्रीक बोर्ड , एक पेन ड्राइव, एक कार्ड रिडर, एक ब्लूटुथ डिभाईस, एक पोस्ट ऑफिस का पासबुक, पांच घडी व दो बाइक समेत अन्य सामान बरामद किया गया है. यह कार्रवाई एसएसपी व सिटी एसपी पश्चिमी भानू प्रताप सिंह के निर्देश और एएसपी शिवम धाकड के नेतृत्व में पुलिस टीम ने की.एएसपी शिवम धाकड ने शुक्रवार को थाना में प्रेस वार्ता में पत्रकारों को बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि पूर्वी गोला रोड स्थित होटल कियान रेसिडेंसी बडे पैमाने पर अंतर्राज्यीय साइबर अपराधी गिरोह द्वारा साइबर फ्रॉड का धंधा कर रहे है. सूचना पर पुलिस टीम गठित कर होटल में छापेमारी कर एक महिला समेत दस साइबर फ्रॉड गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है. एएसपी ने बताया कि गिरफ्तार साइबर फ्रॉड के सदस्यों ने पुलिस के समक्ष स्वीकार किया कि गिरोह के सदस्यों एटीएम कार्ड का प्रयोग लोन के नाम पर व्यक्तियों का अपने मोबाइल व गिरोह के अन्य सदस्यों द्वारा लिए गए सीम से फोन कर पैसा ठगने का काम करते है.

पुलिस जांच में सामने आया है कि यह गिरोह अब तक लाखों रुपए से अधिक की साइबर ठगी को अंजाम दे चुका है. गिरोह का नेटवर्क मुख्य रूप से बिहार से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है और अन्य राज्यों में भी नेटवर्क होने का जांच किया जा रहा है. पुलिस को आरोपियों के मोबाइल फोन से साइबर ठगी से जुड़ी अहम जानकारियां मिली हैं. बरामद सामग्री में विभिन्न बैंकों के खाते, पासबुक, एटीएम कार्ड, आधार-पैन कार्ड, पेमेंट दफकोड, नेट बैंकिंग आईडी-पासवर्ड और ठगी में इस्तेमाल की जाने वाली एपीके फाइलें भी मिली हैं.

होटल से दबोचे गए आरोपी

पुलिस टीम ने बिरजू एमए 51 रेसीडेंसी बंगला नंबर 3 घुमा बस स्टैंड भोपाल अहमदाबाद, अमित कुमार व मेंहदी कुमारी पोलसन रोड दीघा,पटना, अरहम खान संसार टेलर , पुराना जीटी रोड औरगांबाद,सिंटू कुमार जीबी रोड गया, मनीष कुमार रजीमा बजीरगंज गया, समीर एमटी मधटोडी थाना चिरूनगढी मलापुरम केरला,मो अलताफ हुसैनकमुरूलनर थाना थिरहाला पलकड केरल, मो फसील केभी अनकारा थाना थिरथला पलकड केरल व अनस केसी पतिहारा थाना थिरीथला पलकड केरल का निवासी है. बरामद मोबाइल फोन और दस्तावेजी साक्ष्यों से इनके अपराध में शामिल होने की पुष्टि हुई है. आरोपियों के खिलाफ आईटी एक्ट और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है.

ऐसे करते थे ठगी

पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी भोले-भाले लोगों को फोन कर लोन देने के लालच देकर ठगी करते थे. इसके बाद सिम कार्ड, एटीएम, आधार और पैन कार्ड अपने कब्जे में लेकर एपीके फाइल के जरिए मोबाइल हैक कर लेते थे. फिर पीड़ितों को बिना जानकारी दिए उनके खातों से पैसे अपने खातों में ट्रांसफर कर एटीएम से निकाल लेते थे और रकम आपस में बांट लेते थे.

एएसपी ने बताया कि गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश जारी है और गिरोह के लैपटॉप समेत बैक खाता भी खंगाला जा रहा है.छापेमारी टीम में प्रभारी थानाध्यक्ष पुअनि सिंटू कुमार झा,पुअनि चुनमुन कुमार, पुअनि सिद्धेश्वर प्रसाद , पुअनि उमेश कुमार व एसकेपूरी थानाध्यक्ष समेत पुलिस बल शामिल थे.

बाढ़ अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सक वारसी को मिलेगा भारत विजनरी अवार्ड

बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बाढ़ अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सक डॉ सद्दाम हुसैन वारसी को बेहतर चिकित्सा सेवा के लिए भारत विजनरी अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। कैमूर जिला के घटाव गॉव के निवासी डॉ सद्दाम हुसैन वारसी को चिकित्सा के क्षेत्र मे उत्कृष्ट कार्य एवं योगदान के लिए भारत विजनरी अवार्ड 2026 के लिए चुना गया है। बिजनेस इन बिहार के तत्वावधान आगामी 18 जनवरी को अवार्ड दिया जाएगा, जिसमे मुख्य अतिथि बिहार सरकार के गृह मंत्री सम्राट चौधरी एवं बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री महिमा चौधरी द्वारा बिभिन्न क्षेत्र मे विशिष्ट कार्यो एवं उपलब्धि द्वारा बिहार का मान बढ़ाने वाले हस्तियों को इस अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।उल्लेखनीय है कि डॉ वारसी कैमूर जिले के घटाव गांव निवासी रिटायर्ड स्टेशन मास्टर सबीर हुसैन के पुत्र हैं जिनकी प्रारंभिक शिक्षा डीएवी पुसौली से हुई और आगे मेडिकल की पढ़ाई पटना तथा दिल्ली से हुई ।वर्तमान मे वह पटना जिला के बाढ़ अनुमंडल अस्पताल मे चिकित्सा पदाधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। इन्होने कोरोना काल मे नोडल पदाधिकारी रहते हुए कोविड ऐप तथा टेलीकासल्टेशन के माध्यम से दस हजार से ज्यादा लोगों का मुफ्त मे इलाज किया था।

शीतकालीन अवकाश के बाद बच्चों से गुलजार हुआ विद्यालय

फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददता। शीतकालीन अवकाश के बाद शुक्रवार को विद्यालय खुलते ही परिसर बच्चों से गुलजार हो उठा. लंबे अंतराल के बाद जब बच्चों की चहकती आवाजें गूंजीं तो ऐसा लगा मानो स्कूल की बगिया में फिर से किलकारियों की बहार लौट आई हो. छुट्टियों के दौरान बच्चों के बिना स्कूल अधूरा सा लग रहा था, लेकिन आज वही पुरानी प्यारी आवाजों ने विद्यालय को फिर से रोशन कर दिया. 23 दिनों के बाद विद्यालय पहुंचे बच्चों के स्वागत के लिए विशेष आयोजन किया गया. शिक्षिका नीतू शाही ने सभी बच्चों को तिलक लगाकर और फूलों की वर्षा कर आत्मीय स्वागत किया. बच्चों ने भी अपनी शिक्षिका को तिलक लगाकर और एक-दूसरे का उत्साहपूर्वक स्वागत कर खुशी साझा की.

उमानाथ मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए पुराने अतिक्रमण पर प्रशासन ने चलाया बुलडोजर

बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। प्रसिद्ध उमानाथ मंदिर के सौंदर्यीकरण हेतु पुराने निर्माण व अतिक्रमण पर चला बुलडोजर बाढ़ के उत्तरवाहिनी गंगा तट पर स्थित प्रसिद्ध उमानाथ मंदिर के सौंदर्यीकरण की दिशा में प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। शुक्रवार को मंदिर परिसर में वर्षों से चले आ रहे अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया गया। इस दौरान पुराने और जर्जर हो चुके धर्मशाला भवन को ध्वस्त कर दिया गया, वहीं धर्मशाला परिसर में संचालित कई दुकानों को भी खाली कराकर तोड़ दिया गया। आपको बता दें कि मुख्यमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट माने जा रहे उमानाथ मंदिर सौंदर्यीकरण योजना के लिए 100 करोड़ रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। इस परियोजना के तहत उमानाथ मंदिर से लेकर सती स्थान तक कई विकास कार्य किए जाएंगे। इनमें कॉरिडोर, सामुदायिक भवन, मंडप, आश्रय स्थल, पार्किंग सुविधा तथा सती स्थान घाट से उमानाथ मंदिर के दक्षिणी छोर तक भव्य कॉरिडोर का निर्माण शामिल है। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2025 में इस योजना का शिलान्यास किया था। मौके पर मौजूद अंचलाधिकारी बाढ़ नरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सौंदर्यीकरण कार्य में अतिक्रमण बाधा बन रहा था, इसलिए उसे हटाना आवश्यक हो गया था। उन्होंने कहा कि जो लोग सरकारी भूमि पर अवैध रूप से मकान बनाकर रह रहे हैं, उनकी जमाबंदी रद्द होने के बाद उन निमार्णों को भी हटाया जाएगा। उमानाथ सौंदर्यीकरण परियोजना के दायरे में आने वाले सभी अवैध निर्माण हटाए जाएंगे।

सरकार द्वारा धान की खरीद का लक्ष्य घटा देने पर बाढ़ अनुमंडल में पैक्स अध्यक्ष और किसान दोनों परेशान

बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। इन दिनों जितना किसान अपनी धान बिक्री को लेकर परेशान हैं उससे अधिक पैक्स अध्यक्ष धान खरीदने को लेकर परेशान दिखाई पड़ रहे हैं। पैक्स अध्यक्षों का कहना है कि सरकार के द्वारा इस बार धान खरीदगी की सीमा पहले से घटा दिया गया है जिसके कारण कई किसानों का धान खरीदगी नहीं हो सकेगा। बेढ़ना पश्चिमी पंचायत के जय प्रकाश सिंह ने बताया कि मेरे पंचायत के रकबा के हिसाब से धान खरीदगी का लिमिट नगण्य दिया गया है। कुल धान उत्पादन का 18 प्रतिशत खरीदना है। जबकि उनके रकबा में एक एक किसान 10 एकड़ 20 एकड़ खेती करते हैं। वैसे स्थिति में पैक्स अध्यक्ष किस प्रकार से धान की खरीदगी करेंगे। उन्होंने ने ये भी बताया कि खाद्य आपूर्ति मंत्री लेसी सिंह ने सरकार से लक्ष्य बढ़ाने की मांग की है। और जब सरकार के द्वारा लक्ष्य बढ़ाया जायेगा तो किसानों की धान की खरीदगी हो सकेगी। वहीं बाढ़ रहिमापुर रूपस के पैक्स अध्यक्ष विजय कुमार सिंह ने बताया कि सरकार के द्वारा टारगेट धान खरीदने का बहुत ही कम कर दिया गया है। उन्हीने कहा कि बिहार में पिछले बार 45 लाख टन धान खरीदने का लकहै था जो कि अब 36 लाख टन कर दिया गया है। जो बड़े किसान हैं जो ज्यादा धान का उत्पादन करते हैं। उनके धान की खरीदगी नहीं हो पाती है। 2 से 3 छोटे किसान की धान की खरीदगी करने से टारगेट पूरा हो जाता है जिससे बाकी किसानों को नुकसान हो जाता है। टारगेट बढ़ाने के लिए कृषि मंत्री तथा सहकारिता मंत्री से भी पैक्स प्रतिनिधि मंडल मिला है लेकिन फिलहाल कोई उपाय नहीं हो सका है। जिला पार्षद विजय शंकर ने बताया कि एक तरफ सरकार किसानों की आय को दुगुना करने का दावा करती है और दूसरी तरफ उनके धान की खरीदगी नहीं हो रही है। अंततः उनका दोहन बिचौलियों के द्वारा किया जायेगा। एक तरफ किसानों को प्रकृति का मार झेलना पड़ता है, बाजार रेट धान का कम है और पैक्स में 2368 रुपये प्रति क्विंटल धान बेचने पर मिलता है। मूल्य निर्धारण करने से किसानों को कोई फायदा नहीं हो रहा है क्योंकि धान की खरीदगी नहीं हो रही है। ये सरकार डपोरशंखी सरकार है जो बोलने और दिखाने के लिए सिर्फ जानी जाती है लेकिन काम सिर्फ नाम बदलना है। वहीं व्यापार मंडल के गोदाम के प्रभारी ने बताया कि व्यापार मंडल में धान खरीदने का लक्ष्य मात्र 783 क्विंटल कर दिया गया है जबकि इसके पहले 2024-25 में लगभग 2700 क्विंटल धान की खरीदगी की गई थी। उन्होंने कहा कि सरकार का तर्क है कि आपदा के कारण खेती सही से नहीं हुई इसलिए धान की खरीद को कम कर दिया गया है। दूसरी तरफ किसान पैक्स अध्यक्ष पर ही आरोप लगा रहे हैं कि बाढ़ अनुमंडल के फुलेल पुर पैक्स में पैक्स अध्यक्ष के द्वारा 110 क्विंटल के धान को 100 क्विंटल में खरीदगी किया जा रहा है। अगर किसी के पास 100 क्विंटल धान है तो उसको 90 क्विंटल धान का भुगतान किया जा रहा है।उन्होंने यह भी कहा कि खलिहान से लेकर खरीद तक धान का जो भाड़ा होता है वो पैक्स अध्यक्ष को ही देना होता है लेकिन वह भी किसानों को देना पड़ता है। इस तरह से देखा जाए तो पैक्स के माध्यम से जो लाभ किसानों को मिलना चाहिए वो फिलहाल मिलते हुए नहीं देखा जा रहा है। अब सरकार इसपर क्या कदम उठाती है ये देखने वाली बात होगी।

मानव संसाधन प्रथाओं एवं सामाजिक कार्य के साथ कौशल विकास पर इंटरैक्टिव कार्यशाला

पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। पटना स्थित पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के ए.एन. कॉलेज के कार्मिक प्रबंधन एवं औद्योगिक संबंध विभाग द्वारा 16 जनवरी 2026 को 'मानव संसाधन प्रथाएँ एवं सामाजिक कार्य के साथ कौशल विकास' विषय पर एक इंटरैक्टिव कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन डॉ. स्वेता द्वारा किया गया। उन्होंने मानव संसाधन शिक्षा में सामाजिक कार्य के दृष्टिकोण को एकीकृत करने की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रेखा रानी ने इस पहल की सराहना की तथा भविष्य में इस प्रकार के और अधिक अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए विभाग को प्रोत्साहित किया। कार्यशाला की मुख्य वक्ता सुश्री मान्या सिन्हा, एचआर मैनेजर, एचएचएफसी ट्रस्ट ने अपने बहुमूल्य क्षेत्रीय अनुभवों एवं व्यावहारिक केस स्टडीज को साझा किया, जिससे विद्यार्थियों को एनजीओ, सामाजिक उद्यमों तथा संगठनात्मक परिवेश में प्रयुक्त मूलभूत एचआर टूल्स की बेहतर समझ विकसित हुई। श्री उत्कर्ष राज, अध्यक्ष, हेल्पिंग हैंड्स फ्रेंड्स चैरिटेबल ट्रस्ट ने सफल एवं उज्ज्वल करियर के लिए संचार कौशल, नेतृत्व, टीमवर्क, सहानुभूति तथा समस्या-समाधान जैसे आवश्यक सॉफ्ट स्किल्स के विकास पर बल दिया। प्रोफ. त्रिप्ती गंगवार, क्द्दअउ समन्वयक ने भी कार्यशाला में अपने मूल्यवान विचार साझा किए। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ डॉ. वंदना कुमारी द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएँ पाठ्यपुस्तकों से परे मानव संसाधन एवं औद्योगिक संबंध की अवधारणाओं के वास्तविक जीवन में अनुप्रयोग की महत्वपूर्ण समझ प्रदान करती हैं।

कोटवा प्रखंड में पैक्स चुनाव आज, तैयारियां पूरी

कोटवा (पूर्वी चंपारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता। प्रखंड की भोपतपुर उत्तरी पंचायत में पैक्स चुनाव शनिवार को शांतिपूर्ण माहौल में कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस पंचायत में कुल दो मतदान बूथ बनाए गए हैं। कुल मतदाताओं की संख्या 1416 है। पहले बूथ पर मतदाता संख्या 1 से 701 तक जबकि दूसरे बूथ पर 702 से 1416 तक के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान की प्रक्रिया सुबह 7 बजे से शुरू होकर शाम 4:30 बजे तक चलेगी। मतदान समाप्त होने के बाद उसी दिन शाम में मतगणना कर परिणाम घोषित किए जाएंगे। दोनों मतदान बूथ राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बिशनपुर परिसर में बनाए गए हैं। जबकि मतगणना की व्यवस्था मध्य विद्यालय, बड़हरवा कला में की गई है। चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। बीडीओ सह आरओ चिरंजीव पांडेय ने मतदान से पूर्व बूथों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, मतदान सामग्री और मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया, ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस पैक्स चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए कुल दो उम्मीदवार मैदान में हैं, जबकि सदस्य पद के लिए 23 नामांकन प्राप्त हुए हैं।

एएन कॉलेज, पटना में एनडीआरएफ द्वारा आपदा जागरूकता हेतु मॉक ड्रिल का आयोजन

पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। ए. एन. कॉलेज, पटना के परिसर में आपदा प्रबंधन के अंतर्गत जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एनडीआरएफ की टीम द्वारा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक, एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी, महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। मॉक ड्रिल के दौरान NDRF टीम ने सबसे पहले भूकंप की स्थिति में लोगों को सुरक्षित निकालने, घायलों को प्राथमिक सहायता देने तथा अफरा-तफरी से बचने के तरीकों का व्यावहारिक प्रदर्शन किया। इसके बाद भवन में आग लगने की स्थिति में आग से बचाव, सुरक्षित निकासी और आपातकालीन कदमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों एवं आम लोगों को आपदा के समय सतर्क रहने, सही निर्णय लेने और जान की क्षति को कम करने के प्रति जागरूक करना था। ठरर स्वयंसेवकों और छात्रों ने मॉक ड्रिल में सक्रिय भागीदारी करते हुए आपदा प्रबंधन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। महाविद्यालय प्रशासन ने NDRF टीम, ठरर कार्यक्रम पदाधिकारी और सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि समाज आपदा के समय अधिक सुरक्षित और तैयार रह सके।

अपने ही विद्यालय के शहीद छात्र को याद कर भावुक हुआ क्षत्रिय उच्च माध्यमिक विद्यालय फतेहपुर

फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। जिस क्षत्रिय उच्च माध्यमिक विद्यालय, फतेहपुर, पटना से पढ़ाई कर देशसेवा का सपना देखने वाले विकास चंद्र आगे चलकर सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट बने और शहादत हासिल की, उसी विद्यालय के प्रांगण में शुक्रवार को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई.कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने दो मिनट का मौन रखकर शहीद को श्रद्धांजलि दी और देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी, जिससे पूरा वातावरण भावुक और गर्व से भरा रहा. विद्यालय के पूर्व छात्र एवं सीआरपीएफ 43 बटालियन के शहीद असिस्टेंट कमांडेंट विकास चंद्र के शहादत दिवस पर भावभीनी श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित हुआ, जहां शिक्षकों, छात्रों, सीआरपीएफ अधिकारियों और परिजनों ने उन्हें नमन किया.कार्यक्रम के दौरान सीआरपीएफ अधिकारियों द्वारा शहीद विकास चंद्र की माताजी को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया. मौके पर शहीद के चाचा चंद्रमौली, भाई शशि, अविनाश चंद्र, भतीजे सहित परिवार के अन्य सदस्य सुमित, सुमन, सुजीत, अमित कुमार और अभिषेक कुमार उपस्थित रहे. शहीद विकास चंद्र ने 16 जनवरी 2006 को छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ के दौरान देश की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया था. लोगों ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 16 जनवरी को सीआरपीएफ 43 बटालियन के अधिकारी और जवान इसी विद्यालय पहुंचकर अपने साथी और विद्यालय के पूर्व छात्र रहे शहीद विकास चंद्र को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं. इस वर्ष भी उनके अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और देशभक्ति को पूरे सम्मान के साथ याद किया गया कार्यक्रम की देखरेख एनसीसी कैडेट एसोसिएट ऑफिसर धर्मेंद्र कुमार ने की. विद्यालय परिसर में शहीद विकास चंद्र के तेल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई और उनके शौर्य व बलिदान को नमन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मोकामा घाट स्थित सीआरपीएफ कैंट से उप निरीक्षक उपेंद्र कुमार सिंह उपस्थित रहे. उन्होंने शहीद के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की और शहीद के परिवारजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी. इस अवसर पर जिले की पुलिस के पांच जवान भी पहुंचे और शहीद के परिजनों के साथ मिलकर उनकी वीरगाथा को साझा किया. कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय के छात्रों को यह बताना रहा कि इसी परिसर से निकलकर एक छात्र ने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया. विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में देशभक्ति, कर्तव्य और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करते हैं और उन्हें सही दिशा दिखाते हैं. इस मौके पर उप निरीक्षक उपेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि शहीद विकास चंद्र जैसे वीरों की स्मृति हमें उनके बलिदान का महत्व समझाती है और यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि उनकी वीरता और संघर्ष की कहानी आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचे.

संक्षिप्त समाचार

सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल

लहलादपुर (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। जनता बाजार थाना क्षेत्र के ताजपुर बादशाहिया मोड़ पर गुरुवार करीब 11 बजे सड़क दुर्घटना में एक मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दूसरे युवक को भी चोटें आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक जनता बाजार की ओर जा रहे थे, तभी एक बोलेरो वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। टक्कर के बाद दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े, जिसमें एक युवक बेहोश हो गया। मौके पर मौजूद समाजसेवी पप्पू खां ने तत्परता दिखाते हुए गंभीर रूप से घायल युवक को अपनी मोटरसाइकिल से सीएचसी लहलादपुर पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। घायल युवक बनपुरा बाजार के निवासी बताए जा रहे हैं, जिनकी पहचान विनय कुमार मांझी और विशाल कुमार के रूप में हुई है।

महिला से 20 हजार रुपये की छिनतई

लहलादपुर (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। जनता बाजार में गुरुवार दोपहर एक महिला से 20 हजार रुपये की छिनतई की घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार महिला पंजाब नेशनल बैंक की जनता बाजार शाखा से 20 हजार रुपये की निकासी कर घर लौट रही थी। इसी दौरान स्कूल मोड़ के पास मोटरसाइकिल पर सवार दो उच्चकों ने महिला को रुमाल में लिपटे कागज का एक बंडल थमाया और उसके हाथ से 20 हजार रुपये झपटकर फरार हो गए। पीड़ित महिला सिवान जिले के महाराजगंज थाना क्षेत्र के खानपुरा गांव की निवासी बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से उच्चकों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

सड़क हादसों में महिला व युवक घायल, रेफर

एकमा/रसूलपुर (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। रसूलपुर थाना क्षेत्र में हुए अलग-अलग सड़क हादसों में एक महिला व एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से डायल 112 पुलिस ने एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। पहली घटना में रसूलपुर चट्टी निवासी हरेराम राम की पत्नी उर्मिला देवी (52) को एक अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया। दूसरी घटना में रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के गंभिरार गांव निवासी जितेंद्र सिंह के 25 वर्षीय पुत्र जितु सिंह को रसूलपुर चट्टी में एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक समेत ठोकर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक विकास कुमार विमल व डॉ. सुशील कुमार प्रसाद ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सकों ने दोनों घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

चोरी की बाइक के साथ शराब बरामद

चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। पुलिस ने शुक्रवार को थाना क्षेत्र के सपगढ़ा गांव के पछियारी टोला में छापेमारी कर 70 लीटर देसी चुलाई शराब के साथ चोरी की एक बाइक को बरामद किया है। जबकि तस्कर बाइक छोड़कर फरार हो गया। जानकारी देते हुए सब इंस्पेक्टर उत्तम कुमार ने बताया कि समकालीन अभियान के तहत गुप्त सूचना के आधार पर चिरैया थाना की पुलिस एवं ए एल टी एफ की संयुक्त टीम के द्वारा यह कार्रवाई की गई। जिसमें शराब कारोबारी पुलिस को देखते ही शराब लदे बाइक को छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने बहुत दूर तक उसका पीछा भी किया। लेकिन कामयाब नहीं हो पाए। उन्होंने बताया कि जांच में पता चला कि शराब की तस्करी के लिए जिस हीरो सुपर स्प्लेंडर बाइक का इस्तेमाल किया जा रहा था वह चोरी की है। पुलिस शराब व बाइक को जब्त कर अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई है। छापेमारी दल में ए एल टी एफ के प्रभारी सब इंस्पेक्टर भुनेश्वर मिस्त्री सहित सशस्त्र बल के जवान व चौकीदार शामिल थे।

सड़क दुर्घटना में शिक्षक की मौत

रामनगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। गोवर्धना थाना क्षेत्र के सैनिक रोड में बोलेरो की टक्कर से शिक्षक की मौत हो गई। मृत शिक्षक की पहचान 42 वर्षीय जय प्रकाश पडित के रूप में हुई है। सिंगाही मिडिल स्कूल के शिक्षक थे। शाम को अपने घर से दूध लाने के लिए डुमरी चौक के लिए निकले हुए थे। तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रही बोलेरो ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्वजन के द्वारा उन्हें रामनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां मौके पर मौजूद चिकित्सक डॉक्टर राजेश कुमार ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वही गोवर्धना पुलिस नें शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद परिवार वालों का रो रो कर हाल है। गोवर्धना थानाध्यक्ष जयकुमार ने बताया कि बोलोरो जब्त कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

भालू की हड्डी के साथ दो गिरफ्तार

रामनगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। प्रखंड के गोवर्धना थाना क्षेत्र के अन्तर्गत सैनिक रोड के गोर्वधना पचरूखिया चौक के समीप बड़ी तादाद में भालू के हड्डी के साथ ससुर दामाद एसएसबी के हथ्थे चढ़ गए है। गुप्त सूचना के आधार यह कार्रवाई 65 वी वाहनी के एसएसबी कामान्डेन्ट नंदन सिंह मेहरा के नेतृत्व में की गई है। बरवा कला गांव के रामेश्वर काजी व चंदन काजी को गिरफ्तार किया गया है। वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत दोनों आरोपी को वन विभाग अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।छापामारी दल में शामिल एसएसबी के एसीडेंट कमांडेंट रूपीन यादव, एसएसबी के प्रेम यादव, वन विभाग के कौशलेंद्र कुमार, नंदलाल बैठा, समीप कुमार समेत अन्य एसएसबी के अधिकारी व जवान मौजूद रहे।

भंगहा बार्डर से दो मवेशी जब्त

मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। भंगहा पुलिस ने गुरुवार की रात सिसवा गांव से तस्करी के दो मवेशियों को जब्त किया है। हालांकि पुलिस की सक्रियता को भांपते ही तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए । भंगहा थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि जब्त मवेशियों को थाना लाया गया है और आगे की कारवाई की जा रही है।

वारंटी धराया,जेल

मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मानपूर पुलिस ने चकरसन से एक एनबीडब्ल्यू वारंटी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि अनूप उराव को गिरफ़्तार कर जेल भेजा गया है।

नहर में डूबने से युवक की मौत

गौनाहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। गौनाहा थाना क्षेत्र के दोन नहर में शुक्रवार की सुबह 8 बजे एक 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक की पहचान श्रीराम पुर गांव निवासी अनिल राउत के पुत्र अजय पटेल के रूप में हुई है। वैसे पुलिस कड़ी मशक्त के बाद शव को बरामद कर पोस्टमार्टम हेतु बेतिया भेज दी है। सीओ विवेक कुमार सिंह ने बताया कि शव को बरामद कर गौनाहा पुलिस को शौप दी गईद्यथानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को शौप दी जाएगी।

अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मुंशी की मौत

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। व्यासपुर मुख्य सड़क पर सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना अजुआ सुगौली चौक स्थित हनुमान मंदिर के समीप की है। इस घटना में एक अज्ञात वाहन ने चिमनी मुंशी को ठोकर मार दिया। जिससे घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गई। मृतक की पहचान मटियारिया गांव निवासी 60 वर्षीय शेषनाथ चौबे के रूप में की हुई है। घटना की सूचना पर 112 पुलिस टीम पहुंची और शव को लेकर अनुमंडलीय अस्पताल पहुंची। मिली जानकारी के अनुसार मृतक इकबाल मियां के चिमनी पर मुंशी का काम करते थे। देर शाम घर लौटने के क्रम में किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उनकी मौत घटना स्थल पर हो गई। थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

साइबर अपराधियों ने 4.42 लाख हजार रुपये उड़ाए

बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। साइबर अपराधियों ने इनरवा थाना क्षेत्र के इनरवा बाजार निवासी उमेश भगत के बैंक खाता से चार लाख 42 हजार 490 रुपये व मैनाटांड़ थाना क्षेत्र के पिपरपाती निवासी संजय कुमार वर्मा के बैंक खाते से दो बार में 70 हजार रुपये गायब कर दिया है। मामले में दोनों ने साइबर थाना में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराया है। उमेश भगत ने पुलिस से बताया है कि 12 दिसंबर 2025 को उनके मोबाइल फोन पर उनके एचडीएफसी बैंक अकाउंट से संबंधित एक ओटीपी आया। तब उन्होंने बैंक में फोन किया, जहां से उन्हें बताया गया कि उनका खाता बिल्कुल सुरक्षित है। यह सुन वे निश्चिंत होकर अपने व्यवसायिक काम में लग गए। चार दिन बाद 29 दिसंबर को पैसा जमा करने के लिए बैंक में गए तो पता चला कि 25 से 29 दिसंबर 2025 के बीच उनके बैंक खाता से 25 बार में चार लाख 42 हजार 490 रुपये ट्रांजैक्शन कर लिया गया है।

उर्वरक अनुज्ञप्ति हेतु 15 दिवसीय समेकित पोषक तत्व प्रबंधन प्रशिक्षण के द्वितीय बैच का समापन

मांझी/एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। कृषि विज्ञान केन्द्र, माँझी में उर्वरक अनुज्ञप्ति (खाद लाइसेंस) के लिए आयोजित 15 दिवसीय समेकित पोषक तत्व प्रबंधन विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय बैच का समापन शुक्रवार को सफलतापूर्वक किया गया। यह प्रशिक्षण 2 से 16 जनवरी 2026 तक चला, जिसमें सारण जिले के 15 प्रखंडों से आए कुल 40 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को पोषक तत्व प्रबंधन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में विभिन्न कृषि विज्ञान केन्द्रों के वैज्ञानिकों, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के विशेषज्ञों तथा सारण जिले के कृषि से जुड़े पदाधिकारियों ने व्याख्यान दिए। इसके साथ ही एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिससे प्रतिभागियों को व्यावहारिक जानकारी मिल सकी। समापन समारोह के अवसर पर सभी 40 प्रशिक्षणार्थियों के बीच प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र, माँझी के उद्यान विशेषज्ञ डॉ. जितेन्द्र चंदोला ने कहा कि समेकित पोषक तत्व प्रबंधन एक स्थायी कृषि पद्धति है, जो मिट्टी एवं फसल की आवश्यकता के अनुसार आवश्यक पोषक तत्वों की संतुलित आपूर्ति सुनिश्चित करती है। इससे उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण भी संभव होता है। उन्होंने बताया कि इस पद्धति में जैविक एवं रासायनिक उर्वरकों, गोबर खाद, हरी खाद और जैव उर्वरकों का एकीकृत उपयोग शामिल है, जिससे मिट्टी का स्वास्थ्य बेहतर होता है, फसल की गुणवत्ता एवं पैदावार बढ़ती है और पर्यावरण प्रदूषण कम होता है। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से आग्रह किया कि वे यहां से प्राप्त ज्ञान को अन्य किसानों तक भी पहुंचाएं। कृषि अभियांत्रिकी विशेषज्ञ डॉ. सुषमा टम्टा ने "समेकित" शब्द का अर्थ स्पष्ट करते हुए कहा कि जैविक, रासायनिक एवं स्थानीय संसाधनों का संतुलित उपयोग ही खेती को टिकाऊ बना सकता है। वहीं डॉ. विजय कुमार ने बताया कि एक मुट्ठी मिट्टी में लाखों सूक्ष्म जीवाणु होते हैं, जिनका संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कम जुताई, फसलों की सीधी बुआई और नियमित मिट्टी जांच पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई। इस अवसर पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी चूल्हन राम ने खाद की दुकान के लिए लाइसेंस प्राप्त करने की पूरी प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षणार्थियों ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वे किसानों को रासायनिक खादों के संतुलित उपयोग एवं जैविक उर्वरकों के अधिक प्रयोग के लिए प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में कृषि विज्ञान केन्द्र, माँझी के अमितेश कुमार गौरव, रामा रंजन, राकेश कुमार, उमाशंकर कुमार, अवनीश पांडेय एवं संतोष कुमार मौजूद रहे और सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

सरकारी भूमि की अवैध जमाबंदी 45 दिनों में होगी रद्द, सीओ ने दिए सख्त निर्देश

मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। सरकारी भूमि को अतिक्रमण और अवैध हस्तांतरण से मुक्त कराने के लिए सरकार ने सख्त कदम उठाया है। पूर्व में जिन सरकारी जमीनों पर गलत, संदिग्ध अथवा अवैध तरीके से जमाबंदी कायम कर दी गई है, उन्हें अब चरणबद्ध तरीके से रद्द किया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया को समय-सीमा में बांधते हुए 45 दिनों के भीतर निष्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अंचल अधिकारी सुमंत कुमार ने इस संबंध में सभी राजस्व कर्मचारियों एवं अंचल अमीनों को निर्देश जारी किया है। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के भीतर अवैध रूप से कायम जमाबंदियों की पहचान कर रद्दीकरण का प्रस्ताव तैयार किया जाए। यह कार्रवाई राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, पटना के प्रधान सचिव के निर्देश के आलोक में की जा रही है। सीओ ने स्पष्ट किया कि बिहार सरकार की जिस ह्यलोक भूमिह्न की गलत या अवैध तरीके से जमाबंदी हो चुकी है, उसका पूरा विवरण, संबंधित कागजात एवं राजस्व अधिकारी के मंतव्य के साथ रद्दीकरण का प्रस्ताव तैयार कर अधिकतम 10 दिनों के भीतर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि तय समय-सीमा में प्रस्ताव प्राप्त नहीं होने की स्थिति में संबंधित राजस्व कर्मचारी एवं अंचल अमीन की जिम्मेदारी तय की जाएगी तथा उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जा सकती है। विभाग ने इस कार्य को अति आवश्यक श्रेणी में रखा है।

प्रधान शिक्षक व प्रधानाध्यापक सम्मान समारोह कल, तैयारियां हुईं तेज

छपरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। सारण जिला प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से प्रधान शिक्षक व प्रधानाध्यापकों का भव्य सम्मान समारोह आगामी 18 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम रविवार को सुबह 10 बजे से गुदरी बाजार स्थित मिलन पैलेस में आयोजित होगा। इसकी जानकारी संघ राज्य प्रतिनिधि मंजीत कुमार तिवारी, जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार यादव, प्रधान सचिव सुरेंद्र कुमार सिंह व प्रधान उप सचिव अरविंद कुमार पाण्डेय ने देते हुए बताया है कि कार्यक्रम में कई जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे। मुख्य अतिथियों में एकमा के विधायक मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह, छपरा की विधायक छोटी कुमारी व सारण स्नातक क्षेत्र के विधान पार्षद प्रो. (डॉ.) वीरेंद्र नारायण यादव शामिल हैं। वहीं छपरा नगर निगम के महापौर लक्ष्मी नारायण गुप्ता भी समारोह में मौजूद रहेंगे।

दो दिवसीय विशेष समकालीन अभियान में सत्रह लोग गिरफ्तार, आदापुर थाना की बड़ी कारवाई

आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। जिला पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के दिशा निर्देश पर दो दिवसीय विशेष समकालीन अभियान एस ड्राइव के तहत जिले के सभी थानों को अपराध पर नियंत्रण करने का निर्देश दिया गया था, अपराधी के विरुद्ध वारंटी, कुर्की, वर्षों से चल रहे फरारी को लेकर स्थानीय थाना प्रभारी पप्पु पासवान ने सख्त रवैया अपनाते हुए दर्जनों लोगों को गिरफ्तार किया, आरोपी श्यामपुर चौक निवासी प्रभू पासवान के पुत्र अनिल पासवान, चैनपुर गांव निवासी रामाधार प्रसाद के पुत्र ज्योति लाल साह, शराब सेवन के आरोप में,कचुरबारी गांव निवासी भिखारी ठाकुर के पुत्र सुनील कुमार,बोला यादव के पुत्र धुरंधर यादव,चीकनी गांव निवासी परगना राम के पुत्र रामजी राम,योगी राम के पुत्र भीम राम,बालदेव राम के पुत्र दुर्योधन राम,बलौक टोला निवासी खेरी पंडित के पुत्र बद्री पंडित, शराब कारोबारी का आरोपी रामजी सिंह पिता पत्र सिंह,बिगन मियां पिता मुख्तार मियां दोनों मूर्तियां गांव के निवासी हैं, आदापुर थाना काण्ड संख्या 354/2025 श्याम पुर बाजार प्रहलाद प्रसाद के पुत्र राहुल कुमार जिनका अपराधिक मामले दर्ज है इन तीनों के पास से तैतिस लीटर विदेशी शराब कस्तुरी बरामद की गई है शराब सेवन के आरोपी दिलदार आलम पिता फतेह आलम मूर्तियां,अवधेश राम पिता झापस राम लक्ष्मीपुर, नंदन राम पिता शिव गोविन्द पासवान विशुनपुरवा,कमाल अंसारी पिता भिखारी मियां शेखवा टोला, सुरेश कुमार पिता राम बाबू प्रसाद गमहरिया,लाल बहादुर साह पिता रामप्रवेश साह बलुआ थाना रामगढवा,तबरेज आलम पिता जमीर मियां छतवा थाना कलैया नेपाल, श्यामपुर पुर गांव निवासी राजेश पाण्डेय,को गिरफतार कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

लगातार दुर्घटनाओं से आक्रोशित ग्रामीणों ने विष्णुपुरा क्रॉसिंग पर व्हीकल अंडर पास निर्माण की मांग को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

डोरीगंज (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। सदर प्रखंड अंतर्गत बिष्णुपुरा पंचायत में निमार्णाधीन 6-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं और मौतों से आक्रोशित ग्रामीणों ने गुरुवार को मोर्चा खोल दिया। ग्रामीणों के एक शिष्टमंडल ने परियोजना निदेशक एनएचएआई, छपरा एवं जिलाधिकारी, सारण को ज्ञापन सौंपते हुए बिष्णुपुरा क्रॉसिंग पर अविलंब व्हीकल अंडर पास निर्माण की मांग की।

मौत का प्वाइंट बनी बिष्णुपुरा क्रॉसिंगः

ग्रामीणों ने बताया कि बिष्णुपुरा गांव से चंवर, कपूर्री ठाकुर छात्रावास, होमगार्ड प्रशिक्षण केंद्र एवं श्री लंगेश्वरी बाबा आश्रम को जोड़ने वाली सड़क को निमार्णाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग बीच से काटता है। इसी क्रॉसिंग पर बीते एक वर्ष के दौरान लगभग 10 बड़ी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें अब तक 6 लोगों की दर्दनाक मौत हो चुकी है।

एक ही परिवार पर टूटा कहरः

ग्रामीणों के अनुसार प्रशासनिक लापरवाही का सबसे बड़ा खामियाजा बिष्णुपुरा निवासी स्वर्गीय रामदेव सिंह के परिवार को भुगतना पड़ा है। महज छह माह के अंतराल में इसी क्रॉसिंग पर हुए अलग-अलग हादसों में रामदेव सिंह और उनके पुत्र अजय सिंह की मौत हो गई। इस घटना के बाद से पूरे गांव में भय और आक्रोश का माहौल है।

छात्रों व किसानों की जान पर खतराः

ज्ञापन में बताया गया कि यह मार्ग सैकड़ों किसानों और कपूर्री ठाकुर छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों के लिए मुख्य आवागमन का रास्ता है। सड़क के 6-लेन बनने के बाद वाहनों की रफ्तार और बढ़ जाएगी, जिससे पैदल, साइकिल या दुपहिया वाहन से सड़क पार करना जान जोखिम में डालने जैसा होगा। ग्रामीणों का कहना है कि यहां केवल जेब्रा क्रॉसिंग पर्याप्त नहीं है, बल्कि अंडर पास ही एकमात्र सुरक्षित समाधान है। इस दौरान जितेंद्र सिंह (अधिवक्ता), नीरज कुमार सिंह, पूर्व मुखिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे और शीघ्र कार्रवाई की मांग की।

दूसरे दिन परीक्षा कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्वक सम्पन्न

मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बी.आर.ए. बिहार विवि, मुजफ्फरपुर के तत्वावधान में स्नातक (सी.बी.सी.एस) प्रथम सेमेस्टर, सत्र 2025-29 की परीक्षा दिनांक 15 जनवरी 2026 से प्रारंभ है। मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी को एल. एन. डी. कॉलेज, मोतिहारी एवं एम. एस. एस. जी. कॉलेज, अरेराज के परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र बनाया गया है। दिनांक - 16/01/26, परीक्षा के दूसरे दिन मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी परीक्षा केंद्र पर प्रथम पाली में मेजर ग्रुप -सी के अंतर्गत रसायन शास्त्र, जूलॉजी, बॉटनी, राजनीति विज्ञान विषय की परीक्षा संपन्न हुई, जिसमें कुल 1297 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। वहीं, दूसरी पाली में मेजर ग्रुप - डी के अंतर्गत गणित, मनोविज्ञान, भूगोल, उर्दू और अंग्रेजी विषयों की परीक्षा हुई, जिसमें 1582 परीक्षार्थियों ने भाग लिया।

चिरांद की सभ्यतागत विरासत पर राज्य स्तरीय संगोष्ठी आज

जेपी विश्वविद्यालय छपरा में पुरातत्वविदों व इतिहासकारों का होगा जुटान

छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। विश्व के दुर्लभ पुरातात्त्विक स्थलों में शामिल सारण के चिरांद की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सभ्यतागत महत्ता पर अकादमिक विमर्श की बढ़ती आवश्यकता को देखते हुए जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा में आज 17 जनवरी 2025 को राज्यस्तरीय संगोष्ठी आयोजित की जा रही है। संगोष्ठी का विषय "चिरांद : पुरातात्त्विक साक्ष्य, लोकस्मृति और सभ्यतागत निरंतरता का विमर्श" निर्धारित किया गया है। यह कार्यक्रम जेपी विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग, इतिहास संकलन समिति, प्रज्ञा प्रवाह की इकाई-चिति, तथा चिरांद विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हो रहा है। संगोष्ठी के संरक्षक जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार बाजपेई, तथा सह-संरक्षक प्रो. अजीत कुमार, अध्यक्ष इतिहास संकलन समिति, उत्तर बिहार हैं। कार्यक्रम में प्रज्ञा प्रवाह के क्षेत्रीय संयोजक देवदत्त प्रसाद, चिति के अध्यक्ष प्रो. लक्ष्मी नारायण, तथा जेपी विश्वविद्यालय के इतिहास विभागाध्यक्ष प्रो. कृष्ण कन्हैया वक्ता के रूप में शामिल होंगे। संगोष्ठी का संचालन एवं संयोजन डॉ. रितेश्वर तिवारी, स्नातकोत्तर इतिहास विभाग, कर रहे हैं। बिहार के सारण क्षेत्र में गंगा, सरयू और सोन नदियों के संगम पर स्थित चिरांद भारतीय उपमहाद्वीप का एकमात्र ऐसा स्थल है जहां नवपाषाण, ताम्रपाषाण और प्रारम्भिक ऐतिहासिक काल की परतें एक सतत क्रम में मिलती हैं। यहाँ उत्खनन से प्राप्त उपकरण, अस्थिझअवशेष, आवास-संरचनाएं और कृषि संकेत न केवल उन्नत प्रागैतिहासिक जीवन का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं, बल्कि आज भी यहां की जीवन-पद्धति, धार्मिक आस्थाएँ, लोकविश्वास और सामाजिक व्यवहार उस सभ्यता की निरंतरता को जीवित रखते हैं।

विभिन्न स्थानों पर चोरी से गांव में दहशत का माहौल

नकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। शिकारपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में एक ही रात में पांच जगहों पर चोरी की घटना घटी है। घटना थाना क्षेत्र के गोवर्धना गांव की है। चोरों ने गांव के रामचंद्र यादव के खेत में लगे बोरिंग से मोटर की चोरी कर ली गई। वहीं नागेंद्र पंडित के बोरिंग से भी मोटर चुरा ली गई है। इसके अलावा बिकेश तिवारी के गैरेज का ताला तोड़कर बाइक चोरी का प्रयास किया गया, लेकिन स्थानीय लोगों के नींद खुलने पर बाइक छोड़कर चोर फरार हो गए। चोरों ने गांव के काजू साह की किराना दुकान को भी निशाना बनाते हुए ताला तोड़कर हजारों रुपये मूल्य का सामान

समृद्धि यात्रा के बाद मुख्यमंत्री ने किया 182 करोड़ की 161 योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन

बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा के उपरांत जिलाधिकारी तरनजोत सिंह ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि जिले में मुख्यमंत्री द्वारा कुल 182 करोड़ रुपये की 161 योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया गया।जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री सबसे पहले कुमारबाग पहुंचे, जहां उन्होंने वर्धन बायोगैस प्लांट का शिलान्यास किया तथा कुमारबाग औद्योगिक क्षेत्र के विस्तारीकरण के ओवरव्यू का अवलोकन किया। इसी क्रम में कुमारबाग में ही 19 करोड़ रुपये की लागत से निमार्णाधीन महिला श्रमिक हॉस्टल का भी शिलान्यास किया गया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने बेतिया के रमना मैदान में कृषि मेला का उद्घाटन किया तथा विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। जिलाधिकारी ने बताया कि इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने जिले की प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं के कार्यों के क्रियान्वयन की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को कार्यों को तीव्र गति से पूर्ण करने का निर्देश दिया।समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों के राज्यस्तरीय पदाधिकारियों के साथ-साथ जिलास्तरीय पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार अब जिले में प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को थानास्तर, अंचलस्तर से लेकर जिलास्तर तक संबंधित पदाधिकारी आमजन की समस्याओं की सुनवाई करेंगे तथा उनका यथोचित समाधान सुनिश्चित करेंगे। यह व्यवस्था 19 जनवरी से अनिवार्य रूप से लागू की जाएगी।इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ. शौर्य सुमन ने बताया कि जिले के प्रत्येक थाना परिसर में आंगतुक कक्ष का निर्माण कराया जा चुका है। निर्धारित दिनों में आमजन आंगतुक कक्ष में बैठकर अपनी समस्याएं पदाधिकारियों के समक्ष रख सकेंगे, जिनकी जांचोपरांत समाधान किया जाएगा।मौके पर अपर समाहर्ता राजीव रंजन सिंहा, अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) कुमार रविंद्र, अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनिल कुमार सिंहा एवं जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी राकेश कुमार भी उपस्थित थे।

मकर संक्रांति पर मांझी रामघाट में दंगल आयोजित, बलिया के छोटू पहलवान बने विजेता

बिहार-यूपी के पहलवानों ने दिखाया दमखम, पारंपरिक कुश्ती से गुलजार रामघाट

छपरा/मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर प्रति वर्ष की तरह इस बार भी गुरुवार को रामघाट पर भव्य दंगल कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बिहार और उत्तर प्रदेश के नामी पहलवानों ने भाग लेकर अपने दमखम और पारंपरिक कुश्ती कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबले में बलिया के छोटू पहलवान ने सभी प्रतिद्वंद्वियों को पराजित करते हुए दंगल का खिताब अपने नाम किया। विजेता घोषित होने पर छोटू पहलवान को आयोजक एवं युवा नेता ई. सौरभ सन्नी द्वारा सील्ड कप और 2500 रुपये नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष देवाशीष हंस और आयोजक ई. सौरभ सन्नी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हनुमत ध्वज स्थापित कर दंगल का विधिवत उद्घाटन किया। दंगल के दौरान दर्जनों मुकाबलों में पहलवानों ने एक-दूसरे को पटखनी देकर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। छोटू पहलवान (बलिया), नम्रता पहलवान (गोरखपुर), मुस्कान पहलवान (कानपुर), मन्नू पहलवान (बनारस), बिहारी पहलवान (गोपालनगर), मंतोष पहलवान (रेवती), संदीप पहलवान (गाजीपुर), दिनेश पहलवान (बलिया), राजेश पहलवान (बैरिया), सूरज पहलवान (मांझी), बिट्टू पहलवान (गोपालनगर) और सोनू पहलवान (नरला) के दांव-पेंच विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। आयोजक ई. सौरभ सन्नी ने कहा कि दंगल ग्रामीण खेल संस्कृति को बढ़ावा देने, युवाओं को खेलों से जोड़ने और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम में उद्धव यादव, संतोष पहलवान, रामचंद्र यादव, अनिल यादव, पूर्व मुखिया सुखदेव यादव, रंजन शर्मा, सुरेश यादव, विनय सिंह, बलिराम यादव सहित बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

राम-जानकी पथ निर्माण में भूमि मापी चरणबद्ध व तेज गति से होगी

मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मशरक से होकर गुजर रहे एनएच-227ए राम-जानकी पथ के निर्माण में भूमि अधिग्रहण से जुड़ी बाधाओं को दूर करने के लिए जमीनों की मापी चरणबद्ध और तेज गति से की जाएगी। यह जानकारी अंचल अधिकारी सुमंत कुमार ने अंचल कार्यालय परिसर में आयोजित बैठक के दौरान द

लंबित गांवों में प्राथमिकता के आधार पर किसानों का करें पंजीकरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। जिले में "फार्मर रजिस्ट्री – किसान की डिजिटल पहचान" फार्मर आइडी कार्ड निर्माण हेतु द्वितीय चरण के कैम्प अभियान से संबंधित समाहरणालय के सभा कक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के द्वारा समीक्षा बैठक आयोजित की गई। गौरतलब है कि इस अभियान के अंतर्गत दो चरणों में पंचायत स्तरीय शिविरों का आयोजन कर किसानों फार्मर रजिस्ट्री के कार्य मिशन मोड में कैम्प लगाकर किया जा रहा है। प्रथम चरण शिविर 6 जनवरी से 11 जनवरी तक आयोजित किया जा चुका है। द्वितीय चरण का कैम्प 17 जनवरी से 21 जनवरी तक आयोजित किया जाना है। शिविर जिले के विभिन्न प्रखंडों की पंचायतों में पंचायत सरकार भवनों एवं अन्य सरकारी भवनों में पंचायतवार शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार एवं राजस्व कर्मचारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री से संबंधित प्रक्रिया करेंगे। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे लक्ष्य के अनुरूप कार्य करें और अभियान का समयबद्ध

एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने विशेष रूप से यह निर्देश दिया कि "जिन गांवों में लंबित कार्य सूची में सबसे अधिक पेंडेंसी है, वहां प्राथमिकता के आधार पर किसान पंजीकरण (एफआर) कराया जाए। शिविरों के साथ-साथ डोर टू डोर अभियान के माध्यम से लंबित किसानों की फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण करने का कार्य सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी द्वारा सभी वरीय पदाधिकारी को इसका सतत मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया गया। शुक्रवार को जिले के सभी प्रखंडों में आयोजित शिविरों के माध्यम से कुल 2,284 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री सफलतापूर्वक पूर्ण की गई। जिला प्रशासन द्वारा जिले के समस्त किसान भाई-बहनों से अपील की गई है कि वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित पंचायत स्तरीय शिविरों में समय पर उपस्थित होकर अपनी फार्मर रजिस्ट्री कराना सुनिश्चित करें, ताकि वे विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर, पारदर्शी एवं सुगम रूप से प्राप्त कर सकें।

शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार, बाइक जब्त

रफीगंज (औरंगाबाद)नबिटा संवाददाता। रफीगंज पुलिस ने मई गुमटी के समीप एक बाइक लदे 81 लीटर महुआ शराब के साथ एक कारोबारी इंद्रजीत कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इस संबंध प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि रात्रि गश्ती के दौरान एसआई कुशो कुमार अपने दल बल के साथ गश्ती कर रहे थे, इसी दरमियान सूचना मिली कि मई गुमटी के पास मोटरसाइकिल पर लदे शराब लेकर जा रहा था, त्वचित करवाये करते हुए ,मोटरसाइकिल पर लदे शराब के साथ जब्त किया गया। नाम पता पूछा गया तो कासमा थाना क्षेत्र के खैरा मनोरथ निवासी राजकुमार दास के 16 वर्षीय पुत्र इन्द्रजीत कुमार एवं भागे हुए इसी गांव के समिध दास के पुत्र निरहू उर्फ निरहुआ कुमार, उत्तम सिंह, बंदिया गांव निवासी रुकन्दी गांव निवासी महेश यादव उर्फ जयप्रकाश यादव एवं जब्त मोटरसाइकिल के स्वामी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

ब्रजनंदन शर्मा के प्रयासों से प्राथमिक विद्यालयों का सरकारीकरण संभव : प्रमोद सिंह चंद्रवंशी

काको में ब्रजनंदन शर्मा की बरखी पर बच्चों के बीच स्वेटर वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

काको (जहानाबाद)। शिक्षक समाज के देशव्यापी नेता एवं बिहार प्राथमिक शिक्षक संघ के आजीवन अध्यक्ष रहे स्वर्गीय ब्रजनंदन शर्मा की बरखी के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी अति पिछड़ा प्रकोष्ठ, बिहार के प्रदेश संयोजक प्रमोद सिंह चंद्रवंशी के सौजन्य से उनके गृह प्रखंड काको स्थित दक्षिणी राजकीय मध्य विद्यालय, काको में लगभग 250 छात्र-छात्राओं के बीच स्वेटर का वितरण किया गया। इस वितरण समारोह में स्व. ब्रजनंदन शर्मा के पुत्र, पूर्व मंत्री एवं हम (से.) पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार, भाजपा के वरिष्ठ नेता रंजीत रंजन, अनिल शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोगों ने अपने हाथों से बच्चों को स्वेटर वितरित किए।

इस अवसर पर प्रदेश संयोजक प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि श्रद्धेय ब्रजनंदन शर्मा से उनका लगभग

30 वर्षों से पारिवारिक संबंध रहा है। उनके सान्निध्य और मार्गदर्शन से उन्हें बहुत कुछ सीखने का अवसर मिला। उनका स्नेह, प्रेम और मार्गदर्शन सदैव ऊर्जा प्रदान करता रहेगा। उन्होंने कहा कि स्व. शर्मा ने जीवनपर्यंत शिक्षकों के अधिकार, सम्मान और प्रतिष्ठा के लिए संघर्ष किया तथा उनके प्रयासों से प्राथमिक विद्यालयों का सरकारीकरण संभव हुआ। बच्चों के बीच स्वेटर वितरण भाजपा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ की ओर से उन्हें दी गई एक छोटी सी श्रद्धांजलि है।

पूर्व मंत्री डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि उनके पिता जीवन भर शिक्षक समाज के नेता के रूप में शिक्षकों के अधिकार और सम्मान के लिए संघर्षरत रहे। उनकी स्मृति में विद्यालय के बच्चों के बीच स्वेटर वितरण करने के लिए उन्होंने भाजपा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद सिंह चंद्रवंशी के प्रति आभार व्यक्त किया।

ओबरा पुलिस ने छह शराब भट्ठियां ध्वस्त कीं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। ओबरा थाना पुलिस ने अवैध शराब निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए महदेवा सोन दियारा टीला क्षेत्र में छापेमारी कर छह शराब भट्ठियों को ध्वस्त किया। इस दौरान पुलिस ने लगभग दो हजार लीटर महुआ जावा को मौके पर ही नष्ट कर दिया। कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में देशी महुआ शराब भी बरामद की गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि महदेवा सोन दियारा टीला क्षेत्र में शराब धंधेबाज अवैध रूप से महुआ शराब का निर्माण कर उसकी बिक्री कर रहे हैं। सूचना के आधार पर ओबरा थाना पुलिस ने एक विशेष टीम का गठन किया और इलाके में छापेमारी की। पुलिस के पहुंचते ही शराब बनाने में लगे लोग भनक लगते ही मौके से फरार हो गए। छापेमारी के दौरान पुलिस ने प्रत्येक भट्ठी से पंद्रह गैलन में कुल 225 लीटर देशी महुआ शराब बरामद की। इसके साथ ही शराब निर्माण में उपयोग किए जा रहे दस एल्यूमिनियम के तसले भी जब्त किए गए। मौके पर मौजूद सभी भट्ठियों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया, ताकि भविष्य में दोबारा अवैध शराब का निर्माण न हो सके। ओबरा थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि फरार अभियुक्तों की पहचान कर ली गई है और उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। उन्होंने कहा कि अवैध शराब निर्माण और बिक्री की गतिविधियां लंबे समय से चल रही थीं। पुलिस की कार्रवाई के दौरान आरोपी मौके से भाग निकले, लेकिन उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। थाना प्रभारी ने कहा कि अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और ऐसे मामलों में किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

अपहृत को पुलिस ने किया बरामद, आरोपी की तलाश तेज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। शुक्रवार को अपहृत नाबालिग लड़की को देव पुलिस ने थाना मोड़ से बरामद कर लिया है। जबकि आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार, थाना क्षेत्र के एक गांव से दुर्गापूजा में घूमने गई नाबालिग लड़की का अपहरण कर लिया गया था। घटना को लेकर अपहृता के परिजनों ने बीते अक्टूबर माह में मुकदमा दर्ज करवाया था। इसके बाद पुलिस ने अपहृता को सकुशल बरामदगी व इसमें संलिप्त अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई कर रही थी। पुलिस की ताबिश पर अभियुक्त ने अपहृता को थाना मोड़ छोड़ गया। पुलिस टीम के प्रारम्भिक पूछताछ से यह तथ्य प्रकाश में आया कि नाबालिग कुटुंबा थाना क्षेत्र के हनेया गांव निवासी प्रदीप भुईयां के सम्पर्क में थी। आरोपी का नानी गांव नाबालिग के ही गांव में है। इधर, पुलिस अपहृता की बरामदगी के बाद शुक्रवार को उसका बयान न्यायालय में दर्ज कराने के साथ ही मेडिकल जांच जांच की प्रकिया में जुटी थी। हालांकि, पुलिस अपहरणकर्ता को गिरफ्तार नही कर पायी है। लेकिन, पुलिस अपहरणकर्ता की गिरफ्तारी के लिए सम्भावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन युवाओं में दिखा उत्साह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। मेरा युवा भारत, जहानाबाद (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) के तत्वावधान में ज्योत्सना युवा मंडल हुलासगंज क्लब द्वारा क्लस्टर स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुलासगंज खेल मैदान में किया गया। कार्यक्रम में हुलासगंज एवं मोदनगंज प्रखंड के प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

इस खेलकूद प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि जिला युवा अधिकारी, मेरा युवा भारत, जहानाबाद रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में हुलासगंज थानाध्यक्ष, एवं बोरी पंचायत के मुखिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हुलासगंज प्रखंड बीस सूत्री कार्यक्रम के उपाध्यक्ष रणधीर कुमार ने की।

प्रतियोगिता में फुटबॉल (पुरुष), कबड्डी (महिला), 100/200 मीटर दौड़ (महिला) तथा 100/400 मीटर दौड़ (पुरुष) सहित विभिन्न खेलों को शामिल किया गया। महिला 100 मीटर दौड़ में खुशबू कुमारी ने प्रथम, मेघा कुमारी ने द्वितीय तथा नेहा कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं गोला फेंक प्रतियोगिता में खुशी कुमारी

प्रथम, हेतबी कुमारी द्वितीय और आयुषी कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। कबड्डी प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में बौरी टीम की विजेता बनी जबकि सुहानी बिगहा की टीम उपविजेता रही। पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन आगामी तिथि को किया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने युवाओं को खेल के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि खेल न केवल हमें स्वस्थ रखता है, बल्कि इससे करियर निर्माण के भी अवसर मिलते हैं।जैसा कि ज्ञात हो इस वर्ष जहानाबाद जिले में चार क्लस्टर स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें यह दूसरी प्रतियोगिता थी। इस संबंध में जिला युवा अधिकारी श्री सुशील करोलिया ने बताया कि इस वर्ष चार क्लस्टर स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं विधानसभा स्तर पर आयोजित की जा रही हैं।उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी हुई प्रतिभाओं को सामने लाने का कार्य मेरा युवा भारत संगठन कर रहा है। कार्यक्रम में जिले भर से आए बड़ी संख्या में युवा साथी उपस्थित रहे और आयोजन को सफल बनाने में अपनी ओर से योगदान दिया।

पूर्व रेलवे

निविदा सूचना सं.: एसजी.टेंडर/डीएसटीई/एसडीएएच/591, दिनांक 16.01.2026; सीनि. डीएसटीई, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **ई-निविदा सं. एसडीएसटीई/टेली/टी/19/25-26/सीएपी, डीएफ1; कार्य का नाम साथ में उसका स्थान:** पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल के तहत यूटीएस/पीआरएस नेटवर्क के डाटाकॉम उपकरणों का उन्नयन। **निविदा मूल्य :** रु. 2,14,20,145.86; **जमा की जाने वाली बयाना राशि/बोली सुरक्षा :** रु. 2,57,100; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **कार्य समापन अवधि:** 06 महीने। **निविदा जमा शुरू होने की तारीख:** 27.01.2026; **निविदा जमा करने की अंतिम तारीख:** 10.02.2026 को अपराह्न 2.00 बजे तक। **निविदा बोली खुलने की तारीख:** 10.02.2026 को अपराह्न 2.30 बजे। विस्तृत विवरण: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **पात्रता के तकनीकी मानदंड:** निविदादाताओं द्वारा पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निविदा आमंत्रित किए जाने वाले माह से पहले महीने के अंतिम दिन तक, नीचे उल्लेखित श्रेणियों में से किसी भी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा अथवा काफी हद तक सम्पन्न किया होना चाहिए: (i) समतुल्य प्रकृति के तीन कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए अथवा (ii) समतुल्य प्रकृति के दो कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए अथवा (iii) समतुल्य प्रकृति का एक कार्य, जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए। **पात्रता के वित्तीय मानदंड:** निविदादाता द्वारा वी/एन अथवा 'वी' जो कम हो का न्यूनतम औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार किया होना चाहिए, जहां वी=निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, एन=कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोली आमंत्रित की गई है। औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना लेखा परीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्त वर्षों में "कुल अनुबंधकीय भुगतान" के औसत के रूप में किया जाएगा। हालांकि, पिछले वर्ष के तुलन पत्र के तैयार होना/लेखा परीक्षण होना बाकी रहने की स्थिति में औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना के लिए पिछले चौथे वर्ष के लेखा परीक्षित तुलन पत्र पर विचार किया जाएगा। निविदादाताओं को जीसीसी 2022 के अनुलनग्क-VIबी (इस निविदा दस्तावेज का प्रपत्र-6) के अनुसार अपेक्षित जानकारी के साथ चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा भलीभांति सत्यापित लेखा परीक्षित तुलनपत्र/लेखा परीक्षित तुलन पत्र के साथ भलीभांति समर्थित चार्टर्ड एकाउंटेंट से प्रमाणपत्र जमा करना होगा। **जमा किए जाने वाले अन्य दस्तावेज:** जैसा कि निविदा दस्तावेज में उल्लेखित है। **समतुल्य प्रकृति का कार्य:** "कोई भी टेलीकॉम कार्य जिसमें एमआईएस/एलएएन/डब्ल्यूएएन/हेल्पलाइन/यूटीएस/पीआरएस/एफओआईएस/वैल्यू एडेड पूछताछ प्रणाली/वीडियो पूछताछ प्रणाली/डेटा कनेक्टिविटी/डेटाकॉम उपकरण/वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/वायरलेस कम्युनिकेशन/सिक्योर्ड कम्युनिकेशन/वाईफाई/कंप्यूटर आधारित इन्क्वायरी सिस्टम शामिल हो"। **टिप्पणी:** निविदादाता को निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा दस्तावेज में यथा उल्लेखित पात्रता के मानदंडों को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में दस्तावेज जमा करने होंगे। निविदादाता द्वारा अनुशंसापत्रों के समर्थन में जमा किए गए दस्तावेज/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपियों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता अथवा निविदाकारी प्रतिष्ठान के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्वयं सत्यापित/डिजिटली हस्ताक्षर होना चाहिए। स्वयं सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर तथा तारीख (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होना चाहिए। (SDAH-356/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

संगठन की मजबूती को लेकर भाजपा की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अंबा (औरंगाबाद)। भारतीय जनता पार्टी ने संगठन के सुदृढ़ीकरण को लेकर शुक्रवार को कुटुंबा विधानसभा स्तरीय बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता हिमांशु शेखर ने की। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने पर जोर दिया गया। कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया गया कि घर-घर जाकर लोगों को केंद्र सरकार द्वारा जनहित में चलाए जा रहे योजनाओं की जानकारी दें और योग्य लाभुकों को योजना का लाभ दिलाकर भारतीय जनता पार्टी के विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए संगठन से जुड़ने की अपील करें। मंडल अध्यक्ष ने बताया कि शीर्ष नेतृत्व ने 20 जनवरी तक व्यवसायिक प्रकोष्ठ, मत्स्यजीवी प्रकोष्ठ, महादलित प्रकोष्ठ, पंचायती राज प्रकोष्ठ, सहकारिता प्रकोष्ठ, किसान मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा, एससी मोर्चा, युवा मोर्चा, ओबीसी मोर्चा तथा महिला मोर्चा के गठन करने का निर्देश दिया है। इस मौके पर विधानसभा प्रभारी अशोक कुमार पांडेय, कुटुंबा पूर्वी मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार, विधानसभा संयोजक परमेश्वर बैठा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रेखा पासवान, महेंद्र प्रजापति, सच्चिदानंद सिंह, आलोक कुमार तिवारी, सत्येंद्र कुमार सिंह, संडा मंडल अध्यक्ष विजय सिंह समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

दिव्यांगजनों के लिए रोजगार शिविर 22 को

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। बिहार सरकार के युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत जिला नियोजनालय, जहानाबाद द्वारा निशक्त जनों के लिए नियोजन सहायता कार्यक्रम के तहत दिव्यांगजनों हेतु एक दिवसीय सेमिनार सह रोजगार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 22 जनवरी 2026 को सदर प्रखंड परिसर स्थित संयुक्त श्रम भवन, जिला नियोजनालय भवन में आयोजित होगा। बताया जाता है कि इस रोजगार शिविर में एल.आई.सी ऑफ इंडिया, जहानाबाद द्वारा बीमा सखी पद के लिए भर्ती की जाएगी। इस पद के लिए आवेदकों की आयु सीमा 18 से 70 वर्ष निर्धारित की गई है, जबकि न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास रखी गई है। चयनित अभ्यर्थियों को 7000 रुपये मासिक मानदेय के साथ कमीशन, मोबाइल बिल, टीए-डीए, रॉयल्टी इनकम सहित अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि रोजगार शिविर में भाग लेने के लिए उम्मीदवारों का एन.सी.एस पोर्टल पर निबंधित होना अनिवार्य है। यह स्पष्ट किया गया है कि रोजगार शिविर की पूरी प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क रहेगी। शिविर का समय पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक निर्धारित है।

अपहरण व दुष्कर्म को अभियुक्त को दस साल सश्रम कारावास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद स्पेशल पोक्सो कोर्ट जज लक्ष्मी कांत मिश्रा ने कुटुंबा थाना की एक कांड में सज़ा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए एक मात्र अभियुक्त थाना क्षेत्र के हनैया निवासी अरविंद कुमार भुईयां को भादंवि धारा -366 में सात साल की सजा और बीस हजार रूपये जुर्माना लगाया है। भादंवि धारा -376 और 4 पोक्सो एक्ट में दस साल की सजा और तीस हजार रुपए जुर्माना लगाया है। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेगी।

रानीडीह गांव मूलभूत सुविधाओं से है वंचित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

औरंगाबाद। जिले के मदनपुर प्रखंड के चेई नवादा पंचायत के रानीडीह गांव के लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। हर घर नल-जल, स्वच्छता अभियान, सार्वजनिक शौचालय, गली और नाली निर्माण जैसी योजनाएं अधूरी या पूरी तरह से विफल हो चुकी है। गांव में पानी टंकी तो है परंतु पाइप टूटी हुई है जिससे अधिकांश घरों में नल का जल नहीं पहुंचता है। जलजमाव की समस्या से हालात और भी बदतर हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि पानी टंकी बनने के कुछ दिन तक पानी मिला परंतु फिर जहां-तहां पाइप फट जाने के कारण हर घर तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। संबंधित विभाग को कई बार शिकायत की गइ परंतु कोई सुनवाई नहीं हुई। संवेदक ने जल्दबाजी में काम कर अधूरा छोड़ दिया। पंचायत सरकार भवन का निर्माण पंचायत में अबतक पूर्ण नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि हमलोगों को जाति, आय, निवास पेंशन और

गांव के प्रति अधिकारियों का नहीं है ध्यान

अन्य प्रमाण पत्रों के लिए प्रखंड कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं। बता दे कि इस गांव में सौ से अधिक घर हैं। आबादी लगभग 1500 की है जबकि 700 मतदाता हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में नाली और गली की स्थिति ठीक नही है। गली से ऊपर नाली का निर्माण हो जाने के कारण पानी की निकासी नहीं हो पाती है जिसके कारण गली में जलजमाव और कीचड़ फैलने के कारण दुर्गंध से जीना मुश्किल हो गया है। गांव में पक्की नाली और गली का निर्माण स्थानीय जनप्रतिनिधि जल्द से जल्द कराएं। हमलोगों को इस बरसात के मौसम में आवागमन करने में कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। ग्रामीणों ने कहा कि कुछ जगह पर नालियों का निर्माण कराया गया है जो सड़क के बीचो बीच कराने के कारण घरों तक पहुंचने में काफी परेशानी होती है। थोड़ी सी भी बारिश हो जाती है तो गांव की गलियां जलमग हो जाती है। इससे आवागमन में परेशानी होती है। सबसे ज्यादा परेशानी बुजुर्ग महिलाएं और बच्चों को होती है। पक्की गली और नाली का निर्माण हो जाए तो हम लोगों की आधी परेशानी दूर हो जाएगी। स्वच्छ भारत मिशन के तहत पंचायत को खुले में शौच से मुक्त घोषित किया गया परंतु आज भी कई गरीब परिवारों के पास शौचालय नहीं है। गरीब तबके के पास खुद का शौचालय बनवाने के लिए जमीन नहीं हैं। सार्वजनिक शौचालय की भी कोई व्यवस्था नहीं है। ग्रामीणों की मांग है कि पंचायत स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन की जांच हो और दोषियों पर कार्रवाई की जाए ताकि आमलोगों को उनके हक मिल सके। सरकार के लाख कोशिश के बावजूद योजना का लाभ धरातल पर नहीं दिख रहा है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मदनपुर की टीम रफीगंज पहुंची

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को इंक्वास से सम्मानित होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मदनपुर इक्वास के लिए तैयारी में लग गई है। एक टीम प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी मदनपुर डॉ संजय कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक ललन प्रसाद, बीसीएम ओमप्रकाश गुप्ता, अकाउंटेंट पंकज कुमार के द्वारा रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पूर्ण रूप से जानकारी लिए एवं घूम घूमकर सारी व्यवस्थाएं, साफ सफाई की जानकारी ली गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि कई वर्षों से रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को इंक्वास एवं कायाकल्प से सम्मानित किया जा रहा है। हमारे स्वास्थ्य कर्मियों की अहम भूमिका रहती है, इसी इक्वास को लेकर मदनपुर स्वास्थ्य केंद्र से लोग पहुंचे और हमारे स्वास्थ्य केन्द्र की सारी जानकारी ली। इस मौके पर स्वास्थ्य प्रबंधक नेहा सिन्हा, अकाउंटेंट राजेश कुमार, बीसीएम सनी कुमार, डाटा ऑपरेटर निर्भय कुमार, एएनएम रंजना कुमारी, हेलेना मैडम, वैजयंती माला, दावन तिग्गा, सुमन कुमारी एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

इंडियन ओवरसीज बैंक आपका मित्र है, बेहतर सेवा देने को दृढ़ संकल्पित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। औरंगाबाद मुख्यालय के नगर थाना के समीप स्थित इंडियन ओवरसीज बैंक शाखा परिसर में बैंक ग्राहकों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता बैंक प्रबंधक मुकलेश कुमार ने की। इस अवसर पर उन्होंने ग्राहकों को बैंक से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की जानकारी विस्तार से दी और अधिक से अधिक लोगों से इन योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। बैठक को संबोधित करते हुए मुकलेश कुमार ने कहा कि बैंक आपका मित्र है और सभी ग्राहकों को बेहतर सेवा देने के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने बताया कि इंडियन ओवरसीज बैंक करीब 90 वर्षों से संचालित हो रहा है और लंबे समय से लोगों की बैंकिंग जरूरतों को पूरा करता आ रहा है। उन्होंने कहा कि बैंक में बचत खाता, ऋण खाता, मुद्रा ऋण, व्यक्तिगत ऋण, आवास ऋण, सावधि जमा सहित कई प्रकार की योजनाएं उपलब्ध हैं। प्रबंधक ने विशेष रूप से गोल्ड लोन की जानकारी देते हुए कहा कि बैंक में गोल्ड लोन सबसे सस्ते ब्याज दर पर उपलब्ध कराया जा रहा है। ग्राहकों द्वारा स्वर्ण आभूषण जमा करने के बाद उनकी जांच की जाती है और इसके तुरंत बाद राशि का भुगतान कर दिया जाता है, जिससे लोगों को आपात स्थिति में त्वरित आर्थिक सहायता मिल

सके। उन्होंने ग्राहकों से आग्रह किया कि बैंक से जुड़े किसी भी कार्य के लिए हिचकिचाएं नहीं।

किसी भी प्रकार की समस्या या आवश्यकता होने पर वे बेहिचक बैंक आएं। उन्होंने कहा कि बैंक में आने वाले प्रत्येक ग्राहक के साथ मित्रतापूर्ण व्यवहार किया जाता है और उनके कार्यों का शीघ्र निष्पादन किया जाता है। इस मौके पर बैंक अधिकारी दीपक कुमार उपस्थित रहे। बैठक में ग्रामीणों में युगेश कुमार, मिहिर कुमार, राजू कुमार, अवधेश कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्राहक और स्थानीय लोग मौजूद थे।

श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर निकाली गई कलश यात्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मखदुमपुर (जहानाबाद)। जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड के मदारीचक गांव में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यज्ञ मंडप से गाजे बाजे के साथ निकली कलश यात्रा विभिन्न मार्गो से होता हुआ कुमण्डी सूर्य मंदिर पहुंचा ,जहां श्रद्धालुओं ने दरधा नदी के पवित्र कलश में अर्पित किया। इस बाबत यज्ञ के आयोजन में मुख्य भूमिका निभा रहे प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि सुबोध यादव मखदुमपुर प्रखंड प्रमुख क्रांति देवी एवं प्रमोद कुमार ने बताया की यज्ञ सात दिनों तक चलेगा। इस दौरान चित्रकूट से आए रामलीला मंडली के द्वारा भगवान श्री राम के जीवनी पर रामलीला की प्रस्तुति की जाएगी वही बक्सर से आए ब्राह्मणों के द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ श्रीमद्भागवत कथा सुनाया जाएगा।

पटना गर्ल्स हॉस्टल की मृत छात्रा के पीड़ित परिवार से मिले प्रशांत किशोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। पटना स्थित एक गर्ल्स हॉस्टल में मेडिकल परीक्षा की तैयारी कर रही जहानाबाद जिले की छात्रा की संदिग्ध मौत के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। इस घटना के बाद जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर पीड़िता के परिजनों से मिलने जहानाबाद पहुंचे और परिवार के प्रति संवेदना जताते हुए उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिया।छात्रा की मौत को लेकर पीड़िता के परिजन भी पुलिस की प्रारंभिक कार्रवाई पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। परिजनों ने आशंका जताई है कि छात्रा के साथ दुष्कर्म की घटना भी हुई हो ऐसा हो सकता है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट अभी आनी बाकी है, लेकिन रिपोर्ट के बाद इस आशंका से पूरी तरह इनकार नहीं किया जा सकता। मामले को लेकर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है।

परिजनों ने आरोप लगाया कि वर्तमान जांच अधिकारी उन पर दबाव बना रहे हैं और केस वापस लेने के लिए कहा जा रहा है। इससे जांच की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

पीड़ित परिवार से मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि यदि प्रारंभिक जांच में पुलिस प्रशासन से कोई भी चूक हुई है, तो उसे तत्काल सुधारा जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले की नए सिरे से निष्पक्ष और गहन जांच होनी चाहिए।प्रशांत किशोर ने बताया कि वे जल्द ही पीड़िता के परिवार के साथ वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से मुलाकात कर निष्पक्ष जांच की मांग करेंगे, ताकि हर हाल में छात्रा को न्याय मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि जन सुराज पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है और यदि न्याय नहीं मिला तो संविधान के दायरे में रहते हुए सभी आवश्यक और लोकतांत्रिक कदम उठाए जाएंगे।

रिफाइनरी ने मनाया 61वां स्थापना दिवस

रिफाइनरी अस्पताल में बर्न वार्ड का किया गया शिलान्यास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बेगूसराय। बरौनी रिफाइनरी ने गुरुवार को अपना 61वां स्थापना दिवस अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया। इस अवसर ने रिफाइनरी की छह दशकों से अधिक की गौरवशाली औद्योगिक यात्रा को स्मरणीय बनाया। बल्कि भविष्य की विकासशील ऊर्जा आवश्यकताओं और सामाजिक उत्तरदायित्वों के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को भी सशक्त रूप से रेखांकित भी किया। रिफाइनरी दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यकारी निदेशक सत्य प्रकाश द्वारा किया गया। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा, आपसी सद्भाव, परस्पर सम्मान तथा औद्योगिक शांति

बनाए रखते हुए रिफाइनरी के सतत, सुरक्षित एवं समावेशी विकास हेतु प्रतिबद्ध रहने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर इंडियन ऑयल के अध्यक्ष, ए एस साहनी द्वारा बरौनियन परिवार के लिए प्रेषित विशेष संदेश का वाचन कार्यकारी निदेशक (परियोजना एवं कोर ग्रुप), संजय रायजादा ने किया। स्थापना स्थल पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पूर्व कार्यकारी निदेशक, पारादीप रिफाइनरी, जी एस सिंह, मुख्य उप महाप्रबंधकगण, महाप्रबंधकगण, ऑफिसर्स एसोसिएशन के सचिव विनम्र बसिवार, बीटीएमयू के अतिरिक्त महासचिव संजीव कुमार, विप्स समन्वयक मीनाक्षी ठाकुर, वरिष्ठ अधिकारीगण एवं कर्मचारियों ने रिफाइनरी के निर्माण एवं विकास में योगदान देने वाले पथप्रदर्शकों एवं हितधारकों को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। 61वें रिफाइनरी दिवस के अवसर को विशेष गरिमा प्रदान करते हुए निदेशक (रिफाइनरीज), अरविन्द कुमार का बरौनी रिफाइनरी आगमन हुआ। उनके करकमलों द्वारा बीआर-09 विस्तार परियोजना के अंतर्गत निर्मित अत्याधुनिक स्विचगियर सबस्टेशन एसएस-44 का उद्घाटन किया गया। इसी क्रम में रिफाइनरी अस्पताल में प्रस्तावित बर्न वार्ड का शिलान्यास भी किया गया। साथ ही प्रदूषण नियंत्रण के लिए जिला प्रशासन को अत्याधुनिक वॉटर मिस्ट स्प्रेयर मशीन सौंपी गई तथा ग्रामीण एवं वंचित समुदायों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से मोबाइल मेडिकल यूनिट का शुभारंभ किया गया। अपने संबोधन में अरविन्द कुमार ने कहा कि बरौनी रिफाइनरी ऊर्जा क्षेत्र में तकनीकी उत्कृष्टता, परिचालन विश्वसनीयता और सामाजिक उत्तरदायित्व. तीनों में संतुलित नेतृत्व का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कर्मचारियों, परियोजना टीमों और स्थानीय समुदाय के सहयोग की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रतिबद्धता के साथ राष्ट्र की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति में अग्रणी बने रहने का आह्वान किया। 61वें बरौनी रिफाइनरी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों ने न केवल रिफाइनरी की औद्योगिक उपलब्धियों और बीआर-09 परियोजना की प्रगति को उजागर किया। बल्कि समाज, पर्यावरण और मानव कल्याण के प्रति इसकी दृढ़ एवं संवेदनशील प्रतिबद्धता को भी सशक्त रूप से प्रतिबिंबित किया।

जनता दरबार में आए कुल 35 मामले

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बेगूसराय। जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा शुक्रवार को कार्यालय प्रकोष्ठ में नियमित रूप से आयोजित होने वाले जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में जिला पदाधिकारी द्वारा एक-एक कर उपस्थित फरियादियों से संवाद स्थापित किया गया तथा उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया। इस दौरान कुल 35 नागरिकों द्वारा भूमि संबंधी विवाद, विद्युत आपूर्ति से जुड़ी समस्याएं, राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जमीन संबंधित, म्यूटेशन, आधार कार्ड सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें प्रस्तुत की गईं। प्राप्त सभी आवेदनों एवं शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए जिला पदाधिकारी ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करते हुए मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने जनहित से जुड़े शिकायतों का निष्पादन पारदर्शिता एवं समयबद्ध तरीके से करने का निर्देश सभी संबंधित पदाधिकारियों को दिया। जनता दरबार को प्रशासन और आम जनता के बीच संवाद का एक सशक्त माध्यम बताते हुए कहा कि इस पहल से आम लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए विभिन्न कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता दरबार में प्राप्त शिकायतों की सतत निगरानी करते हुए नियत समय सीमा के भीतर समाधान की सूचना फरियादियों को उपलब्ध कराई जाए।

गुमशुदा युवक का शव बरामद

वीरपुर (नबिटा संवाददाता)। प्रखंड क्षेत्र के वीरपुर पश्चिम पंचायत निवासी रमेश प्रसाद साह के करीब 30 वर्षीय पुत्र रवि कुमार उर्फ रवि कुमार भारती विगत 10 जनवरी के देर शाम से समस्तीपुर जिले के खानपुर थाना क्षेत्र के मध्य विद्यालय मननपुर के पास से गायब हो गया था जिसका शव समस्तीपुर के खानपुर थाना क्षेत्र के शादीपुर पुल के नीचे से बरामद हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि जहां से शव बरामद हुआ है वहां घुटने भर पानी है। जिससे ये प्रतीत होता है कि इसकी हत्या करके फेंकी गई है। मौके पर पुलिस पहुंच कर मामले की छानबीन में जुट गई है कि युवक की हत्या हुई या आत्महत्या की है। मृतक के भाई रणधीर ने बताया कि भाई रवि कुमार एल एंड टी माइक्रोफाइनेंस कम्पनी में काम करते थे। समाचार प्रेषण तक परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए थे।

पुल के नीचे शव मिलने से मचा हड़कंप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बेगूसराय। खानपुर थाना क्षेत्र में जहां एक ओर पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार कैंप कर विधि-व्यवस्था बनाए रखने का दावा किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर शादीपुर पुल के नीचे एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। इस घटना के बाद पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं। मृतक की पहचान रवि कुमार भारती के रूप में की गई है, जो बेगूसराय जिला के बीरपुर थाना क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। शव की सूचना मिलते ही आसपास के इलाके में लोगों की भीड़ जुट गई और तरह-तरह की

कार्रवाई की मांग

चर्चाएं होने लगीं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस इलाके में शव मिला है, वहां पुलिस का कैंप लगा हुआ है और नियमित गश्ती की बात कही जा रही है। इसके बावजूद इस तरह की घटना होना पुलिस की सतर्कता पर प्रश्नचिह्न लगाता है। लोगों ने आशंका जताई है कि युवक की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। सूचना मिलने पर खानपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। इस घटना के बाद शादीपुर पुल और हथौड़ी रोसड़ा मुख्य सड़क पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की गहन जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

अब देखना यह होगा कि पुलिस प्रशासन इस मामले में कितनी तेजी और पारदर्शिता से कार्रवाई करता है, ताकि मृतक के परिजनों को न्याय मिल सके और क्षेत्र में फैले भय का माहौल खत्म हो।

विकसित भारत योजना के तहत फोटो प्रदर्शनी का आयोजन

बच्चों को किया गया पुरस्कृत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बेगूसराय। विकसित भारत के अन्तर्गत सूचना और प्रसारण मंत्रालय केन्द्रीय संचार ब्यूरो भारत सरकार मुंगेर द्वारा बीपी इन्टर स्कूल बेगूसराय में भारत सरकार की 11 साल की उपलब्धियों एवं जन-कल्याणकारी योजनओ पर फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करूणानिधि प्रसाद आर्या, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार प्रशान्त कुमार मिश्रा, एलडीएम

राजीव कुमार डाक निरीक्षक कामिनी कुमारी प्रधानाचार्या बीपी इन्टर स्कूल बेगूसराय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री करुणानिधि ने कहा संसद से घर घर तक सरकार की योजना कैसे पहुंचेगी इस को बताए और उन्होंने कहा कि ये सभी योजनाएं भाग 3 के अंतर्गत अनुच्छेद 14 से 35 के अन्तर्गत सभी को जानकारी प्राप्त करने का अधिकार है। प्रशान्त कुमार मिश्रा एलडीएम ने भारत सरकार की योजनओ के बारे में उपस्थित लोगो को विस्तार से बताए। उन्होंने कहा की जिले में जनधन खाता के तहत 19 लाख खाता खोला गया। प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना अटल पेन्शन योजना मुद्रा योजना एवं शिक्षा के लिए लोन लेने की जानकारी उपस्थित छात्र छात्राओ को दिए। डाक निरीक्षक श्री कुमार ने डाक विभाग में भारत सरकार की योजनओ के बारे में बताए उन्होने सुकन्या समृद्धि योजना को विस्तार से बताए डाक विभाग की ओर से सुकन्या समृद्धि योजना की खाता खोलने और आधार कार्ड बनवाने के लिए स्टाल लगाया गया। कार्यक्रम से एक दिन पूर्व कार्यक्रम के तहत छात्र एवं छात्राओ को लेकर कबड्डी प्रतियोगिता कराया गया था। जिसके विजेता एवं उपविजेता टीम के छात्र छात्राओ को विभाग की ओर से पुरस्कार देकर अतिथियो के हाथों सम्मानित किया गया। सुदर्शन किशोर झा क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी मुंगेर द्वारा कार्यक्रम के बारे में जानकारी एवं धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

एबीवीपी ने किया खेल कुंभ का आयोजन

खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम : एबीवीपी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बलिया। डंडारी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती और राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर युवा सप्ताह के रूप में खेल कुंभ का आयोजन डंडारी में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना और राष्ट्रनिर्माण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। खेल कुंभ में मुख्य रूप से दौड़ प्रतियोगिता ऊंची कूद, गोला फेक आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए स इस दौरान एबीवीपी उत्तर बिहार के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दयानिधान गिरी ने कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता नहीं है यह अनुशासन टीम भावना और राष्ट्र निर्माण का माध्यम भी है। स्वामी विवेकानंद का संपूर्ण जीवन युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित होने की प्रेरणा देता है। और खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। परिषद निरंतर विद्यार्थियों के शैक्षणिक, सामाजिक एवं शारीरिक विकास हेतु ऐसे रचनात्मक आयोजनों के माध्यम से कार्य करती रही है। कार्यक्रम में एबीवीपी बलिया के नगर मंत्री श्रीराम, नगर सह मंत्री शुभम झा, कोषाध्यक्ष विशाल कुमार, सोशल मीडिया संयोजक आकाशदीप कुमार, सोशल मीडिया सह संयोजक कुंदन कुमार, एसएफएस संयोजक प्रवीण कुमार, सुजीत कुमार, विश्वनाथ कुमार आदि शामिल थे।

पटना जिला महिला कबड्डी टीम का चयन

अथमलगोला (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। शेखपुरा में आयोजित होने वाली बिहार राज्य सीनियर महिला कबड्डी चैंपियनशिप के लिए पटना जिला महिला कबड्डी टीम का चयन ग्राम रूपस दीनदयाल सिंह टोला अथमलगोला के सर्वोदय कबड्डी क्लब ग्राउंड पर हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा बाढ़ के संरक्षक पंकज शर्मा एवं संगठन सचिव इं. सौरव कुमार के द्वारा किया गया। अध्यक्ष मुकुंद कुमार एवं कोच सुभाष कुमार ने चयनित प्रतिभागियों को शुभकामना दिया। ज्ञात हो कि शेखपुरा जिला में बिहार राज्य सीनियर महिला कबड्डी चैंपियनशिप 17 से 18 जनवरी तक आयोजित होगा।

कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू।

(अनु0जनजाति, अनु0जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण शाखा)

Email- dwo-palamau@jharkhandmail.gov.in

आम सूचना

पलामू जिलान्तर्गत एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बंशी खुर्द, बंशा, मनातू में तत्कालीन रूप से अतिथि शिक्षकों/पार्ट–टाईम डॉक्टर/कांउसलर/महिला नर्स/छात्रावास वार्डन की नियुक्ति हेतु दिनांक 05.01.2026 को आयोजित साक्षात्कार की प्रक्रिया में चयनित अभ्यार्थियों की सूची पलामू जिला के वेबसाईट **palamu.nic.in** पर देखा जा सकता है।

जिला कल्याण पदाधिकारी,
पलामू।

PR 370751 District(25-26)D

बंध्याकरण शिविर का आयोजन

नावकोठी (नबिटा संवाददाता)। देवपुरा स्थित अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र देवपुरा में शुक्रवार को बंध्याकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सर्जन डा. शोभा रानी ने 7 महिलाओं का सफलता पूर्वक बंध्याकरण किया गया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ड राजीव रंजन चौधरी ने बताया कि अपरेशन से पूर्व हेमोग्लोबीन, डायबिटीज, ब्लडप्रेशर सहित अन्य पैथोलजिकल जांच एल टी पंकज कुमार जोशी ने किया।

आंगनबाड़ी केन्द्रों पर टीएचआर का वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नावकोठी। आइसीडीएस के तहत संचालित प्रखंड के विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों पर टीएचआर का वितरण गुरुवार को किया गया। सीडीपीओ रश्मि कुमारी ने बताया कि सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर लाभुकों को 25 दिनों का सूखा राशन यानी टेक होम राशन का वितरण किया गया है। टेक होम राशन वितरण शत प्रतिशत एफआरएस तकनीक से किया गया। वितरण से पूर्व विकास समिति पोषाहार एवं क्रियान्वयन समिति की बैठक कराई गयी थी। इस बैठक में कुपोषित, अतिकुपोषित, गर्भवती और धात्री माताओं एवं लाभुकों की उपस्थिति हुई। वितरण की पूर्व सूचना लाभुकों को सेविका के माध्यम दी गई थी। वितरण के लिए संबंधित सेक्टर की एलएस पोषक क्षेत्र के विकास समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों के निगरानी में समारोह पूर्वक के टेकहोम राशन का वितरण किया गया। इस अवसर पर महिला पर्यवेक्षिका कृष्णा कुमारी, शालिनी कुमारी, हेमलता कुमारी सहित सेविका मीना कुमारी, रंजु कुमारी, चांदनी कुमारी, रोजी खातुन, कमरून निशा बेग, कोमल, शकीला बेगम, पार्वती कुमारी, कंचन कुमारी, मधुरानी आदि शामिल थे।

सरस्वती पूजा पर शांति समिति की बैठक

भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। सरस्वती पूजा एवं आगामी सरस्वती मेला एवं विसर्जन को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ धर्मवीर कुमार प्रभाकर, सीओ रानू कुमार तथा अपर थाना प्रभारी सुमित कुमार ने संयुक्त रूप से की। इस दौरान कविया गांव में आयोजित होने वाले सात दिवसीय मेला एवं विसर्जन की तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशासन की ओर से स्पष्ट निर्देश दिया गया कि मेला आयोजन के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। मेला परिसर में सुरक्षा के मद्देनजर सीसीटीवी कैमरे लगाने होंगे। साथ ही मेला में आने और जाने के लिए अलग-अलग मार्ग निर्धारित किए जाएंगे, ताकि भीड़ नियंत्रण में सहूलियत हो और किसी तरह की अव्यवस्था उत्पन्न न हो। सीओ रानू कुमार ने बताया कि मेला में लगने वाले झूलों के लिए फिटनेस सर्टिफिकेट अनिवार्य रहेगा। नाच-गाना एवं अर्केस्ट्रा एवं डी जे पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। नियमों का उल्लंघन करने वालों तथा हुड़दंग मचाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उक्त मौके पर रितेश कुमार,नन्द लाल यादव, लाली पासवान आदि उपस्थित थे।

डीएम के जनता दरबार में 80 परिवादियों की शिकायतों पर हुई सुनवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

अररिया। जिले में आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर शुक्रवार को समाहरणालय स्थित परमान सभागार में जिला पदाधिकारी विनोद दूहन की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में कुल 80 परिवादियों ने अपनी-अपनी शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष रखीं।

जनता दरबार में प्राप्त अधिकांश शिकायतें राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित रहीं। इनमें म्यूटेशन, परिमार्जन, अतिक्रमण, दखल-कब्जा, सीमांकन सहित अन्य भूमि विवाद से जुड़े कई मामले शामिल थे। इसके अतिरिक्त शिक्षा, विद्युत, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड तथा स्वास्थ्य विभाग में मानदेय से संबंधित मामलों पर भी सुनवाई की गई। जिलाधिकारी द्वारा भूमि विवाद जुड़े कई मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया गया। शेष मामलों के शीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए।

जनता दरबार के दौरान परिवादी नीलम कुमारी द्वारा बुककीपर की नियुक्ति में अनियमितता हेतु, जगदीश शर्मा द्वारा रेलवे भमि अधिग्रहण के क्रम में उनकी निजी जमीन पर फसल बरबादी से संबंधित मुआवजा भुगतान हेतु, परिवादी बीबी सेहराना खातून द्वारा आंगनबाड़ी बहाली में अनियमितता के सबंध में, परिवादी कमलानंद पासवान द्वारा खतियानी जमीन से संबंधित। वहीं परिवादी चांदनी देवी द्वारा जमीन पर जबरन कब्जा, परिवादी गुलज़ार अंसारी द्वारा शिक्षा विभाग में रात्रि प्रहरी की नियुक्ति प्रक्रिया में अनियमितता से संबंधित शिकायतें रखी। इसी प्रकार बारी-बारी से अन्य परिवादी द्वारा अपनी बात रखी गई।

जनता दरबार के उपरांत जिला पदाधिकारी द्वारा शिकायतों के निष्पादन की समीक्षा को लेकर संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में अंचलाधिकारी, डीसीएलआर सहित अन्य संबंधित पदाधिकारियों को भूमि विवाद से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। वहीं विद्युत विभाग से संबंधित पोल शिफ्टिंग के उपस्थित राजस्व पदाधिकारी विद्युत को निर्देशित किया गया।

जनता दरबार में अपर समाहर्ता अररिया, उप विकास आयुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी, डीसीएलआर अररिया एवं फारबिसगंज, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग, प्रभारी पदाधिकारी जन शिकायत कोषांग, अंचल अधिकारी अररिया सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

Government Of Jharkhand Rural Works Department

JHARKHAND STATE RURAL ROADS DEVELOPMENT AUTHORITY (JSRRDA)

3rd Floor, F.F.P. Building, Dhurwa, Ranchi 834004

NOTICE INVITING TENDERS

(National Competitive Bidding Through e-Procurement)

Re-eTender No.- 09/ 2025-26- Ranchi, Dated: 15.01.2026

PR No- 364457 dated 18.10.2025 (4th Call)

The undersigned on behalf of Government of Jharkhand invites item rate bids through e-Procurement from the eligible bidders registered* in appropriate class with any State/Central Government/State /Central Government Organization for construction and maintenance for five years of the works (List of schemes shall be displayed in the website pmgsytendersjhr.gov.in) of Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna PM-JANMAN (Batch-1, 2025-26).

Sr. No	District Name	Block Name	Tendering Package	Road Name / Bridge Name (in lakhs)	Road Length (Kms)	Sanction Construction Cost (in lakhs)	Sanction Maintenance Cost	Total Sanction Cost with Maint. (in lakhs)	Total Package Cost (in lakhs)	Earnest Money (In Lakh)	Time of Completion (in month)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
1	Garhwa	Bhandaria	JH-07-PMJANMAN-GAR-01 (2025-26)	L021-Bathan Toli To Kochli (Barkol Kalan)	3.400	275.68	30.01	305.69	1,288.48	25.77	18
	Garhwa	Bhandaria		L023-Madgari Road To Totki	4.300	369.92	36.41	406.33			
	Garhwa	Chinia		L023-Pmgsy Uday More To Parsukhar Road	2.000	177.58	18.25	195.83			
	Garhwa	Ranka		L022-Pwd Main Road To Amhar	3.800	347.95	32.68	380.63			
2	Garhwa	Ramkanda	JH-07-PMJANMAN-GAR-03 (2025-26)	L021-Kuswar To Sarkahi Main Road	1.000	83.89	9.21	93.10	1,199.37	23.99	18
	Garhwa	Chinia		L025-Chapla Alias Chophlo More To Dogwa Khar	2.500	228.65	23.68	252.33			
	Garhwa	Chinia		L021-Rotohi mahua Tola To Chhateliya Ro ad	4.040	365.74	36.92	402.66			
	Garhwa	Chinia		L024-Pmgsy Side To Piahiya village Road	4.750	411.77	39.51	451.28			
		Total			25.79	2261.18	226.67	2487.85	2487.85		

The bid should be submitted online in the website **pmgsytendersjhr.gov.in**. The bidders should have valid Digital Signature Certificate for online submission of bid.

Details of bid submission is as under:

Procurement Officer	Place of Opening	Availability of tender (on-line) for bidding		Last date & time of seeking clarification	Last date and time of bid submission	Date & time of opening (on-line) of tender	
		From	To			Technical bid	Financial bid
1	2	3	4	5	6	8	9
Engineer in Chief, JSRRDA, Ranchi	Engineer in Chief JSRRDA, Ranchi	**19.01.2026 at 10.00 AM**	**02.02.2026 upto 5.00 PM**	**27.01.2026 upto 2.00 PM**	**02.02.2026 upto 5.00 PM**	**02.02.2026 at 05.30 PM**	To be informed later

** Non-registered bidders may also submit bid, however the successful bidders must get registered in appropriate class with appropriate authority before signing the contract.*

*** Cost may change.*

Note :-

1. Amount of Bid Security should be taken as mentioned in the Bid Data Sheet of the Bidding Document.
2. Cost of Bid Document (Rs. 10000) and Bid Security (as mentioned in the Bid Data Sheet) shall be deposited **online** in form as mentioned in Bid Data Sheet failing which the bid will be treated non responsive and action shall be taken as per Sec. 2 of ITB clause 12.2 (d).
3. In case, it is found, even after the award of work that the bidder has submitted/ uploaded any false/erroneous/fraudulent statement/document, he/she is liable for blacklisting and forfeiture of Bid Security.
4. Bidders must submit GST registration certificate without which bid is liable to be rejected.
5. Bidders whose names appear in the Debar/blacklist of RWD or any department of GoJ/GoI (including JSRRDA) shall not be allowed to participate in the above bids.
6. Bids submitted by bidders, who have long pending ATR(s) made inordinate delay in execution of earlier allotted construction/ maintenance works of PMGSY, may be rejected summarily.
7. In case of any discrepancy/dispute about units in BOQ, units as mentioned in Current SOR on which BOQ has been prepared shall prevail.
8. Participating bidders are free to submit grievances, if any, against the decision of technical evaluation within five days from the date of uploading of decision of technical evaluation only through email at **jh-ce@pmgsy.nic.in** Grievance submitted after stipulated period shall not be considered.
9. Bidders must have valid registration with Employee Provident Fund organization under EPF and Miscellaneous Provisions Act 1952 failing which the bid shall be rejected.
10. Bidders must not quote rate for routine maintenance. The amount for routine maintenance as indicated in the Bill of Quantities must be acceptable to bidders.
11. For unbalanced bids, extra security will be required to be deposited by the bidder at the time of Agreement.
12. The undersigned reserves the right to cancel the tender at any stage without giving prior notice/reason.

All other details can be seen in the bidding document which is available in website **pmgsytendersjhr.gov.in** as per schedule mentioned above.

Sd/-
Engineer-in- Chief
Rural Works Department- Cum- JSRRDA, Ranchi

PR 370706 Rural Work Department(25-26)D

गांधी मैदान में अब नहीं होगा जल जमाव, जल संचय योजना से होगा सौंदर्यीकरण

पूरा मैदान दिखेगा हरा-भरा, चारो ओर लगेंगी लाइटें

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। गांधी मैदान की तस्वीर अब पूरी तरह बदलने जा रही है। दरअसल वर्षा जल संचयन एवं समतलीकरण योजना की ओर से गांधी मैदान में होने वाले जल जमाव को लेकर तकरीबन 16 जगहों पर वाटर टैब बनाए जाएंगे, इसके अलावा चारों तरफ लाइटों की व्यवस्था की जाएगी, वही पूरे गांधी मैदान में हरे भरे घास भी लगाये जाने की योजना है। इस मौके पर शुक्रवार को विधिवत रूप से शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां मौके पर

मसौढ़ी विधायक अरुण मांझी, मुख्य पार्षद पिंकी देवी, उपमुख्य पार्षद चंद्रकांता कुमार, शंभू सिंह, कार्यपालक पदाधिकारी राजू रंजन ने संयुक्त रूप से विधिवत तौर पर नारियल फोडकर शिलान्यास किया। कार्यपालक पदाधिकारी राजु रंजन ने बताया की गांधी मैदान को और बेहतर बनाने के लिए नई योजनाएँ हैं, जिसमें हरे-भरे क्षेत्र, पाथवे, और बैठने की जगहें शामिल हैं, ताकि यह शहर का एक आकर्षक केंद्र बन सके। मैदान के खाली हिस्सों में घास लगाई जाएगी और पानी का नियमित छिड़काव होगा, जिससे धूल कम उड़े और प्रदूषण घटे। वर्तमान में घास की कमी और धूल उड़ने से लोगों को परेशानी होती है, इसलिए सौंदर्यीकरण का उद्देश्य इस समस्या को दूर करना है। इसके अलावा महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास गांधी पार्क बनाने, गांधी मैदान के चारों तरफ लाइट लगाने के अलावा तकरीबन 16 जगहों पर बैठने के लिए कुर्सी आदि की व्यवस्था किया जाने की योजना है। मौके पर जदयू के अश्वनी गोलडी, आशीष देव, सुनील वर्मा, वार्ड पार्षद मृत्युंजय सोनू, राकेश कुमार, विरू कुमार, सबुजा चौधरी, वार्ड प्रतिनिधि गुलाब कुमार अमीन रामाधार कुमार यादव, शिव प्रकाश, मोहित कुमार, वेद प्रकाश, मुकेश कुमार राजकुमार, प्रिंस कुमार, लक्ष्मण पांडे आदि उपस्थित रहे।

सड़क पर बंधे मवेशियों से लोग परेशान, आवागमन में परेशानी, नगर परिषद ने किया नोटिस जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। नगर परिषद मसौढ़ी के वार्ड संख्या 21, रहमतगंज में सार्वजनिक सड़क पर मवेशी बांधने और गंदगी फैलाने को लेकर स्थानीय लोगों की शिकायत पर नगर परिषद प्रशासन हरकत में आ गया है। इस संबंध में वार्डवासियों ने कार्यपालक पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है, जहां शिकायत में बताया गया है कि डॉ शबनम बानो अस्पताल से होकर फंडामेंटल कोचिंग जाने वाली गली में एक व्यक्ति द्वारा सड़क पर ही गौशाला जैसा वातावरण बना लिया गया है। संबंधित व्यक्ति सार्वजनिक सड़क पर पालतू मवेशियों को बांधकर चारा खिलाता है, जिससे पूरे मार्ग में कीचड़, गंदगी और दुर्गंध फैली रहती है। इस रास्ते से प्रतिदिन कई कोचिंग संस्थानों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं, महिलाएं और आम लोग गुजरते हैं, जिन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस समस्या को लेकर पहले भी नगर परिषद को अवगत कराया गया था, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से स्थिति जस की तस बनी हुई है। विरोध करने पर संबंधित व्यक्ति द्वारा विवाद करने और लड़ाई-झगड़े की आशंका भी जताई गई है, जिससे इलाके में भय का माहौल है। इस मामले में नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी राजू रंजन ने बताया कि शिकायत को गंभीरता से लिया गया है। उन्होंने कहा संबंधित व्यक्ति के खिलाफ जांच कर कार्रवाई की जा रही है। सर्वप्रथम नगर परिषद की ओर से उसे नोटिस जारी किया जा रहा है। नोटिस के बाद भी अगर सुधार नहीं हुआ तो नियमों के अनुसार आगे की सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगर परिषद प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक सड़कों पर मवेशी बांधना नियमों के विरुद्ध है और इससे स्वच्छता व आवागमन प्रभावित होता है। परिषद का उद्देश्य नगर क्षेत्र को स्वच्छ, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाए रखना है।

गर्भवतियों की हुई स्वास्थ्य जांच

नावकोठी। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत पीएचसी नावकोठी में गुरुवार को गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच एवं परिवार कल्याण परामर्श दिया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. राजीव रंजन चौधरी एवं डा. नितिन कुमार ने 24 गर्भवती महिलाओं के प्रसव पूर्व स्वास्थ्य की जांच की।

पुनपुन पुलिस ने 10 पुड़िया स्मैक और गांजा के साथ सप्लायर को किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। पुनपुन पुलिस के द्वारा चलाए जा रहे मादक पदार्थ के तस्करी के खिलाफ ऑपरेशन के दौरान गुरुवार की देर रात को पुनपुन थाना क्षेत्र के कलावांचक गांव में पुलिस टीम द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध की गई छापेमारी में 10 पुड़िया गांजा एवं 12 पुड़िया स्मैक के साथ 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम संजय यादव पिता गिरिजा प्रसाद कलावानचक का रहने वाला है। थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि बीते दिनों पूर्व मादक पदार्थ के साथ

एक युवक को गिरफ्तार किया गया था, उसी के निशानदेही पर सप्लायर की सूचना मिली थी, उसी की गिरफ्तारी को लेकर टीम गठित कर छापेमारी कर स्मैक की पुड़िया के साथ गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के दौरान सप्लायर संजय यादव ने बताया कि मसौढ़ी से स्मैक को खरीद कर लाते हैं और पुनपुन थाना क्षेत्र विभिन्न जगहों पर इसे सप्लाई करते हैं। हालांकि सूत्रों की माने तो पुनपुन थाना क्षेत्र में स्मैक की बिक्री करने वाले का एक बड़ा नेटवर्क है जिसका तार नेपाल से भी जुड़ा हुआ है। मसौढ़ी पुनपुन धनरूआ जैसे कई ग्रामीण इलाकों में स्मैक की पुड़िया की धड़ल्ले से बिक्री हो रही है, पुलिस टीम इस गिरोह के पीछे तकनीकी जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

किशोरी ने की आत्महत्या

बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। थाना क्षेत्र के नुरजमापुर वार्ड 8 में गुरुवार की देर शाम एक किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। सूचना पर स्थानीय पुलिस अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में मौके पर पहुंची। साथ ही घटना स्थल की जांच-पड़ताल शुरूकी। इस संबंध में थानाध्यक्ष विकास कुमार राय ने बताया कि नाबालिक लड़की के द्वारा फांसी लगा लेने की सूचना मिली। जिस सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंच कर घटना की जांच में जुट चुकी है। पुलिस ने आसपास मौजूद स्थानीय लोगों एवं परिजनों से पूछताछ की है। लेकिन तत्काल किसी ठोस कारण की जानकारी सामने नहीं आ सकी है।

जमीन दिखाकर करवाया एग्रीमेंट, ठग लिए 18 लाख 45 हजार, नहीं हुई रजिस्ट्री

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। जमीन दिखाकर एग्रीमेंट की धोखाधड़ी करने के मामले में अप्राथमिकी अभियुक्त राज आनंद पिता महेन्द्र पंडित कुम्हरटोली को गिरफ्तार किया गया है। वहीं मुख्य आरोपित रंजीत फरार है। दरअसल एक आवासीय भूमि को दिखाकर पहले एग्रीमेंट करवाया उसके बाद कई किस्तों में 18 लाख 45 हजार रुपए की राशि ली लेकिन नहीं करवाया रजिस्ट्री। गौरतलब है कि पूरा मामला मसौढ़ी थाना क्षेत्र की है जहां पर पीड़ित अनिल कुमार पिता युगल प्रसाद, सुखमल चक

एक गिरफ्तार

भगवानगंज निवासी ने मसौढी थाना क्षेत्र के कुमहरटोली निवासी रंजीत कुमार पिता राजेंद्र राम पर जमीन रजिस्ट्री के नाम पर 18 लाख 45 हजार ठग लेने का आरोप लगाते हुए मसौढी थाना में प्राथमिक की दर्ज करवाई हैं। जहाँ तारेगना स्थित एक आवासीय भूमि जो तकरीबन 10 धुर है 36 लाख रुपए प्रति कट्ठे के हिसाब से तय हुआ, इस दौरान 10 लाख रुपये बयाना देकर एग्रीमेंट पेपर बनाया गया उसके बाद 19.9.2025 को 2 लाख दी गई, इसी तरह कई किस्तों में कुल 18 लाख 45 हजार रुपए की राशि दे दी गई। बावजूद जमीन रजिस्ट्री के नाम पर टाल मटोल करते-करते काफी दिन बीत गए हैं और अंत में एक रजिस्ट्री की तारीख तय की गई लेकिन उसके एक दिन पहले ही वह घर मे ताला लगाकर फरार हो गया तब जाकर पीड़ित अनिल कुमार को लगा कि मुझे जमीन के नाम पर ठगी कर ली गई है। पुलिस पूरे मामले विधिवत जांच पड़ताल में जुटी है जहां इस मामले में अप्राथमिक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

विभिन्न मामलों में पांच गिरफ्तार

पालीगंज (पटना) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। पालीगंज थाना पुलिस ने अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भेड़रिया गांव निवासी विनोद चौधरी अंग्रेजी शराब से जुड़े मामले में गिरफ्तार किया गया है। वहीं परहा गांव, थाना व जिला अरवल निवासी उतम कुमार, मोटरसाइकिल चलाने के आरोप में पकड़ा गया। भैंस चोरी के मामले में राजनंदन यादव, एवं जीतन कुमार, ग्राम पत्थरहट थाना धनरूआ जिला पटना को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

पीपुल फ्रेंडली पुलिसिंग के तहत स्कूलों में छात्र-छात्राओं से संवाद

पॉस्को, छेड़छाड़, साइबर अपराध के प्रति किया गया जागरूक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। पीपुल फ्रेंडली के तहत पुलिस अब विभिन्न स्कूलों में छात्र-छात्राओं से संवाद कर उन्हें नये अपराधिक कानून पास्को एक्ट, साइबर अपराध के प्रति जागरूकता अभियान चला रही है ऐसे में शुक्रवार को वरीय पुलिस अधीक्षक पटना के निर्देशन में लहसुना थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित विभिन्न स्थानों पर अभया बिग्रेड के टीम द्वारा लहसुना के उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, गुरपतिचाक, में जाकर छात्र/छात्राओं से संवाद किया गया। सभी छात्राओं को महिला उत्पीड़न, पॉक्सो एक्ट, घरेलू हिंसा, एवं उनसे संबंधित कानून, साइबर

अपराध एवं साइबर फ्रॉड से बचने का उपाय बताया गया। उन्हें थाना में बनाए गए महिला हेल्प डेस्क, साइबर सुरक्षा एवं डायल 112, नए आपराधिक कानून के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही पुलिस टीम ने महिलाओं से संबंधित अपराधों के प्रति जागरूक रहने एवं किसी भी घटना की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की। लहसुना थाना अध्यक्ष खुशबू खातून ने बताया कि संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में कानूनी जागरूकता बढ़ाना, युवाओं को नशे से दूर रखना और साइबर अपराध व महिला सुरक्षा जैसे मुद्दों पर जागरूकता फैलाना है। कार्यक्रम के दौरान, विद्यार्थियों को कानून से संबंधित बुनियादी जानकारी दी गई, जिससे वे अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक हो सकें। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि साइबर अपराध युवाओं के लिए एक बड़ा खतरा बन रहा है। पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे किसी भी गलत गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें और एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपनी भूमिका निभाएं।

भगवान राम का नाम लेकर रोजगार का अधिकार छीनने की साजिश रच रही है भाजपा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। भाजपा की सरकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना यानी मनरेगा को भगवान राम का नाम लेकर रोजगार का अधिकार छिनने की साजिश रच दी है। इस जीबी राम जी अधिनियम को रद्द करने, मनरेगा को लागू और सुदृढ़ करने की मांग को लेकर पूरे बिहार में अखिल भारतीय प्रतिरोध दिवस मनाया जा रहा है। ऐसे में शुक्रवार को मसौढी अनुमंडल कार्यालय परिसर में किसान नेता सोनेलाल की अध्यक्षता में धरना प्रदर्शन किया गया, जहां पांच सूत्री मांगों को लेकर धरना का आयोजन किया गया है। आंदोलनकारी ने कहा कि विधेयक को लाने से पहले मनरेगा कार्यकर्ताओं या

खेतिहर मजदूरों के प्रतिनिधियों से चर्चा करनी चाहिए थी, उनसे सुझाव लेनी चाहिए थी, लेकिन तीन काले कृषि कानून की तरह ही इसे संसद में बिना मत विभाजन के पारित कर दिया गया है। मनरेगा भारत के इतिहास में पहला ऐसा कानून था जिसे सभी भारतीय नागरिकों को रोजगार का वैधानिक अधिकार दिया था, इस कानून को एक लंबे जन संघर्ष के बाद 20 वर्ष पूर्व सांसद द्वारा सर्व समिति से पारित किया गया था लेकिन अब इस मनरेगा योजना को महात्मा गांधी की हत्या मे शामिल संघ के निर्देशन मे रहने वाले लोग होने से भगवान राम के नाम पर करते हुए रोजगार छीनने की कोशिश कर रहे हैं। किसानों को वर्तमान स्थिति में खाद बिजली पानी के कई समस्याएं हैं, लेकिन सरकार उन सबों पर विचार करने के बजाय योजनाओं को ही खत्म कर रही है। वहीं मजदूर विरोधी कर श्रम कोड को भी लागू कर दिया गया है। किसान विरोधी मजदूर विरोधी और जन विरोधी नीतियों को लेकर पूरे बिहार में बिहार राज्य किसान सभा अखिल भारतीय किसान महासभा मजदूर सभा खेतिहर मजदूर सभा समेत सभी किसान मोर्चा की ओर से विरोध दिवस मनाते हुए धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। मौके पर किसान नेता शशि भूषण कुमार, उमेश शर्मा, सोनालाल प्रसाद, अलख नारायण, राकेश कुमार, जितेंद्र राम समेत सैकड़ो लोग शामिल रहे।

विकसित भारत- 2047 विषय पर चित्र प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम का समापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बांका। भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो भागलपुर इकाई द्वारा बौंसी के मेला ग्राउंड में विकसित भारत अ 2047 पर आयोजित चित्र प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम का आज समापन हो गया। चित्र प्रदर्शनी एवं जागरुकता कार्यक्रम में आज भी बौंसी मेला मैदान में आए दर्शकों द्वारा उत्साहपूर्वक भागीदारी की गई। चित्र प्रदर्शनी में भारत सरकार की योजनाओं तथा उपलब्धियों को चित्रों तथा आंकड़ों के माध्यम से दिखाया गया। कार्यक्रम में आज अनेक गतिविधियां आयोजित की गईं, विकसित भारत पर अनेक वक्ताओं ने अपने विचार रखे। वरिष्ठ पत्रकार नंदकुमार निर्मल ने भारत सरकार के विकास कार्य तथा योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। कार्यकम के अंतिम दिन पर्यावरण की रक्षा का संदेश देने के लिए उपस्थित अधिकारियों द्वारा एक पेड़ मां के अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया। साथ ही छात्र छात्राओं के बीच कल आयोजित चित्रांकन प्रतियोगिता के विजेताओं को समापन समारोह में पुरस्कृत किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रश्नों के सही देने वाले दर्शकों को पुरस्कृत भी किया गया। केंद्रीय संचार ब्यूरो भागलपुर इकाई के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी अभिषेक कुमार ने बताया कि भारत सरकार द्वारा विकसित भारत अ2047 विषय पर देश भर में विशेष जागरुकता कार्यकम आयोजित किया जा रहा है, इसके अंतर्गत परिचर्चा, चित्र प्रदर्शनी, प्रश्नोत्तरी, तथा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करते हुए आम जनता को जागरूक किया गया। लोक कला मंच दरभंगा के कलाकारों द्वारा योजनाओं पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन पटना के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी प्रकाश कुमार सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो के आदर्श कुमार और प्रभात कुमार भी उपस्थित थे।

अपर समाहर्ता ने जनता दरबार में किया समस्याओं का निदान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

औरंगाबाद। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं को प्रत्यक्ष रूप से सुनना एवं उनके त्वरित, निष्पक्ष और प्रभावी निराकरण को सुनिश्चित करना था। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए नागरिकों ने अनुदान वितरण में गबन, भूमि बंदोबस्त, भूमि विवाद, दाखिल-खारिज, प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ, पैक्स अध्यक्ष द्वारा धन न खरीदने, अतिक्रमण हटाने, जल निकासी, आवास सहायकों द्वारा अवैध धन मांगने सहित अन्य जनहित संबंधी समस्याओं से

संबंधित परिवाद प्रस्तुत किए। प्रमुख परिवादियों में पौथू, मौलवीगंज के राष्ट्रीय किसान कॉलेज के पूर्व प्राचार्य राजेन्द्र यादव द्वारा अनुदान वितरण में गबन एवं कानूनी कार्रवाई की मांग, सोहर बिगहा निवासी शिव मेहता द्वारा एन.एच.ए.आई. का भुगतान सुनिश्चित कराने संबंधी परिवाद, मंजुराही गांव निवासी प्रयाग पासवान द्वारा भूमि बंदोबस्त से संबंधित परिवाद, सरडीहा कला निवासी वीरेन्द्र राम द्वारा फर्जी वंशावली बनाकर गांव में अशांति फैलाने की जानकारी, गम्हरिया देवलाल पासवान द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ हेतु अवैध धन लेने की शिकायत एवं गम्हरिया गांव के ही सरोज देवी द्वारा योजना का लाभ सुनिश्चित कराने संबंधी परिवाद शामिल थे। इसके अतिरिक्त अन्य नागरिकों द्वारा भी विभिन्न जनसुविधाओं से जुड़े मुद्दे रखे गए। अपर समाहर्ता द्वारा सभी परिवादों को गंभीरतापूर्वक सुना और संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवश्यक जांच कर तत्काल, निष्पक्ष एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि जनता दरबार में प्राप्त प्रत्येक परिवाद की नियमित समीक्षा की जाएगी और निर्धारित समय-सीमा के भीतर समस्याओं का निपटान सुनिश्चित किया जाएगा।

अपराध पर लगाम के लिए थानाध्यक्ष ने मांगा सहयोग

पालीगंज (पटना) (नबिटा संवाददाता)। अपराध पर नियंत्रण और कानून-व्यवस्था मजबूत करने के लिए पालीगंज पुलिस ने गश्ती व्यवस्था को और सख्त कर दिया है। पुलिस नगर बाजार के चौक-चौराहों और गांवों में लगातार गश्त कर रही है। थानाध्यक्ष स्वयं गश्ती दलों की निगरानी कर रहे हैं और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की नियमित समीक्षा की जा रही है।

पूर्व रेलवे

वरिष्ठ डीईएन/2/हावड़ा, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, नई डीआरएम बिल्डिंग, चतुर्थ तल, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/ सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: वरिष्ठ डीईएन/2/हावड़ा। **ई-निविदा सं.: 250_2025-26, दिनांक 15.01.2026, कार्य का विवरण:** हावड़ा मंडल-टीएफटीआर बीएलवाई-एसकेजी तृतीय लाइन 37.150-37.750=0.60, 38.600-38.800 =0.20, 44.830-45.130=0.30, 48.900-49.200=0.30 कुल =1.400 किमी। **अनुमानित मूल्य :** रु. 2,21,94,314.10, **बयाना राशि:** रु. 2,61,000/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.):** शून्य। **समापन अवधि:** 12 माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 09.02.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-546/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

पालीगंज में आयोजित हुआ 'एक शाम शहीदों के नाम' कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पालीगंज (पटना)। सैनिक कल्याण निदेशालय के तत्वावधान में झंडा दिवस कोष के लिए धन संग्रह के उद्देश्य से अनुमंडल प्रशासन पालीगंज के सौजन्य से पालीगंज हाईस्कूल के हॉल में 'एक शाम शहीदों के नाम' सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन क्षेत्रीय पदाधिकारी सैनिक कल्याण निदेशालय बिहार राजेश कुमार वर्मा एवं पालीगंज अनुमंडल मजिस्ट्रेट रामजीत पासवान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से देश के शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और

उनके परिजनों के कल्याण के लिए झंडा दिवस कोष में अधिक से अधिक सहयोग करने की अपील की गई। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के जरिए देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया गया, जिससे उपस्थित लोगों में उत्साह और देश के प्रति सम्मान की भावना देखने को मिली। इस अवसर पर भूमि उप समाहर्ता जनक कुमार, अनुमंडल मजिस्ट्रेट रामजीत पासवान, उच्च विद्यालय पालीगंज के प्रधानाचार्य दुलारचंद पासवान शिक्षक महेंद्र पासवान सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

आपसी भाईचारे के साथ मनाएं सरस्वती पूजा

पालीगंज (पटना) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। सरस्वती पूजा को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पालीगंज थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचल अधिकारी महेश कुमार ने की। इसमें थानाध्यक्ष सुमन कुमार, अभया ब्रिगेड की नोडल पदाधिकारी प्रेमलता कुमारी, पूजा समिति के सदस्य, स्कूल संचालक एवं कई गणमान्य लोग शामिल हुए। बैठक में थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने कहा कि सरस्वती पूजा भाईचारे के साथ मनाई जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पूजा के दौरान अश्लील गानों और डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। साथ ही स्कूल संचालकों से अपील की गई कि मूर्ति विसर्जन के समय बच्चों को गहरे पानी में जाने से रोका जाए, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष बीरेंद्र बैठा, वार्ड पार्षद संजय प्रसाद, सुमेर सिंह, शिवप्यारे सिंह, पूर्व सरपंच उर्मिला देवी, चंदन कुमार वर्मा, विकास यादव, कामेश्वर यादव, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उत्तम कुमार, अजय कुमार, मधेश्वर सिंह, परमेश्वर दास, विनोद प्रसाद चंद्रवंशी, श्रीनिवास शर्मा सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

औद्योगिक विकास व निवेश प्रोत्साहन के लिए सरकार एवं जिला प्रशासन प्रतिबद्ध : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। शहर के औद्योगिक क्षेत्र एवं ग्रोथ सेंटर, बियाडा का जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा शुक्रवार को निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा बियाडा परिसर में स्थापित औद्योगिक इकाइयों की स्थिति, कार्यप्रणाली तथा उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित उद्यमियों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं आकांक्षाओं से अवगत हुईं। उद्यमियों द्वारा अवगत कराई गई समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान हेतु जिला उद्योग केंद्र एवं बियाडा के संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान बियाडा परिसर में जल निकासी की समस्या को उद्यमियों द्वारा प्रमुख

समस्या के रूप में रेखांकित किया गया। इस पर संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी द्वारा बियाडा प्रभारी को जल निकासी हेतु नाला निर्माण का कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने के निर्देश दिए गए ताकि औद्योगिक इकाइयों को सुचारु रूप से संचालन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा बियाडा क्षेत्र में संचालित विभिन्न औद्योगिक इकाइयों का स्थलीय निरीक्षण भी किया गया, जिनमें स्टील अलमीरा निर्माता इकाई जेबा स्टील, नमकीन-भुजिया निर्माता इकाई एस. के. फूड प्रोडक्ट तथा प्लास्टिक बैग निर्माता इकाई बी. के. पॉलिटेक शामिल है। निरीक्षण के दौरान उत्पादन प्रक्रिया, श्रमिकों की स्थिति एवं सुरक्षा मानकों का अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी ने सभी उद्यमियों को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन औद्योगिक विकास एवं निवेश प्रोत्साहन हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उद्यमियों को आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा ताकि जिले में औद्योगिक गतिविधियों को और अधिक गति प्रदान की जा सके। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, सदर एसडीओ संतन कुमार सिंह, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक मोहम्मद अफ्फान, बियाडा के क्षेत्रीय प्रबंधक आफताब आलम एवं संबंधित अन्य पदाधिकारी ओर उद्यमी मौजूद रहे।

सूर्य राघव महोत्सव का भव्य आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। जिले के नवीनगर प्रखंड अंतर्गत बड़ेम स्थित सूर्य राघव मंदिर परिसर में शुक्रवार को सूर्य राघव महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। यह महोत्सव बिहार सरकार के कला, संस्कृति एवं युवा विभाग और औरंगाबाद जिला प्रशासन के संयुक्त देखरेख में आयोजित हुआ जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों और कला प्रेमियों की उपस्थिति रही। महोत्सव का संयुक्त रूप से उदघाटन नवीनगर विधायक चेतन आनंद, जिला पार्षद हरी राम, अपर समाहर्ता जय प्रकाश नारायण, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी पप्पू राज सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने किया। सभी अतिथियों को सूर्य राघव मंदिर का प्रतीक चिन्ह, पौधा और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। उद्घाटन के साथ ही बिहार गान की प्रस्तुति हुई, जिससे माहौल देशभक्ति और सांस्कृतिक भावनाओं से ओत-प्रोत हो

गया। इसके बाद दानिका समूह की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी अतिथियों का भावपूर्ण स्वागत किया। विधायक चेतन आनंद ने अपने संबोधन में कहा कि परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को संजोने में सरकार की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसे महोत्सवों के माध्यम से हमारी लोक संस्कृति को जीवंत बनाए रखने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और बिहार सरकार का आभार व्यक्त किया। स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि यहां के बच्चे संस्कृति और सभ्यता से जुड़े हुए हैं और उन्हें अपनी जड़ों से जुड़े रहना चाहिए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में तान्या मौर्य, सृष्टि लक्ष्मी, अंतरा घोष, सनोज सागर सहित अन्य कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। दानिका समूह की ओर से छठ गीत, झिझिया गीत और बारहमासा की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सनोज सागर ने हिंदी गीत सोचेंगे तुम्हें प्यार करें कि नहीं प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। स्कूल के बच्चों की प्रस्तुतियां भी सराहनीय रहीं।

पॉक्सो सहित अन्य मामलों में 13 आरोपित गये जेल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करते हुए पुलिस ने अपराध के विरुद्ध व्यापक और आक्रामक अभियान चलाया है। इस क्रम में पिछले 24 घंटे की कार्रवाई में 27 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार सभी आरोपित हत्या का प्रयास, शराब जैसे अन्य अपराधों से जुड़े हैं। इस विशेष अभियान का उद्देश्य अपराधियों के पूरे नेटवर्क को तोड़ना, नशा तस्करी पर रोक लगाना और आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 13 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। पॉक्सो एक्ट में एक, शराब कांड में 10 एवं अन्य शीर्ष कांड में 16 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 445 लीटर देसी, 09 लीटर विदेशी, 2 बाइक एवं 1 ट्रैक्टर, 100 सीएफटी बालू, 10 तसला बरामद किया गया है। इसके अलावा साईबर थाना की पुलिस द्वारा एक लाख 10 हजार रूपये बरामद किया गया है। वहीं 2000 लीटर महुआ घोल विनिष्ट किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 996 वाहनों की जांच की गई जिससे 57000 रूपये जुर्माना वसूला गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के अनुसार यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी ताकि अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके।

स्पोर्ट्स कंप्लेक्स के पूर्ण होने से स्वस्थ जीवनशैली को मिलेगा बढ़ावा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा शुक्रवार को देव प्रखंड अंतर्गत निर्माणाधीन स्पोर्ट्स कम्प्लेक्स के निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा परियोजना से संबंधित विभिन्न घटकों, प्रस्तावित संरचनाओं, उपलब्ध खेल सुविधाओं तथा निर्माण की प्रगति के संबंध में प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी जिलाधिकारी को प्रदान की गई। जिलाधिकारी द्वारा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में संचालित निर्माण कार्यों की भौतिक प्रगति, निर्माण गुणवत्ता, उपयोग में लाई जा रही निर्माण सामग्री, निर्धारित समय-सीमा, तथा स्थल पर उपलब्ध

आधारभूत एवं सहायक सुविधाओं का गहन निरीक्षण एवं मूल्यांकन किया गया। इस दौरान संबंधित पदाधिकारियों एवं कार्य एजेंसी से निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति के संबंध में विस्तृत जानकारी भी प्राप्त की गई। जिलाधिकारी द्वारा स्पष्ट निर्देश दिया गया कि स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण कार्य निर्धारित तकनीकी मानकों, गुणवत्ता विनिर्देशों तथा सुरक्षा मानकों के अनुरूप किया जाए एवं परियोजना को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्माण कार्यों में किसी भी स्तर पर गुणवत्ता से समझौता न किए जाने तथा नियमित पर्यवेक्षण सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के पूर्ण होने से जिले में आधुनिक खेल अवसंरचना का विकास होगा जिससे युवाओं को खेल गतिविधियों से जोड़ने, स्थानीय खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने तथा स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह परियोजना जिले में खेल संस्कृति को सुदृढ़ करने एवं सकारात्मक सामाजिक वातावरण के निर्माण में सहायक सिद्ध होगी। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह सहित संबंधित विभागों के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

शादी से इंकार करने के मामले में युवक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। हसपुरा पुलिस ने एक युवती को अपने प्रेम जाल में फंसा शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बना शादी से इंकार करने वाले आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान थाना क्षेत्र के पुरहरा गांव निवासी मनीत कुमार के रूप में की गई है। बताया जाता है कि एक युवती ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने तथा शादी से इंकार करने वाले युवक के खिलाफ गुरुवार को मामला दर्ज कराया। युवती का आरोप है कि शादी के नाम पर अपनी हवस का शिकार बनाने वाला युवक अब शादी से इंकार कर रहा है। मामला इतना आगे बढ़ गया कि दोनों के प्रेम प्रसंग की चर्चाएं मोहल्ले में होने लगी। बात युवती के परिजनों तक पहुंची। उन्होंने जब युवती से समूचे प्रकरण की जानकारी ली तो उसने युवक से शादी करने की बात बताई। इसके बाद परिजन भी स्वजातीय होने के नाते युवक के परिजनों से दोनों की शादी करने की बात की। मामला आगे बढ़ता तभी अचानक युवक ने युवती से शादी करने से इंकार कर दिया। यहीं से दोनों पक्षों के बीच तलवारे खींच गयीं। पीड़ित युवती परिजनों के साथ थाना पहुंची। उसने आरोपी युवक के खिलाफ शादी का झांसा देकर रेप करने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि दर्ज प्राथमिकी के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया।

आपसी भाईचारा व सामाजिक समरसता का पर्व है संक्रांति : राजेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम की ओर से औरंगाबाद जिला अंतर्गत कुटुंबा में पारंपरिक दही-चूड़ा सामूहिक भोज एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने उपस्थित कांग्रेसजनों एवं जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि मकर संक्रांति केवल एक पर्व नहीं बल्कि आपसी भाईचारे, समानता और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। दही-चूड़ा जैसे पारंपरिक भोज हमारी सांस्कृतिक एकता को मजबूत करते हैं और समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से

जन-जन के सुख-दुख में सहभागी रही है और आगे भी बिहार की जनता के हित, अधिकार और सम्मान के लिए संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को और मजबूत करने, जनता से निरंतर संवाद बनाए रखने तथा सामाजिक सद्भाव को कायम रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कांग्रेस नेताओं ने एक-दूसरे को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पर्व मनाया। इस अवसर पर पूर्व विधायक आनंद शंकर, जिला कार्यकारी अध्यक्ष महेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे।

डीएम ने किया खेल भवन एवं व्यायामशाला का निरीक्षण

औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)। शहर के गांधी मैदान स्थित खेल भवन-सह-व्यायाम शाला का जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने भवन की संरचना, सुरक्षा व्यवस्थाओं, खेल उपकरणों की स्थिति एवं व्यायाम शाला में चल रही गतिविधियों का समीक्षात्मक अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी खेल उपकरणों एवं व्यायाम सामग्री की समयबद्ध मरम्मत और रखरखाव सुनिश्चित किया जाए, ताकि नागरिकों और खिलाड़ियों को सुविधा एवं सुरक्षा दोनों प्रदान की जा सके। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को नियमित निरीक्षण और मॉनिटरिंग जारी रखने के निर्देश भी दिए।

शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न होगी एसआइ परीक्षा व सरस्वती पूजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। बिहार पुलिस सब इंस्पेक्टर परीक्षा एवं आगामी सरस्वती पूजा के दृष्टिगत सरकार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में जिले की विधि-व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य परीक्षा एवं पूजा के दौरान शांति, सुरक्षा तथा जनसामान्य के सुविधाजनक आवागमन को सुनिश्चित करना था। बैठक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल उपस्थित थे।

बैठक में परीक्षा केंद्रों एवं पूजा स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, संवेदनशील स्थलों की निगरानी, ट्रैफिक प्रबंधन, आपातकालीन प्रतिक्रिया टीमों की उपलब्धता तथा असामाजिक तत्वों पर सख्त नजर रखने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त परीक्षा और उत्सव के दौरान नागरिकों के सतत सहयोग एवं शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने पर विशेष ध्यान देने का मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा निर्धारित सभी सुरक्षा एवं सुविधा प्रबंधों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया ताकि परीक्षा एवं सरस्वती पूजा आयोजन सुचारु, शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके।

जलस्त्रोतों का संरक्षण पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में सहायक : अभिलाषा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। सदर प्रखंड अंतर्गत कनबेहरी गांव स्थित तालाब का जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण उक्त तालाब को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किए जाने की संभावनाओं के आकलन के उद्देश्य से किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा तालाब की वर्तमान भौतिक स्थिति, जल क्षेत्र का विस्तार, तालाब तक पहुंचने के लिए उपलब्ध संपर्क पथ, प्राकृतिक सौंदर्य तथा आसपास विद्यमान आधारभूत संरचनाओं का विस्तृत अवलोकन किया गया। साथ ही तालाब के सौंदर्यीकरण, स्वच्छता व्यवस्था, पर्यटक सुविधाओं के विकास एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित पहलुओं पर भी

विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा उप विकास आयुक्त को निर्देशित किया गया कि संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए तालाब को सुव्यवस्थित, आकर्षक एवं पर्यावद्यरण-अनुकूल पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने हेतु एक समग्र, व्यावहारिक एवं चरणबद्ध कार्ययोजना यथाशीघ्र तैयार की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रस्तावित योजना में स्थानीय लोगों की सहभागिता, रोजगार सृजन की संभावनाओं तथा क्षेत्रीय आर्थिक विकास को विशेष रूप से शामिल किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे जलस्त्रोतों का संरक्षण एवं विकास न केवल पर्यटन को बढ़ावा देने में सहायक होगा बल्कि इससे पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास को भी गति मिलेगी। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह सहित संबंधित विभागों के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

संपादक - कमल किशोर

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269

जनहित से जुड़े मामलों का करें निष्पादन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। विभिन्न वादों की सुनवाई समाहरणालय स्थित समाहर्ता न्यायालय में जिला दंडाधिकारी-सह-समाहर्ता अभिलाषा शर्मा द्वारा की गई। सुनवाई के क्रम में मुख्य रूप से जमाबंदी, रैयतीकरण, बेदखली, अतिक्रमण एवं आंगनबाड़ी से संबंधित मामलों पर प्रभावी विचार किया गया। जिला दंडाधिकारी ने प्रत्येक वाद में पक्षकारों की दलीलों को गंभीरतापूर्वक सुना और उपलब्ध अभिलेखों एवं तथ्यों के आधार पर आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला दंडाधिकारी ने न्यायालय में लंबित मामलों की स्थिति का समग्र आकलन किया। न्यायालय में कुल 25 वाद सुनवाई हेतु सूचीबद्ध थे, जिनमें से 21 वादों पर सुनवाई संपन्न हुई जिनमें जमाबंदी 7, अतिक्रमण 5, विविध 5, आंगनबाड़ी 2, बेदखली 1 एवं रैयतीकरण 1 वाद शामिल हैं। सुनवाई के उपरांत संबंधित वादों को अगली तिथि हेतु निर्धारित किया गया। इसके अतिरिक्त 9 नए प्रकरण दर्ज किए गए जिनमें जमाबंदी से संबंधित 5 और विविध 4 वाद शामिल हैं। जिला दंडाधिकारी ने न्यायालय में विचाराधीन प्रकरणों की अवधि, प्रकृति एवं प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए समयबद्ध और प्रभावी निस्तारण पर विशेष बल दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि न्यायालय में लंबित मामलों की नियमित समीक्षा सुनिश्चित की जाए। सबसे पुराने और जनहित से सीधे जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए। सभी मामलों की समय पर सूचीबद्धता सुनिश्चित की जाए ताकि अनावश्यक विलंब न हो। जिला दंडाधिकारी ने स्पष्ट किया कि न्यायालय में लंबित मामलों का शीघ्र, पारदर्शी और निष्पक्ष निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता है। आम नागरिकों को समय पर न्याय उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सतत प्रतिबद्धता है। सभी वादों की सुनवाई विधि-सम्मत प्रक्रिया के तहत पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ की जाएगी ताकि आमजन को त्वरित और प्रभावी न्याय प्राप्त हो सके।